राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन बीबीएल टीम से जुड़े, खिलाड़ी नहीं ...

अब चीन भी चांद के दक्षिणी ध्रुव पर जाने की तैयारी में, भारत से सहयोग ... 11

वर्ष : 11 | अंक : 106 | पटना, शनिवार, 26 अगस्त, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

चंद्रयान-3: इसरो ने प्रज्ञान रोवर के लैंडर से उतरकर चंद्रमा की सतह पर चलने का वीडियो किया जारी

प्रात : किरण

बेंगलुरु/एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 मिशन के रोवर प्रज्ञान के लैंडर विक्रम से बाहर निकलने और इसके चंद्रमा की सतह पर चलने का एक शानदार वीडियो शुक्रवार को जारी किया। यह वीडियो लैंडर के इमेजर कैमरे ने बनाया है। इसरो ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह वीडियो साझा करते हुए संदेश लिखा, और चंद्रयान-3 का रोवर, लैंडर से निकलकर इस तरह चंद्रमा की सतह पर चला। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने चंद्रयान-3 के लैंडर के चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने के बाद चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर हाई रेजोल्यूशन कैमरा (ओएचआरसी) से ली गई उसकी तस्वीर भी जारी की। इसरो ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, चंद्रयान-2 ऑर्बिटर ने चंद्रयान-3 लैंडर की तस्वीरें लीं। चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर हाई-रेजोल्यूशन कैमरा (ओएचआरसी) चंद्रमा की परिक्रमा कर रहे वर्तमान में मौजूद सभी कैमरों की अपेक्षा में सर्वश्रेष्ठ रेजोल्यूशन वाला कैमरा है। इसने 23 अगस्त 2023 को चांद की सतह पर उतरे चंद्रयान-3 लैंडर को कैमरे में कैद किया। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर को 2019 में प्रक्षेपित

किया गया था। यह अब भी चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगा रहा है। प्रज्ञान के साथ विक्रम बुधवार को अपने मकसद के लिए निर्धारित क्षेत्र के भीतर चंद्रमा की सतह पर उतरा था। चंद्रमा की सतह पर उतरने के कुछ घंटों बाद 26 किलोग्राम वजनी छह पहियों वाला रोवर, लैंडर से बाहर निकला। इसरो ने बृहस्पतिवार शाम कहा था, सभी गतिविधियां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी हैं। सभी प्रणालियां सामान्य हैं। लैंडर मॉड्यूल में मौजूद इल्सा (इंस्ट्रूमेंट फॉर लूनर सीस्मिक एक्टिविटी), रंभा (रेडियो एनाटॉमी ऑफ मून बाउंड हाइपरसेंसिटिव आयनोस्फियर एंड एटमॉस्फियर) और चेस्ट आज चालू हो गए। रोवर ने चलना शुरू कर दिया है। प्रोपल्शन मॉड्यूल में मौजूद शेप (स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्री ऑफ हैबिटेबल प्लैनेट अर्थ) पेलोड का संचालन रविवार को शुरू हो गया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को अंतरिक्ष क्षेत्र में एक नया इतिहास रचते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान से लैस लैंडर मॉड्यूल की सॉफ्ट लैंडिग कराने में सफलता हासिल की। भारतीय समयानुसार शाम करीब छह बजकर चार मिनट पर इसने चांद की सतह को छुआ। इसके साथ ही भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश तथा चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया।

जाति आधारित सर्वेक्षण का काम पूरा, आंकड़ा किया जा रहा तैयार : नीतीश

बोलें- सब कुछ तैयार होने पर घोषित की जाएगी रिपोर्ट

प्रात : किरण

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य में जाति आधारित सर्वेक्षण का काम पूरा कर लिया गया है और अब आंकड़ा तैयार किया जा रहा है। जब सबकुछ तैयार हो जाएगा तो फिर रिपोर्ट घोषित की जाएगी, इसमें कहीं कोई दिक्कत नहीं है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बी पी मंडल के जयंती समारोह में शामिल होने के बाद मीडिया से मुखातिब हुए। मुख्यमंत्री ने विपक्ष द्वारा जाति आधारित गणना का आंकड़ा सर्वाजनिक करने की मांग से संबंधित पत्रकारों द्वारा पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वे का काम पूरा हो चुका है, अब उसके आगे एक-एक चीज को देखा जा रहा है। आंकड़ा तैयार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जाति आधारित सर्वेक्षण समाज के सभी तबकों के लिए लाभकारी होगा। यह कोई निजी कार्यक्रम नहीं था। सभी पार्टियों की मीटिंग के बाद ही हमने यह कार्यक्रम तय किया था। इसमें सभी जातियों की गणना के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति का भी पता चल जाएगा, चाहे वे किसी भी जाति के हों, अपर कास्ट के हों, पिछडे हों, अति पिछड़े हों या अनुसचित जाति-जनजाति के हों। सभी जातियों की आर्थिक स्थिति का जायजा लेना जरूरी है ये हमलोगों ने तय कर दिया है। किस जाति में कितनी उपजातियां हैं उनकी आबादी कितनी है और उनकी आर्थिक स्थिति क्या है, जाति आधारित गणना से ये सारा कुछ पता चल जाएगा। पहले कोई गांव में रहता था लेकिन अब अगर वो दूसरी जगह चला गया है तो उसकी वास्तविक स्थिति क्या है, सर्वे करनेवाले को ये सब अध्ययन करके रिपोर्ट देनी है। इसी से सभी जातियों की वास्तविक स्थिति का पता चलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाईकोर्ट के ऑर्डर के बाद ही जाति आधारित गणना का सारा काम हो रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने भी सर्वे के काम को रोका नहीं है। इस सर्वे में मुख्य बात है कि सबकी आर्थिक स्थिति का भी पता चल जाएगा। केवल जातियों की संख्या घोषित करने के लिए ये सर्वे नहीं करवाया जा रहा है। सारी चीजें बहुत अच्छे ढंग से हो रही है। वर्ष 2021 में ही सभी पार्टियों की सहमति से हमलोगों ने जाति आधारित गणना का कार्यक्रम तय किया था। सबकुछ तय होने के बाद वर्ष 2022 में सर्वे का काम शुरू हो गया था। इसपर किसी को क्या ऑब्जेक्शन हो सकता है। सबकी सहमति से जो तय हुआ है वही काम करवाया जा रहा है।

सर्वे में जो लोग लगे हुए हैं वे काफी मेहनत से सारा काम कर रहे हैं। इसके लिए सरकार द्वारा जो गाइडलाइन दी गई है उसी के अनुसार सारा कुछ हो रहा है। देश में हर 10 साल पर जनगणना का काम होता था। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2011 में जाति आधारित जनगणना भी करायी गयी थी लेकिन फिर क्या हुआ, केंद्र सरकार द्वारा कुछ नहीं किया जा रहा है। आज वर्ष 2021 के बाद कितने साल बीत गए लेकिन जनगणना का कार्य नहीं हुआ है। कुछ लोग देश का इतिहास बदलने में लगे हुए हैं जो जरूरी काम है वो नहीं हो रहा। किसकी कितनी आबादी है और किसको कितना लाभ दिया जाएगा, ये सब जरूरी है जो नहीं किया जा रहा है जब बिहार में जाति आधारित गणना का काम हो जाएगा तो अन्य राज्य के लोग भी इसको देखेंगे। कई राज्य अपने स्तर से जाति आधारित गणना को कराना चाहते हैं। बिहार इसका एक मॉडल बनेगा ये काम सबके हित में होगा।

सबलोगों की जो राय होगी उसी पर काम किया जाएगा : राजद सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के अलग-अलग राज्यों के लिये अलग-अलग संयोजक बनाने को लेकर दिये गये बयान को लेकर पत्रकारों द्वारा किये गये सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मीडिया में इस तरह के सवालों का जवाब देना ठीक नहीं है। मीटिंग में सबलोगों की जो राय होगी वो आपलोगों को बता दी जाएगी। पहले भी हमने ही आपलोगों को सब बात बताई है। हम चाहते हैं कि सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट हों। आगे भी इस काम को तेजी से करने के लिए हम सभी पार्टियों को कहेंगे। सबलोगों की जो राय होगी उसी पर काम किया जाएगा। विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने और मुंबई जाने के पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले तो हमने पटना से ही इस काम की शुरूआत की थी। विपक्षी पार्टियों की पहली बैठक यहीं पर हुई दूसरी बैठक बेंगलुरू में हुई और अब तीसरी बैठक मुंबई में होने जा रही है। इसमें हमलोग इसी महीने 31 तारीख को भाग लेने मुंबई जाएंगे। एक सितंबर को वहां पर विपक्षी पार्टियों की मीटिंग होगी।

राजद प्रमुख को जानबूझकर तंग किया जा रहा : पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद की जमानत रद करने को लेकर सीबीआई द्वारा सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनको जानबूझकर तंग किया जा रहा है। सीबीआई किसी को नहीं छोड़ रही है, सबको तंग किया जा रहा है।

शिक्षकों की बहुत अच्छे ढंग से हो री बहाली : शिक्षक प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थियों को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों की बहुत अच्छे ढंग से बहाली हो रही है। हम तो 15 अगस्त को भी घोषणा किए हैं। हम सबके हित में काम कर रहे हैं। बच्चे-बच्चियों की पढ़ाई ठीक ढंग से हो इसके लिए भी हमलोग काम कर रहे हैं। कहीं कोई दिक्कत नहीं है। हमलोग पढ़ाई के पक्ष में हैं। राज्य सरकार सारे काम के लिए मदद करती है।

राजभवन से कोई दिक्कत नहीं : राजभवन से टकराव के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं कोई दिक्कत नहीं है। सबकुछ अच्छे ढंग से हो रहा है। हमलोग मिल-जुलकर सारा काम कर रहे हैं।

राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने पूर्व बी पी मंडल की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण

पटना। पूर्व मुख्यमंत्री स्व बी पी मंडल की जयंती के अवसर पर उनके आदमकद प्रतिमा पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पटना के देशरत्न मार्ग एवं सर्कुलर पथ चौराहा स्थित आदमकद प्रतिमा के समीप जयंती के मौके पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, जल संसाधन सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, विधि मंत्री शमीम अहमद, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री रत्नेश सादा, विधायक सतीश कुमार, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री स्व बी पी मंडल की सुपुत्री वीणा मंडल, पूर्व मुख्यमंत्री स्व बी पी मंडल के पौत्र डॉ मनीष मंडल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, आयुक्त पटना प्रमंडल कुमार रवि, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह, बिहार राज्य खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य नंदकिशोर कुशवाहा, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पूर्व मुख्यमंत्री स्व बी पी मंडल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन-कीर्तन एवं बिहार गीत का गायन किया गया।

संक्षिप्त खबरें

वज्रपात से 04 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

पटना। वज्रपात से कल देर शाम सहरसा में 02, मुंगेर में 01 एवं छपरा में 01 व्यक्ति की हुयी मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने अविलंब मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

ईडी का समन रद्द करने की गुहार लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे मुख्यमंत्री सोरेन

नई दिल्ली। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देते हुए उसे रद्द करने की गुहार लगाई। श्री सोरेन ने अपनी याचिका में ईडी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह समन उनकी छवि, लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई झारखंड सरकार और वहां के लोगों की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास है। उन्होंने अन्य प्रार्थनाओं के अलावा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद्द करने की मांग की। ईडी ने श्री सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए दो बार बुलाया था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। ईडी राज्य में मनी लॉन्ड्रिंग के दो बड़े मामलों की जांच कर रही है। पहला मामला राज्य में अवैध खनन से जुड़ा है। एजेंसी ने पिछले साल 17 नवंबर को खनन मामले में श्री सोरेन से पूछताछ की थी। दूसरा मामला राज्य की राजधानी रांची में कथित भूमि घोटाले से संबंधित है।

मोदी यूनान के ग्रैंड क्रॉस ऑफ द आर्डर ऑप ऑनर से सम्मनित

एथेंस/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज यहां यूनान के शीर्ष नागरिक सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। एथेंस में राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार को यूनान के राष्ट्रपति कैटरीना एन. साकेलारोपूलू ने श्री मोदी को इस पुरस्कार से अलंकृत किया। श्री मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले विदेशी शासनाध्यक्ष हैं। प्रधानमंत्री ने भारत के लोगों की ओर से इस विशेष सम्मान के लिए राष्ट्रपति साकेलारोपूलू, यूनान की सरकार और लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि वह यह भारत के 140 करोड़ नागरिकों की ओर से ग्रहण कर रहे हैं। पीएम ने एथेंस में गुमनाम सैनिक के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की : प्रधानमंत्री ने यूनान एक दिवसीय यात्रा के दौरान शुक्रवार को यहां गुमनाम सैनिक के मकबरे पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) की तीन दिन की यात्रा के बाद वहां से सुबह एथेंस पहुंचे। वह एथेंस में गुमनाम सैनिक के मकबरे पर गए और एक गरिमामय आयोजन के साथ स्मारक पर पुष्प-चक्र अर्पित किया। उन्होंने पुष्प अर्पित करने के बाद समारोह स्थल पर रस्मी सलामी गारद का निरीक्षण किया। श्री मोदी 1983 के बाद यूनान की यात्रा पर आने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं।

आर के सिंह ने की आरा रिंग रोड के कार्यो की समीक्षा

प्रात : किरण

आरा। आरा के सांसद सह केन्द्रीय मंत्री आर के सिंह गुरुवार को नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारीयों से मिले और आरा रिंग रोड के कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा में पतार से कायमनगर में जमीन अधिग्रहण में आ रही देरी को दूर करने के लिए जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिए। इससे रिंग रोड का कार्य जल्दी पूरा हो सकेगा। इसके साथ ही मंत्री ने पटना- बिहटा एलिवेटेड रोड की कार्य स्थिति की जानकारी ली और उससे सम्बंधित निर्देश दिए। इस रिंग रोड से जहाँ लोगों को जाम से रहत मिलेगी वहीँ भारी वाहन भी आसानी से शहर के बाहर-बाहर निकल जायेंगे।

आरा से नई ट्रेनों के परिचालन हेतु रेलवे के अधिकारियों की मुलाकात : आरा सांसद सह केन्द्रीय मंत्री आर के सिंह ने आरा और आस-पास के क्षेत्र के लोगों को रेल के माध्यम से राज्य और देश के अन्य प्रान्तों से जोड़ने के लिए गुरुवार को रेलवे के सम्बंधित उच्च अधिकारियों से मिले। मंत्री ने पटना-मडुआडीह जनशताब्दी एक्सप्रेस

के बिहिया में ठहराव तथा राजेंद्र नगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस, राजेन्द्र नगर-हावड़ा एक्सप्रेस, पटना हटिया पाटलिपुत्र एक्सप्रेस तथा दानापुर-टाटानगर (को आरा तक चलाने की संभावनाओं पर फिजिबिलिटी स्टडी करने का अनुरोध किया। उन्होंने आरा-धनबाद-जमशेदपुर के लिए एक नई ट्रेन शुरू करने के लिए फिजिबिलिटी स्टडी करने का निवेदन किया। आरा-सासराम रेलवे लाइन के दोहरीकरण को लेकर भी बात की। माननीय मंत्री जी ने अनुरोध किया कि आरा-रांची जो प्रति सप्ताह तीन दिन चलती है उसे प्रतिदिन चलाया जाये। अपने किये गए वादे के अनुसार हसन बाजार हाल्ट पर ट्रेनों के ठहराव की भी बात की। आरा- सासाराम रूट पर कसाप हाल्ट बनाने तथा वहां ट्रेनों के ठहराव के सम्बन्ध में भी प्रस्ताव दिया।

शरद पवार ने राकांपा में फूट से इनकार किया

पुणे (महाराष्ट्र)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी में कोई फूट नहीं है और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार पार्टी के नेता बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं ने अलग राजनीतिक रुख अपनाकर राकांपा छोड़ दी है, लेकिन इसे पार्टी में फूट नहीं कहा जा सकता। पवार ने पुणे जिले में अपने गृहनगर बारामती में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बात की। शरद पवार की बेटी और पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने एक दिन पहले कहा था कि अजित पवार पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक हैं। बारामती से लोकसभा सदस्य सुले ने अजित पवार के बारे में कहा था, अब, उन्होंने एक ऐसा रुख अपनाया है जो पार्टी के खिलाफ है और हमने विधानसभा अध्यक्ष को शिकायत दी है और उनकी प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। राकांपा में कोई फूट नहीं होने और अजित पवार के पार्टी नेता होने संबंधी सुले के बयान के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा, हां, इसमें कोई संशय नहीं है। उन्होंने कहा, कोई कैसे कह सकता है कि राकांपा में फूट है? इसमें कोई संशय नहीं है कि अजित पवार हमारी पार्टी के नेता हैं।

हाईडैम बनाने को लेकर गंभीर नहीं है केंद्र सरकार : संजय झा

प्रात : किरण

पटना। जल संसाधन मंत्री संजय झा ने केन्द्र सरकार पर बिहार में हाईडैम बनाने को लेकर गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को जदयू मुख्यालय में आयोजित सुनवाई कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से मुखातिब होते हुए मंत्री श्री झा ने कहा कि नेपाल में जब भी रिकॉर्ड बारिश होती है तब उसका सबसे अधिक प्रभाव बिहार में होता है, आज भी नेपाल में जबरदस्त बारिश हुई है और लगभग तीन लाख क्यूसेक पानी नेपाल की तरफ से छोड़ा गया है, विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। हाईडैम की मांग को लेकर हमनें कई बार केंद्र सरकार के समक्ष अपनी बात रखी है क्योंकि हाईडैम ही इस समस्या का एकमात्र समाधान है, पटना उच्च न्यायालय के द्वारा भी हाईडैम बनाने को लेकर ऑटोरिट गठित करने की बात कही गई मगर केंद्र सरकार न जाने बिहार से कौन सा दुश्मनी निकाल रही है। श्री झा ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बिहार के अंदर

जो भी काम करना है वो काम सरकार पुरी तत्परता से कर रही है, केंद्र सरकार से कहीं कोई सहयोग हमें नहीं मिला है। बिहार के हितों को अनदेखा कर फरक्का को निर्माण करवाया गया, गंगा नदी के किनारे बसे सभी शहरों पर हर वर्ष बाढ़ का खतरा रहता है। विपक्षी दलों की बैठक के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि दोनों बैठकों में सकारात्मक बातचीत हुई है और हमें विश्वास है कि मुंबई में आयोजित होने वाली तीसरी बैठक से इसके स्वरुप को लेकर कोइ ठोस नतीजा निकलेगा। आगे उन्होंने कहा कि किसी ने यह उम्मीद नहीं की थी सभी विपक्षी दल के नेता एक साथ आएंगे मगर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नामुकिन प्रतीत हो रहे मिशन को मुमकिन बनाया।

स्कॉर्पियो पलटने से पांच की मौत

प्रात : किरण

छपरा। सारण जिले में मशरक प्रखंड के बसंतपुर बगही में गुरुवार देर रात स्कॉर्पियो के अनियंत्रित होकर कर्कुदरिया नहर में गिर जाने से पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई। यह लोग श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी के शव बाहर निकाले। पुलिस के मुताबिक यह स्कॉर्पियो नहर में पुल से 20 फीट नीचे पानी में समा गई थी। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अशरफ अली की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतकों में चार लोग गोपालगंज जिले के और और एक सारण जिले का निवासी बताया जा रहा है। सभी लोग गोपालगंज के बैकुंठपुर से सीवान जिले के बसंतपुर स्थित बगही में एक श्राद्ध कार्यक्रम से लौट रहे थे। मृतकों में हमीदपुर पंचायत के सोनवलिया गांव के मुखिया के पिता और भतीजा भी शामिल हैं। मृतकों की पहचान गोपालगंज के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के सोनावलिया गांव निवासी दिनेश सिंह (60), लालबाबू साह (42), सुधीर कुमार (15) और एकडेरवा गांव निवासी 40 वर्षीय सूरज कुमार के रूप में हुई है। अन्य एक व्यक्ति की पहचान जिले के मशरख थाना क्षेत्र के पद्मपुर गांव निवासी रामचन्द्र साह (60) पिता रतन साह के रूप में हुई है।

बातचीत किरियाकोस मिचोताकिस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बोलें पीएम

भारत, यूनान आपसी सम्बन्धों को रणनीतिक भागीदारी का रूप देंगे: मोदी

प्रात : किरण

एथेंस/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक-दिवसीय यूनान यात्रा के दौरान दोनों देशों ने द्विपक्षीय सम्बन्धों को रणनीतिक भागीदारी के स्तर पर ले जाने का निर्णय किया है और रक्षा, उत्पादन तथा आतंकवाद और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के निश्चय के साथ 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य तय किया है। श्री मोदी ने यहां प्रधानमंत्री किरियाकोस मिचोताकिस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, प्रधानमंत्री किरियाकोस मिचोताकिस और मैंने आज भारत-यूनान भागीदारी को रणनीतिक भागीदारी के स्तर पर ले जाने का

निर्णय किया है। श्री मोदी दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद, आज ही यहां आए। वह प्रधानमंत्री श्री मिचोताकिस के निमंत्रण पर एथेंस की यात्रा पर हैं। वर्ष 1983 के बाद भारत का कोई प्रधानमंत्री पहली बार यूनान की यात्रा पर आया है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और यूनान ने अवसंरचना, कृषि, शिक्षा नई एवं उभरती प्रौद्योगिकी तथा कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाकर अपनी रणनीतिक भागीदारी को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने भारत और यूनान रक्षा तथा सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के साथ-साथ रक्षा उद्योग के क्षेत्र में भी परस्पर सहयोग बढ़ाने पर बल दिया है। श्री मोदी ने कहा, भारत, यूनान क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर एक-दूसरे की भावनाओं को समझते हैं और आदर करते हैं। उन्होंने बताया कि यूनान के प्रधानमंत्री के साथ उनकी बातचीत में आतंकवाद और साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुयी है। सुबह एथेंस पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया और उन्होंने अज्ञात सैनिकों के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद, उन्होंने मेजबान प्रधानमंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में भाग लिया। दोनों प्रधानमंत्री आज ही दिन में दोनों देशों के व्यवसायियों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे हैं।

40 सालों में ग्रीस की यात्रा करने वाले मोदी बने पहले भारतीय प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। शुक्रवार को एथेंस पहुंचते ही नरेंद्र मोदी 40 वर्षों में ग्रीस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधान मंत्री बन गए। यह मोदी की ग्रीस की पहली यात्रा भी है। एक्स पर प्रधान मंत्री ने कहा, एथेंस पहुंचा हूं। भारत-ग्रीस मित्रता को गहरा करने के मकसद से यह एक उपयोगी ग्रीस यात्रा होगी। मैं प्रधानमंत्री कैरियाकोस मितसोताकिस के साथ बातचीत करूंगा। साथ ही भारतीय समुदाय के लोगों के साथ भी बातचीत करूंगा। साथ ही एक ट्वीट में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि मोदी ने ह्लग्रीस की अपनी पहली यात्रा के लिए ऐतिहासिक शहर एथेंस में कदम रखा है। हवाई अड्डे पर वित्त मंत्री जॉर्ज गेरापेत्रिटिस ने गर्मजोशी से स्वागत कियाह्व। प्रधानमंत्री अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान व्यापारिक समुदाय, भारतीय प्रवासियों और प्रमुख हस्तियों के साथ भी बातचीत करेंगे।

संक्षिप्त खबरें

315 केवीए ट्रांसफार्मर की चोरी

फतुहा। बीते रात चोरों ने थाना क्षेत्र के जेठुली फोरलेन ग्रामीण पथ पर स्थित एक नये राइस मिल के परिसर में रखे ट्रांसफार्मर की चोरी कर ली। इस सन्दर्भ में नये राइस मिल के संस्थापक पटना दुजरा निवासी विकास दागा ने थाने में अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। विकास दागा की माने तो कुछ ही दिन बाद चावल मिल खुलने वाली थी। बिजली कनेक्शन के लिए परिसर में 315 केवी का ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। चोरों ने ट्रांसफार्मर के पुर्जे पुर्जे खोल लिए है तथा तेल भी निकाल लिये हैं। चोरों ने ट्रांसफार्मर को इतनी बुरी तरह से पुर्जे निकालकर चोरी किए हैं कि ट्रांसफार्मर सिर्फ एक डिब्बे के रुप में रह गया है। खाली ट्रांसफार्मर को चोरों ने फैक्ट्री के बगल स्थित एक खेत में फेंक दिया है। पीड़ित राइस मालिक विकास दागा के मुताबिक छह लाख रुपए की क्षति हुई है। शिकायत के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव के जन्मदिन पर रक्तदान आज

पटना सिटी (प्राकि)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री व पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के विधायक नंदकिशोर यादव का जन्मदिन शनिवार को अरोड़ा हाउस, हाजीगंज में मनाया जाएगा। महानगर प्रवक्ता राजेश साह ने बताया कि इस अवसर पर नंदकिशोर यादव फैंस एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इस मौके पर श्री यादव भी मौजूद रहेंगे। पटना साहिब की जनता, पार्टी कार्यकर्ता एवं विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा उनका अभिनंदन किया जाएगा।

घर में छापेमारी कर 32 सिम किया बरामद

पटना सिटी (प्राकि)। अगमकुआं थाना की पुलिस ने कुम्हरार स्थित एक मकान में छापेमारी किया। यहां से पुलिस ने मोबाइल का 32 सिम कार्ड बरामद किया है। पुलिस का मानना है कि यहां नकली दस्तावेज और धोखाधड़ी का धंधा चलाया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में राकेश कुमार राय को आरोपी बनाया है। पुलिस ने बताया कि यहां नकली दस्तावेज बनाने और लोगों के साथ धोखाधड़ी का धंधा चल रहा था। पुलिस ने कमरे से एक एयरटेल का सिम लगा हुआ डोंगल, पावर एडप्टर, केबल सहित अन्य उपकरण बरामद किया है। पुलिस को नामजद अभियुक्त का मोबाइल नंबर मिला है। इसके आधार पर आरोपी को पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस कहना है कि मोबाइल में अलग-अलग नंबरों का सिम कार्ड लगा कर लोगों से अनेक प्रकार से धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेजों को तैयार किए जाने की संभावना है।

मोबाइल झपट कर हुआ फरार

पटना सिटी (प्राकि)। आलमगंज थाना क्षेत्र के लालबंद टोली निवासी अंशु राज से उच्चकों ने मोबाइल झपटमारी कर लिया। पीड़ित ने बताया कि वह नानी के साथ घर की ओर जा रहे थे। इसी बीच दो बदमाश आगे बढ़ा और तेजी से मोबाइल झपट कर फरार हो गया। पीड़ित की सूचना पर आलमगंज थाना की पुलिस को दी है। हाल के दिनों में क्षेत्र में झपटमारी की घटना बढ़ गई है।

कोचिंग को निकला किशोर लापता, प्राथमिकी दर्ज

पटना सिटी (प्राकि)। चौक थाना क्षेत्र के चौकशिकारपुर नाला पर के रहने वाले 16 साल के आशीष कुमार घर से कोचिंग के लिए निकला। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। वह रहस्यमय तरीके लापता हो गया। पिता राजू चौधरी ने बताया कि 22 अगस्त को आशीष घर से कोचिंग के लिए निकला। इसके बाद घर वापस नहीं लौटा है। संभावित स्थानों पर खोजबीन किए जाने पर कुछ पता नहीं चला। इसके बाद सूचना चौक थाना की पुलिस को दी है। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

नक्से में सड़क, धरातल पर नरक

औरंगाबाद। औरंगाबाद के नगर परिषद क्षेत्र संख्या (वार्ड - 01) में जसोइया से पासवान चौक को जाने वाली मुख्य सड़क एक दो साल नहीं बल्कि पूरे 8 सालो से जर्जर हालत में है लेकिन इसके बावजूद भी इसका निर्माण नहीं कराया जा सका लोग किसी तरह दूसरे रास्ते का उपयोग करते आ रहें है और और हालत ऐसी बन चुकी है की दूसरा रास्ता बेला पंचायत जो धबौल से रामनगर होते कर्मा रोड से मिलती है उसमे भी बड़े बड़े गढ़े बन चुके है, ये रास्ता खराब होने के कारण इधर रह रहे तीन गांव धाबौल, मिसिरबिघा, जसोईया के लोगो को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रास्ता खराब होने के कारण न मुफासिल थाना का पेट्रोलिग आना पसंद करते है ना हीं टाउन थाना प्रशासन, थाना भी तभी आते हैं जब कोई घटना घटता है। काफी लोग नए नए घर बना कर रहने लगे है उनसे उनकी परेशानी जानने का प्रयास किया तो पता चला की किसी भी स्कूल का गाड़ी इधर नहीं आना चाहता है कोई आता भी है तो मोटी रकम लेता है इनका कहना है की इससे तो बेहतर हमारा गांव हीं है जहां सभी सुख सुविधा उपलब्ध है ।

कंगन घाट, तख्तश्री, बाललीला व पटना साहिब स्टेशन रूट का सौंदर्यीकरण

कंगन घाट में बनेगा मल्टी वाहन पार्किंग, बाड़े गली, हरिमंदिर गली व दीरापर होगा स्मार्ट रोड

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

केंद्र सरकार के अर्बन हाउसिंग डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के मंत्री हरदीप सिंह पुरी से दिल्ली में तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही मुलाकात किए थे। तब उन्होंने तख्तश्री पटना साहिब में चल रहे विकास कार्यों के बारे में उन्हें जानकारी देते हुए पटना कॉरिडोर के रूप में यहां भी काम करने का प्रस्ताव उन्हें दिया। तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी जी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को बताया कि जिस तरह से उज्जैन में महाकाल मंदिर, वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और अमृतसर में श्री गोल्डन टेंपल कॉरिडोर का काम हुआ और जिस तरीके से विकास और सौंदर्यीकरण का काम किया गया। इस तरीके से पटना कॉरिडोर का निर्माण और सौंदर्यीकरण का काम किया जाना चाहिए। श्री सोही के प्रस्ताव पर

श्री पुरी ने दिल्ली से दो लोगों की टीम को पटना साहिब भेजा। इसमें सचिन और शुभम शामिल थे। वह दोनों तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह, वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, भवन निर्माण के संयोजक सुमित सिंह कलसी के साथ बैठक की। इस दौरान किए जाने वाले काम पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि मरीन ड्राइव का एक फ्लैंक कंगन घाट में गिर रहा है, जो वाया चौक थाना अशोक राजपथ में मिलेगा। मगर यहां पर रास्ता संकरा होने से हमेशा जाम की स्थिति बनी रहेगी। दूसरा तख्तश्री परिसर के बजाए कंगन घाट में मल्टीलेवल वाहन पार्किंग बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही हरिमंदिर गली, बाड़े की गली के रास्ते का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण खासकर ड्रेनेज और पीने के पानी, स्ट्रीट लाइट, गुजरने वाले बिजली के तार, केबल तार आदि के बारे में चर्चा हुई। इसके अलावा मंगल तालाब चौराहा यानी त्रिमूर्ति चौक से गुरुद्वारा बाललीला के बीच के रास्ते को भी विकसित करने पर चर्चा हुई। यह सब काम अर्बन हाउसिंग डेवलपमेंट डिपार्टमेंट सीएसआर के तहत कराएगा। दो दिन के बाद फिर एक टीम आएगी और पूरा खाका खींचने का काम करेगी। इस टीम को 10 दिनों में रिपोर्ट बनाकर अर्बन हाउसिंग डेवलपमेंट डिपार्टमेंट को सुपुर्द कर देना है। इसके बाद स्वीकृत किए गए कार्य को छह माह में पूरा भी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। फिलहाल योजना में पटना साहिब स्टेशन से लेकर गुरुद्वारा बाललीला, तख्तश्री पटना साहिब और कंगन घाट के एरिया का विकास और सौंदर्यीकरण किया जाना है।

छोटी देवी स्थान मंदिर में श्रावणी पूजा का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत सावन के महीने में प्राचीन देवी मंदिरों में सालाना एवं खप्पर-डाली पूजा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जाता है। इस बार छोटी चमत्कारी देवी मंदिर कहे जाने वाले खगौल स्थित देवी मंदिर में माता की पूजा संपूर्ण विधि विधान से करते हुए खप्पर-डाली यात्रा निकाली गई। डाली खप्पर यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर छोटी खगौल से होते हुए पूरे खगौल में भ्रमण करते हुए मंदिर में आकर समाप्त हुआ। मंदिर में पहुंचे भगत पुजारी द्वारा मिट्टी के हांडी मे खौलते दूध में हाथ डालकर खीर बनाया जाता है। जहां पूजा करने पहुंचे भगत हाथ से ही खौलते खीर को निकाल कर प्रसाद के रूप मे बनाते है, जो भक्तों के बीच बांट दिया जाता है।मंदिर कमिटी के अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि पिछले कई वर्षों से छोटी खगौल देवी मंदिर में श्रावणी पूजा बहुत ही धूमधाम एवं उत्साह से विधि पूर्वक की जाती है। मान्यता है कि देवी माता की खप्पर डाली पूजा नगर को महामारी से बचाने के लिए की जाती है. इसमें शामिल भक्त माता से प्रार्थना करते हैं कि परिवार सहित समस्त नगर वासियों को सुख सुविधाएं प्रदान करते हुए उनके जीवन की हर प्रकार की विपत्ति से रक्षा करें। इस पूजा आयोजन मे प्रभु भगत, भरत नागवनसी , भारत राय, श्रवण अग्रवाल, भारत पोद्दार, अशोक नागवंशी नवीन कुमार सिन्हा, सुशील कुमार, संजय गुप्ता विकास अग्रवाल, राजू राज, अर्जुन गुप्ता, जयप्रकाश शाह, रोहित कुमार, चंदू प्रिंस समेत हजारो श्रद्धालुओं ने अपना भरपूर योगदान दिया।

गंगा नदी में तैरता मिला श्री राम लिखा चौकोर पत्थर

युवाओं ने निकाला, दर्शन कर पूजा करने की मची है होड़

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

कहा जाता है कि मानो तो देव और नहीं तो पत्थर। यही आस्था का खेल देखने को मिल रहा है आलमगंज थाना क्षेत्र के राजा घाट में। दरअसल राजा घाट में चार लड़के गंगा नदी में स्नान कर रहे थे। अचानक से उनकी नजर पानी में तैर रहे पत्थर पर पड़ गई।

खेल-खेल में ही सभी एक-दूसरे की ओर उछलने लगे, तो वह भारी पत्थर पानी में डूबने के बजाय उपलाने लगता। इसे देखकर उन सबों को आश्चर्य हुआ और अंततः उसे पानी से बाहर निकाल लिया। इसके बाद तो इस चमत्कारिक और पानी में नहीं डूबने वाला पत्थर, जिसके एक ओर श्री राम लिखा है, देखने और उसकी पूजा करने के लिए भीड़ सी लग गई है। राजा घाट पर करन कुमार, सुजल कुमार, रितिक

कुमार और गौतम कुमार चारों 23 अगस्त को स्नान कर रहे थे। उस समय सुबह के 9.30 से 10 से रहा होगा। तभी एक पत्थर पानी में तैरता हुआ चला जा रहा था। तभी चारों में से एक ने उस पत्थर को अपनी और खींचा, तो देखा यह पत्थर भारी है। वह पानी में डूब नहीं रहा था। बाद में उसे निकाल कर सभी बाहर ले बाहर लाने के बाद सभी कौतूहल से एक-दूसरे को देखने लगे। पत्थर वजन में करीब 18 से 20 किलो के करीब है। इसे पास में स्थित शिव मंदिर में रखा गया। खासकर शुक्रवार से इसके दर्शन करने, छूने और फोटो खींचने के लिए लोगों में अफरा-तफरी सी मच गई है। लोग फूल माला और प्रसाद लेकर आ रहे हैं और उसे पत्थर पर चढ़ा कर पूजा भी कर रहे हैं। कोई धूपबत्ती जला रहा है, तो कोई कपूर की आरती कर रहा है। हालांकि इस चौकोर पत्थर को देखने पर यह पूरी तरह से पत्थर नहीं लगता है। हालांकि वजन में खासा भारी है, मगर ऊपर की ओर से देखने में सुरकी जैसा लग रहा है और ऊपर में दानेदार खुरखुरापन भी है। इस चौकोर पत्थर के एक और श्री राम खुदा है। अब लोगों की आस्था का केंद्र पानी में नहीं डूबने वाला पत्थर बना है। उत्साही युवा इस शिला (पत्थर) को रखने के लिए मंदिर निर्माण की बात भी कह रहे हैं। अब देखना है कि यह सब आगे क्या कर पाते हैं।

27 को अंग व नेत्र दान करने वालों का होगा सम्मान

पटना सिटी (प्राकि)। पाटलिपुत्र परिषद एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी पटना सिटी सिटी शाखा के तत्वावधान में 27 अगस्त (रविवार) को प्रथम भारतीय अंगदान दिवस एवं नवम अंतरराष्ट्रीय अंगदान दिवस पर सम्मान एवं संकल्प समारोह का आयोजन किया गया है। पाटलिपुत्र परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव ने बताया कि चौक स्थित जालान भवन में आयोजित समारोह का उद्घाटन पूर्व उपमुख्यमंत्री सह राजसभा सांसद सुशील कुमार मोदी, मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव एवं पद्मश्री बिमल कुमार जैन उपस्थित होंगे। रेडक्रॉस सोसायटी के पटना सिटी शाखा के चेयरमैन गोविंद कनोडिया ने बताया कि इस आयोजन में लगभग सौ ऐसे लोग, जिन्होंने नेत्रदान और अंगदान का संकल्प भरा है, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। पाटलिपुत्र परिषद कार्यालय में बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा एवं धन्यवाद ज्ञापन अवधेश कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष शिवप्रसाद मोदी, ललित अग्रवाल, संजय अग्रवाल, महावीर मोदी, राजेश शर्मा, जवाहर प्रसाद, कुमुद रंजन, भगवती प्रसाद मोदी आदि शामिल हुए।

बी पी मंडल को मिले भारत रत्न पूर्व सांसद डॉ. रंजन यादव

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत शुक्रवार को बेली रोड स्थित रंजन पथ में बीपी मंडल की 105वीं जयंती मनाई गई। इस समारोह के उद्घाटनकर्ता के रूप में पाटलिपुत्र के पूर्व सांसद एवं जनता दल (यू) के वरिष्ठ नेता प्रो.डॉ रंजन प्रसाद यादव मौजूद रहे। समारोह के उद्घाटन अवसर पर पूर्व सांसद ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन की धारा को निर्णायक मोड़ देने वाले महापुरुषों में मंडल आयोग के जनक बी. पी. मंडल का नाम अग्रणी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि संविधान की आत्मा के अनुरूप बी. पी. मंडल जी ने देश स्तर पर सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों का सर्वे कर एक ऐसी रिपोर्ट पेश की जिसे देश की संसद से लेकर उच्चतम न्यायलय की संविधान पीठ ने वैध करार दिया। यादव ने जयंती के अवसर पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वी. पी. सिंह जी को भी याद किया और मंडल आयोग की अनुशंसा के अलोक ने पिछड़े वर्ग के लिए नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने बी.पी मंडल को भारत रत्न देने की मांग भी रखी साथ ही बी.पी मंडल की जीवनी को विद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल करने की भी मांग की।

इंस्टाग्राम पर प्यार हुआ, फिर पटना से प्रेमी के पास चल दी लुधियाना

माता-पिता, बहनोई व भाइयों से जान का खतरा बता चंडीगढ़ हाईकोर्ट से मांगी सुरक्षा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के मंशा राम का अखाड़ा से निकिता श्रीवास्तव नामक छात्रा के गायब होने का मामला मेहंदीगंज थाना में दर्ज कराया गया था। परिजनों ने लड़की के साथ हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग भी दी थी, जिसमें कहा गया था कि उसे चार-पांच अन्य लड़कियों के द्वारा अंधेरे कमरे में बंद रखा गया है और किडनी बेचने की बात कह रहे हैं। दरअसल यह सब झूठा मामला था। मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के मंशाराम का अखाड़ा के रहने वाले बादल कुमार श्रीवास्तव की बेटी निकिता श्रीवास्तव ओरिएंटल कॉलेज से गायब हो गई थी। उसका सोशल मीडिया एवं टीवी चैनलों में लड़की का ऑडियो क्लिप वायरल हुआ था, जिसमें उसके द्वारा फोन पर बताया गया कि उसके साथ-साथ पांच-छह लड़कियों को एक अंधेरे कमरे में बंद रखा गया है और किडनी बेचने की बात की जा रही है। इस संबंध में मेहंदीगंज थाना में 31 जुलाई को कांड संख्या 146 दर्ज किया गया। कांड की गंभीरता और उद्भेदन के लिए सिटी एसपी ईस्ट के निर्देश पर टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा सीसीटीवी, सीडीआर एवं तकनीकी सेल की मदद से पता चला कि लड़की पंजाब के संगरूर जिला में रह रही है। सिटी एसपी के निर्देश पर

टीम को पंजाब भेजा गया। वहां अनुसंधान के दौरान पता चला कि लड़की गुरु प्रताप सिंह पिता ओम प्रकाश सिंह, जो संगरूर जिला के खनोरी थाना के खनोरी वार्ड नंबर 3 में रहते हैं, के साथ लीव इन रिलेशनशिप में रह रही है। लड़की के द्वारा चंडीगढ़ हाईकोर्ट में अपने माता-पिता के खिलाफ अपनी जान की सुरक्षा को लेकर रिट दायर की गई है, जिसका नंबर सीआरडब्ल्यूपी 7783/23 है। टीम के द्वारा अपहृता को बरामद करते हुए मुनक के एसडीजेएम के समक्ष धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराया गया। अपने बयान में निकिता ने बताया कि उसकी उम्र 18 वर्ष है। उसके पिता का नाम बादल कुमार श्रीवास्तव है, जो ऑटो चलते हैं और माता गृहिणी है। उसने 12वीं कक्षा की पढ़ाई शुरू की थी और बाद में पढ़ाई छोड़ दी। उसकी तथा गुरु प्रताप के साथ इंस्टाग्राम पर परिचय हुई थी। इसके बाद हम दोनों लीव इन रिलेशन में रहने का फैसला कर लिए हैं। हम दोनों का फोन पर बातचीत होती रहती थी। वह दो अगस्त को अपनी मर्जी से गुरु प्रताप के साथ रहने के लिए आ गई थी और अपनी मर्जी से अपना घर छोड़कर बिना किसी दबाव के गुरु प्रताप के साथ रहने का फैसला कर ली थी। उसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है। वह और गुरु प्रताप अपनी मर्जी से चंडीगढ़ में लीव इन रिलेशन में रह रहे हैं। उसके पिता द्वारा पटना के मेहंदीगंज थाना में दर्ज कराई गई शिकायत वेबुनियाद और गलत है। वह गुरु प्रताप के साथ ही रहना चाहती है। उसके ऊपर किसी तरह का कोई दबाव नहीं है। छापामारी टीम में मेहंदीगंज के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, एसआई रामनाथ चौहान, पीएसआई उत्तम सिंह, कुमार प्रजापति और सृष्टि कांत शामिल थे। दरअसल निकिता पूरे योजनाबद्ध तरीके से अपने घर से प्रेमी के साथ जाने के लिए योजना बना चुकी थी। वह पहले से ही अपने मोबाइल में वॉइस रिकॉर्डिंग कर ली थी। जब भी उसके परिवार वाले फोन करते, वह उसे प्ले कर देती थी और परिजन परेशान हो जाते थे। दरअसल निकिता की मंशा पुलिस को दिग्भ्रमित करना था। दोनों ओरिएंटल कॉलेज से नवाब बहादुर रोड पहुंचे और यहां से एक बुर्का खरीदा। उसे पहन यहां से ऑटो की मदद से पटना जंक्शन गए। पटना जंक्शन से आरा गए। आरा से फिर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन गए। यहां से हावड़ा-अमृतसर ट्रेन पकड़ कर लुधियाना उतरी। एक अगस्त को दिन में ही गुरु प्रसाद एमके बंसल होटल में कमरा बुक कर रखा था। दो अगस्त को छह बजे दोनों मिले। क्योंकि होटल में प्रवेश का और निकलने का फुटेज भी पुलिस को मिल चुका था। दोनों तीन दिनों तक चंडीगढ़ में रहे। इसके बाद सात अगस्त को चंडीगढ़ हाईकोर्ट में परिवार के लोगों खासकर मां, पिता, बहनोई, चचेरा भाई आदि से जान का खतरा बताया। इसके बाद कोर्ट ने संगरूर जिला के एसपी और संबंधित थाना अध्यक्ष को दोनों को सुरक्षा मुहैया कराने और बाहर नहीं जाने देने का आदेश दिया। यही कारण रहा कि पुलिस निकिता को अपने साथ पटना लेकर नहीं आ पाई। उसका 164 के तहत वहीं मुनका कोर्ट में बयान दर्ज कराया गया।

जिला जज से मनोनीत सदस्य नई कमेटी की बैठक भाग लेंगे, कोरम पूरा नहीं

प्रात :किरण संवाददाता

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने 25 अगस्त को पत्र जारी कर तख्तश्री कमेटी के महासचिव से तैयार की गई मतदाता सूची को प्रबंधक कमेटी की बैठक से पारित करने के लिए आम सहमति बनाने और उपविधि के प्रावधानों के अनुरूप प्रबंधक कमेटी से अनुमोदित मतदाता सूची चार सितंबर तक प्राधिकार को उपलब्ध कराने को कहा है। निर्वाचन प्राधिकार के परामर्शी कुमार शांत रक्षित ने 25 अगस्त को पत्रांक 1682 जारी किया है। इसमें प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब की मतदाता सूची के संबंध में कहा गया है कि 4 अगस्त, 23 के पत्रांक तपस/3/27/23 के द्वारा पांच निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची

उपलब्ध कराई गई थी। इसमें उल्लेख किया गया था कि मतदाता सूची चार अगस्त को प्रबंधक कमेटी की बैठक में पारित किया गया है। उक्त बैठक की कार्यवाही की प्रति भी प्राधिकार को प्राप्त है। इसके अवलोकन से पता चला कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पटना सह संरक्षक तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के द्वारा मनोनीत दो सदस्य सरदार रणजीत सिंह कालरा एवं सरदार रणजीत सिंह (आरएस

- चुनाव प्राधिकार ने पत्र भेजकर 4 सितंबर तक मांगा कमेटी से स्वीकृत वोटर लिस्ट

जीत) भी उक्त बैठक में शामिल थे। नए मनोनीत सदस्यों की उपस्थिति के साथ बैठक में कोरम पूरा किया गया है। इस संदर्भ में प्राधिकार के द्वारा 11 अगस्त को पत्रांक 1585 के द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश पटना से जानकारी मांगी गई थी कि नए मनोनीत सदस्यों का कार्यकाल कब से माना जाएगा? मतदाता सूची निर्माण, दावा-आपत्ति के निष्पादन से संबंधित कार्य के लिए प्रबंधक कमेटी की बैठक 4 अगस्त, 23 में नए मनोनीत सदस्य भाग लेने के पात्र हैं अथवा नहीं। इस पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा 17 अगस्त को पत्रांक 230 के द्वारा प्राधिकार को अवगत कराया गया कि तीन व्यक्ति तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के लिए 17 जून, 23 को लेटर नंबर 112 के द्वारा तीन सदस्य मनोनीत किए गए हैं। यह नई कमेटी के साथ काम करेंगे। इस प्रकार नए मनोनीत सदस्यों की उपस्थिति में चार अगस्त, 23 की बैठक का कोरम पूरा नहीं माना जा सकता है। एक बार फिर महासचिव से अनुरोध किया गया है की दावा-आपत्तियों के निष्पादन के बाद तैयार की गई मतदाता सूची को प्रबंधक कमेटी से पारित करने के लिए आम सहमति बनाई जाए और उपविधि के प्रावधानों के अनुरूप प्रबंधक कमेटी से अनुमोदित मतदाता सूची चार सितंबर तक प्राधिकार को उपलब्ध करा दिया जाए।

जी- 20 के अंतर्गत आकाशवाणी द्वारा प्रायोजित ' संगोष्ठी सह स्टूडेंट कॉन्क्लेव ' का आयोजन हुआ

छपरा। जी- 20 के अंतर्गत आकाशवाणी द्वारा प्रायोजित ' संगोष्ठी सह स्टूडेंट कॉन्क्लेव ' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. फारूक अली, कार्यक्रम प्रमुख राजकुमार नाहर , आकाशवाणी के कार्यक्रम अधिशासी श्रीनिवास सहाय एवं प्रसारण अधिशासी हरेंद्र आजाद ने सम्मिलित रूप से कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं लोकनायक जयप्रकाश जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया ।संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वैद्यनाथ मिश्र ने दीप मंत्र के सस्वर उच्चारण से वातावरण को भावपूर्ण बनाया । मुख्य अतिथि आकाशवाणी कार्यक्रम प्रभारी आदरणीय राजकुमार नाहर जी ने आकाशवाणी परिवार की ओर से स्वागत उद्बोधन के साथ जी 20 के उद्देश्य ,महत्व एवं विषय आधारित संगोष्ठी के स्वरूप पर प्रकाश डाला । माननीय कुलपति प्रोफेसर फारूक अली ने उपस्थित विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए प्रदत्त विषय ' नई शिक्षा नीति' के मुख्य बिंदुओं से अवगत कराया ।उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति किस प्रकार सभी वर्ग के विद्यार्थियों के चतुर्दिक विकास की दृष्टि से उपयोगी है ।आकाशवाणी ने विभिन्न अन्य विषयों यथा - ' संस्कृति अतुल्य भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था व्यापार और निवेश ' जैसे विषयों पर विद्वानों के वक्तव्य आमंत्रित किए ।हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनीता ने ' संस्कृति अतुल्य भारत ' विषय पर व्याख्यान दिया ।उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा अतुल्य भारत योजना वैश्विक पटल पर भारत के स्वर्णिम इतिहास , स्वर्णिम छवि ,को प्रकाशित करने के उद्देश्य से निर्मित है। इतना ही नहीं इसके माध्यम से आर्थिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों को भी प्रोन्नत एवं समृद्ध करना महती उद्देश्य है। पर्यटन विभाग की यह योजना एक साथ ही प्रगति ,प्रोन्नति एवं समृद्धि की अनेकानेक संभावनाओं से जुड़ी है। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने ' डिजिटल अर्थव्यवस्था ' विषय पर बोलते हुए बताया कि विविध संकटों एवं परिस्थितियों में भी डिजिटल अर्थव्यवस्था ने भारत को सुदृढ़ बनाये रखा है ।

अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय बैठक रविवार को

पटना। अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय बैठक रविवार को पटना के बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स में आयोजित होगा। मारवाड़ी समाज के लोग जिस भी देश और प्रदेश में रहते हैं वहाँ के स्थानीय लोगों की भलाई और राज्य एवं राष्ट्र के विकास के लिए कार्य करना अपना प्राथमिक कर्तव्य समझते हैं। इसी भावना को मजबूत करने और मारवाड़ी समाज के लोगों को सक्रिय करने के दृष्टिकोण से विगत अस्सी वर्षों से जन सेवा समाज सुधार और राष्ट्रीय एकता के कार्यों में संलग्न अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक यहां होने जा रही है। इस बैठक में बिहार के अलावा उड़ीसा बंगाल असम आंध्र प्रदेश झारखंड कर्नाटक उत्तराखंड मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ आदि अनेक राज्यों से लगभग सौ प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इस बैठक में अब तक के किए गए कार्यों की समीक्षा और आगामी अवधि के लिए योजनाओं का निर्धारण किया जाएगा। बैठक अध्यक्षता अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया और संचालन महामंत्री कैलाशपति तोदी करेंगे। सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्मल कुमार झुनझुनवाला राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेश जालान मारवाड़ी फाउंडेशन के ट्रस्टी विनोद तोदी बिहार प्रदेश अध्यक्ष युगल किशोर अग्रवाल कमल नोपानी सुषमा अग्रवाल पवन सुरेका आदि बैठक में भाग लेंगे। इस राष्ट्र स्तरीय बैठक के आयोजन की पूरी जिम्मेदारी बिहार प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की पटना नगर शाखा द्वारा किया जा रहा है। इस बैठक में बिहार से जुड़ी विशेष योजनाओं की घोषणा होने की भी संभावना है।

बिहार में हत्याएं की श्रृंखला बन गई है : चिराग

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एक बार फिर कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला है। शुक्रवार को पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि आए दिन आम बिहारी की हत्या हो रही है। बिहार में हत्याएं की श्रृंखला बन गई है। आगे श्री चिराग ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। चिराग ने आगे कहा कि हर किसी का जान कीमती होता है, ऐसे में केंद्रीय मंत्री को इस तरह से धमकी मिलना बेहद चिंता का विषय है। चाचा की जान से मारने की धमकी मिलने पर मीडिया कर्मी से बात करते हुए कहा कि जिन्होंने भी यह धमकी दिया है, यह गंभीर विषय है और इसका गंभीरता से जांच होनी चाहिए। मैं ना सिर्फ बिहार सरकार बल्कि केंद्र सरकार से भी आग्रह करता हूं कि उनकी सुरक्षा के लिए जितने उचित कदम उठाए जाने की जरूरत है, जरूर उठाया जाए। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दी।

अब तक पिछड़ा, अति पिछड़ा समाज की हालत में नहीं आया सुधार : आकाश

पटना। पिछड़े-अति पिछड़े और वंचितों को उचित राजनीतिक और आर्थिक हिस्सेदारी के साथ आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर शुक्रवार को बापू सभागार में बहुजन समाज पार्टी का एक दिवसीय पिछड़ा, अति पिछड़ा अधिकार सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बहुजन समाज पार्टी के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी आकाश आनंद ने बिहार के नेताओं और कार्यकताओं में जोश भरा। इस अवसर पर पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी गौतम, बिहार के राष्ट्रीय प्रदेश प्रभारी लाल मेघांकर, एडवोकेट सुरेश राव और बिहार प्रभारी अनिल कुमार मौजूद रहे। पिछड़ा अति पिछड़ा अधिकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए आकाश आनंद ने कहा कि बिहार में पिछड़ा अति पिछड़ा समाज 33 साल पहले की तरह हाशिये पर है, जबकि विगत 33 सालों से यहाँ शासन की कामन पिछड़ों के हाथ में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। सम्मेलन को बिहार प्रभारी अनिल कुमार ने भी संबोधित किया और कहा कि साल 2024 के लोक सभा चुनाव में बहन मायावती को मजबूत करने के लिए बिहार

जयंती पर याद किये गये बीपी मंडल, राजनीतिक दलों के कार्यालयों में दी गई श्रद्धांजलि

बीपी मंडल ने सामाजिक न्याय को किया स्थापित : नीतीश

●बीपी मंडल के सपनों को तिलांजलि दे रही भाजपा : ललन

●पिछडों एवं दलितों के हितों पर चोट करने में लगी भाजपा : उमेश

पटना। शुक्रवार को जनता दल यू मुख्यालय में पिछडों के नायक कहे जाने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की जयंती समारोह मनाई गई। समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह ललन, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, मंत्री संजय झा, मंत्री सुमित कुमार सिंह एवं जहानाबाद के सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने शामिल होकर पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बीपी मंडल ने देशभर में सामाजिक न्याय स्थापित करने काम किया है। पिछडों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए उनका योगदान आने वाली पीढियां सदैव याद रखेंगी। आज बीपी मंडल जयंती के अवसर पर हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह ललन ने कहा कि बिहार में सामाजिक न्याय की सरकार बीपी मंडल आदर्शों पर चलकर समाज के शोषितों, वंचितों और पिछडों के बेहतरी के लिए समर्पित है। जातीय गणना कराने की सोच उसी समर्पण का एक प्रतिफल है मगर भाजपा अपने घृणित मानसिकता से बीपी मंडल के सपनों को तिलांजलि दे रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि बीपी मंडल ने समाज के उपेक्षित व वंचित वर्गों को संवैधानिक ताकत देकर उन्हे सशक्त बनाने का काम किया मगर भाजपा की केंद्र सरकार लगातार पिछडों एवं दलितों के हितों पर चोट कर रही है। 2024 में भाजपा सत्ता में आई तो दलित एवं पिछडों/अतिपिछड़ों का आरक्षण खत्म कर देगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य सचेतक, बिहार विधान परिषद् सह सविप संजय कुमार सिंह गांधी जी, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री लक्ष्मेश्वर राय, पूर्व मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा, अजीत चैधरी, डॉ निहोरा प्रसाद यादव, अरुण कुमार सिंह, वासुदेव कुशवाहा, मनीष कुमार, रणविजय कुमार, नन्दकिशोर कुशवाहा, ओमप्रकाश सिंह सेतु, अरविंद कुमार उर्फ छोटू सिंह, मालती सिंह, विनीता स्टैफी, मुकेश पटेल, राहुल खंडेलवाल सरिता नटराजन, नेहा निसार सैफी, रीना चैधरी, अंजुम आरा, अभिषेक झा, डॉ सुनील कुमार सिंह, अनुप्रिया, राम चरित्र प्रसाद, डॉ अमरदीप, नीतीश पटेल, श्वेता विश्वास, धनजी प्रसाद, डॉ धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, आनंद मोहन, संतोष कुशवाहा, शिव शंकर निषाद, बंटी चंद्रवंशी, मुन्ना चैधरी, राजकिशोर सिंह कक्कू, राजकुमारी विभु, अवधेश कुमार समेत पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण मौजूद थे।

पिछड़ों के उत्थान में बी पी मंडल का बड़ा योगदान : जगदानन्द

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में शुक्रवार को महान समाजवादी नेता, पूर्व मुख्यमंत्री एवं मंडल आयोग के पूर्व अध्यक्ष स्व बिन्देश्वरी प्रसाद मंडल की जयन्ती पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर स्व मंडल जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर जगदानन्द सिंह ने कहा कि देश में जब भी सामाजिक परिवर्तन की बात होगी स्व मंडल का नाम गर्व से लिया जायेगा। देश और समाज उन्हें वंचितों का सच्चे हितैषी के रूप में हमेशा याद रखेगा। साथ ही उन्होंने हमेशा पिछड़े, दलित एवं अकलियत समाज के उत्थान की लड़ाई लड़ते रहे। देश में पिछड़े और दलित जातियों का अध्ययन कर जो रिपोर्ट भारत सरकार को सौंपा गया उसे मंडल आयोग के नाम से जाना गया। तदुपरान्त उसी मंडल आयोग की रिपोर्ट को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व वी पी सिंह ने 1990 के दशक में लागू कर दिया और पिछड़ों को सत्ता एवं नौकरी में इसके बाद अधिकाधिक भागीदारी मिली। श्री सिंह ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के पुरोधा बीपी मंडल के द्वारा जो पिछड़ों के आरक्षण के लिए अनुशंसा की गई थी उसी का परिणाम रहा की आज पूरे भारत वर्ष में पिछड़ा वाद की राजनीति को बल मिला। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, बीनू यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधायक विजय मंडल, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रवक्ता एजाज अहमद, मृत्युंजय तिवारी, सारिका पासवान, प्रदेश महासचिव डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, बल्ली यादव, फैयाज आलम कमाल, निराला यादव, मदन शर्मा, खुर्शीद आलम सिद्दिकी, भाई अरूण कुमार, विनोद यादव, संजय यादव, चन्देश्वर प्रसाद सिंह, कमलेश ठाकुर, अर्चना यादव, शोभा पासवान सहित अन्य गणमान्य लोगों ने स्व बी पी मंडल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

बी पी मंडल ने गरीबों के लिए आवाज उठाने का किया काम : कांग्रेस

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग द्वारा शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में पूर्व मुख्यमंत्री स्व बीपी मंडल की जयंती मनायी गयी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अनुराग चंदन ने किया। अखिल भारतीय कांग्रेस ओबीसी विभाग के बिहार प्रभारी अरूण यादव ने कहा कि स्व बी पी मंडल कांग्रेस पार्टी से 1952 मे विधायक बनकर कांग्रेस पार्टी का बिहार में पिछड़ो का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि 1962 में दोबारा कांग्रेस पार्टी से विधायक चुने जाने पर कांग्रेस पार्टी से 1967 में स्वास्थ्य मंत्री बने। अखिल भारतीय कांग्रेस ओबीसी विभाग के बिहार से सह प्रभारी राज कुमार मौर्य ने कहा कि 1968 में स्व सतीश सिंह को बिहार का पहला पिछड़ा मुख्यमंत्री बनाने वाले स्व बी पी मंडल थे। उन्होंने पिछड़े दलित एवं गरीब स्वर्ण के लिए आवाज उठाने का काम किया। पटना महानगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि रंजन ने कहा कि स्व बी पी मंडल के पिता स्व रास बिहारी लाल मंडल ने बिहार को अकेला सन 1885 में कांग्रेस की स्थापना मुम्बई में हुई तो अकेला कांग्रेस का प्रतिनिधित्व किया। 1930 में जब स्व बी पी मंडल सातवे में पढ़ते थे तो अपने भाईयों को सहर्ष जेल जाते हुए देखा। उसी वक्त से वे खद्दर पहनने लगे और कांग्रेस से जुड़ गये। कांग्रेस विधान पार्षद डा समीर कुमार सिंह ने कहा कि 1978 में स्व इंदिरा गांधी जब चिकमंगलूर से संसदीय उप चुनाव जीतकर संसद गयी थी तो मात्र दो घंटे के निर्वतमान सरकार द्वारा प्रस्ताव पारित कर स्व इंदिरा गांधी की सदन की सदस्यता समाप्त करने की कारवाई का कांग्रेस सदस्यों को छोड़ अन्य दलों के सदस्यों में एकमात्र स्व बी पी मंडल जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद सदस्य होते हुए भी इस निर्णय का कड़ा विरोध किया था। मंच संचालन निशांत करपटने ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद लाल बाबू लाल, राज कुमार राजन, जय प्रकाश चौधरी, प्रवीण सिंह कुशवाहा, मंजीत आनन्द साहू, राजीव कुमार मेहता, जितेन्द्र सिंह, उदय चन्द्रवंशी, रवि गोल्डेन, खुशबू कुमारी, डा पंकज, सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मनाई गई पंडित राजकुमार शुक्ल की जयंती

● पंडित शुक्ल को जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला : सम्राट

● आजादी की लड़ाई में पंडित शुक्ल की अहम भूमिका रही : नित्यानंद

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को पंडित राजकुमार शुक्ल जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि पंडित राजकुमार शुक्ल ने सही अर्थों में आजादी की नींव रखने का काम किया। शुक्ल के बुलावे पर ही मोहनदास करमचंद गांधी चंपारण आए और महात्मा बने। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानी राजकुमार शुक्ल को अब तक की सरकारों ने वह सम्मान नहीं दिया जिसके वह हकदार थे। कहा कि अगर बिहार में अकेले भाजपा की सरकार बनी तो शुक्ल की जयंती दिवस पर राजकीय समारोह आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि शुक्ल किसी धर्म, जाति के नहीं थे, वे देश के आजादी के दीवाने थे, जिन्होंने आजादी की नीव रखी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि आजादी की लड़ाई में पंडित शुक्ल की अहम भूमिका रही। उनके त्याग और बलिदान को कृतज्ञ राष्ट्र सदैव याद रखेगा। उन्होंने कहा कि राय ने आजादी के बाद देश के विभाजन पर कहा कि देश की आजादी में मर मिटने वालों ने देश के विभाजन का सपना नहीं देखा था। उस समय सरदार वल्लभ भाई पटेल और राजेंद्र प्रसाद तक ने इसका विरोध किया था। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के साथ भारत माता की खुशियों के लिए भी हमें आगे रहना होगा। उन्होंने कहा कि भारत माता को दुखित करने वाली प्रवृतियों का बीज नष्ट करने से नहीं बल्कि उनके समूल नष्ट करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एक भारत और सर्वश्रेष्ठ भारत का सपने को पूरा करने के लिए आगे बढ़े हैं। इधर, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने इस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित शुक्ल चंपारण सत्याग्रह के सूत्रधार ही नहीं, बल्कि सफल राष्ट्रीय स्वाधीनता संग्राम की मजबूत नींव थे। आजादी के लिए शुक्ल जी ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इस कार्यक्रम का संयोजन भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य अर्चना राय भट्ट ने किया।

भाजपा को गरीब व किसान, मजदूर की चिंता नहीं : उमेश

● बोलें- पूंजीपतियों की कठपुतली है मोदी सरकार

पटना। बिहार जनता दलयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को केंद्र की मोदी सरकार पर पूंजीपतियों की कठपुतली होने का गम्भीर आरोप लगाया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार देश की जनता के प्रति अपनी जवाबदेही से मुँह मोड़कर चंद पूंजीपतियों के खातिरदारी में मदमस्त है। मोदी जी के 9 वर्षों के कार्यकाल में सिर्फ पूंजीपतियों के ही अच्छे दिन आए हैं, देश की आम जनता आज भी अपनी बुनियादी सुविधाओं के लिए सरकार की ओर टकटकी लगाए देख रही है। श्री कुशवाहा ने कहा कि मोदी सरकार में भाजपा के चेहते पूंजीपतियों को आसानी से मुहमांगा बैंक लोन जारी कर दिये जाते हैं मगर देश के अन्नदाता बन्धु कर्ज के दबाव में आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। बैंकों का लोन लेकर भागने वाले करीबियों पर सरकार कोई भी कार्रवाई करने की हिम्मत तक नहीं जुटा पाती। नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चौकसी और विजय माल्या के भारत छोड़े हुए कई वर्ष हो गए मगर खुद को वैश्विक नेता के तौर पर प्रचारित करने वाले मोदी जी का हाथ उन पूंजीपतियों तक नहीं पहुंच पाया। श्री कुशवाहा ने कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों को सरकार निजी हाथों में बेचकर सिर्फ उद्योगपतियों को आर्थिक फायदे पहुंचना चाहती है, भले देश की अर्थव्यवस्था का बेड़ागर्क हो जाए। निजीकरण का ही नतीजा है कि प्लेटफार्म की टिकटों से लेकर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार को गरीब,किसान,मजबूर और व्यापारियों की कोई चिंता नहीं है। सिर्फ.चुनावी भाषणों में ही मोदी जी गरीब और किसानों की बात करते हैं, मगर हकीकत अब देश की जनता समझ चुकी है।

बीपी मंडल ने देश को एक नई दिशा दी : रालोजद

पटना। राष्ट्रीय लोक जनता दल प्रदेश कैम्प कार्यालय में शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री स्व बी पी मंडल के 105 वी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित की गई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने स्व बीपीमंडल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता ई शम्भू नाथ सिन्हा ने कहा कि स्व बी पी मंडल विलक्षण प्रतिभा के धनि व्यक्ति थे वे अल्पसमय के लिए बिहार के मुख्यमंत्री भी रहे परन्तु सम्पूर्ण जीवन उन्होंने पिछडो-अतिपिछडो एवं समाज के कमजोर वर्गों के लिए समर्पित कर दिया और समाजिक संरचना की एक सशक्त धारा का निर्माण किया। उक्त आशय कि जानकारी प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता ई हेमन्त कुमार ने दी। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डा निर्मल कुमार सिंह, बबन यादव, मोहन यादव, महासचिव डा बिरेन्द्र प्रसाद दांगी, अरविन्द वर्मा, अमरेन्द्र केवट, रामशरण कुशवाहा अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष अशोक राम, पटना महानगर अध्यक्ष खुर्शीद अहमद, पटना पूर्वी अध्यक्ष राघवेन्द्र कुशवाहा, प्रधान महासचिव किसान प्रकोष्ठ बैधनाथ शर्मा, बृज मोहन सिंह, उनय कुमार, मंजेश शर्मा, आशिक आलम आदि नेता उपस्थित थे

चंद्रयान 3 की सफलता में बिहारियों की अग्रणी भूमिका : जदयू

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता डॉ सुनील कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता भारती मेहता और प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया ने चंद्रयान 3 अभियान को सफल बनाने में शामिल बिहार के युवाओं को बधाई दी है। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि बिहार के युवा अब किसी मामले में कम नहीं हैं और देश और विदेशों में हर जगह अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर सफलता का परचम लहरा रहे हैं। पार्टी प्रवक्ताओं ने ईसरो के सफल चंद्रयान मिशन 3 में शामिल युवाओं खासकर वैज्ञानिक सुधांशु कुमार, ऑपरेशन डायरेक्टर की भूमिका में शामिल समस्तीपुर के अमिताभ, नेटवर्क सिक्योरिटी की जिम्मेदारी संभाल रहे सीतामढ़ी के रवि कुमार, प्रक्षेपण यान और उपग्रह के लिए लिक्विड कंट्रोल वाल्व में भूमिका निभाने वाले मधुबनी के मोइनुद्दीन हसन और रॉकेट साइंटिस्ट के तौर पर इसरो से जुड़े मोकामा के हर्षित को मिशन की सफलता को लेकर मुबारकबाद दी है। इनके अलावा चंद्रयान 3 के डिजाइन और टाइमिंग की एनालिसिस टीम के सदस्य बेतिया के लालमणि और सारण के सिताबादियारा इलाके के रजत सिंह को भी चंद्रयान 3 की सफलता में अहम भूमिका निभाने पर पार्टी प्रवक्ताओं ने बधाई दी है। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि आज राज्य का युवा अपनी मेहनत के दम पर देश में खुद का और अपने राज्य का नाम रौशन कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कोशिशों के चलते आज बिहार में खासकर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी का माहौल है और राज्य सरकार की नीतियों के चलते आज राज्य का युवा अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने में जुटा है। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि बिहार के युवा काफी मेहनती और प्रतिभाशाली होते हैं और शिक्षा के मामले में पूरे देश में अव्वल हैं।

जातीय जनगणना का लाभ लोगों को मिलना चाहिए : संतोष

पटना। हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉक्टर संतोष कुमार सुमन की गरिमा में उपस्थिति में मौलाना शकील अहमद हाशमी युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष हम पार्टी में शामिल हुए। डॉ संतोष मांझी ने कहा कि दूसरे दलों से बड़ी संख्या में लोग हम पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। आने वाले समय में दूसरे दल से हम पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले की तायदाद और भी बढ़ाने वाली है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शराब बंदी की समीक्षा होनी चाहिए। शराब बंदी के नाम पर गरीबों को परेशान किया जा रहा है जो कहीं से उचित नहीं। आगे उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना होने से जनता को लाभ मिलना चाहिए। जब तक गरीबों की मूलभूत संरचनाओं की कमी की गणना नहीं करेंगे तब तक हम उनका विकास कैसे कर पाएंगे। प्रेस वार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पांडेय, युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कमल परवेज, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो० कमालुद्दीन आदि हम नेता प्रेस वार्ता में शामिल थे।

28 से जालियावाला बाग एक्सप्रेस का कोडरमा स्टेशन पर ठहराव

पटना। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर 28 अगस्त से अमृतसर और सियालदह के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 12380 अमृतसर-सियालदह जालियावालाबाग एक्सप्रेस का धनबाद मंडल के अंतर्गत कोडरमा स्टेशन पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है। यह गाड़ी 28 से 09.56 बजे कोडरमा स्टेशन पहुंचेगी तथा 09.58 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

वर्तमान में सोशल मीडिया की भूमिका अहम : तावड़े

पटना। राष्ट्रीय महामंत्री बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने कहा कि केंद्र सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में सोशल मीडिया की भूमिका अहम है। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया को देश में लोकप्रिय बनाया और इसके महत्व को बढ़ाया। आप सभी को सोशल मीडिया के महत्व को समझना होगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में एक दिवसीय आई टी सोशल मीडिया की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला को प्रदेश प्रभारी और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया,आई टी के संगठनात्मक प्रभारी पंकज शुक्ला, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मिट के प्रभारी अरूण यादव, प्रदेश महामंत्री और सोशल मीडिया प्रभारी राजेश वर्मा, सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक मनन कृष्ण ने संबोधित किया। आज शंखनाद नाम से एक कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। जिसके तहत सभी जिलों में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मीट का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सोशल मीडिया की भूमिका एवम इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस का नागदा स्टेशन पर ठहराव

पटना। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर मुजफ्फरपुर और सूरत मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 19053/19054 सूरत-मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस का पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के अंतर्गत रतलाम और उज्जैन के मध्य स्थित नागदा स्टेशन पर प्रायौगिक तौर पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 19053 सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस दिनांक 01 सितंबर से 15.03 बजे नागदा स्टेशन पहुंचेगी तथा 15.05 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19054 मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस दिनांक 05 सितंबर से 09.38 बजे नागदा स्टेशन पहुंचेगी तथा 09.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

स्वच्छता के लिए समाज की मशाल बनें साहित्यकार : उषा किरण

पटना। हर प्रकार की जन जागृति में साहित्यकारों की विशेष भूमिका होती है। समाज को मशाल से रोशनी दिखाने का काम साहित्यकारों का होता है। स्वच्छता के संबंध में भी यही बात लागू होती है। अब समय आ गया है कि स्वच्छता को एक विषय बनाते हुए साहित्यकार अधिक से अधिक कविताएं, कहानियां, लघु कथाएं और आलेख स्वच्छता पर लिखे और स्वच्छता का संदेश घर-घर तक पहुंचाएं। यह बातें वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री डॉ उषा किरण खान ने पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम तथा आयाम संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा। स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि स्वच्छता की शुरूआत हमें घर से करनी है। घर पर ही गीला कचरा और सूखा कचरा को अलग-अलग करना है। इस सलाह पर जितने अधिक लोग अमल करेंगे शहर उतना अधिक साफ होगा और कचरा निष्पादन भी आसान हो जाएगा। नीतू नवगीत ने लोकगीत गाकर सभी उपस्थित साहित्यकारों और कलाकारों से निवेदन किया कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में भाग लें। कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकारों में विभा श्रीवास्तव, भावना शेखर, वीणा अमृत शामिल रहे और सब ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

फरवरी में गांधी मैदान में उमड़ेगा अतिपिछड़ों का महाकुंभ : राजीव

पटना। धानुक समाज व अतिपिछड़ा समाज के नेताओं व कार्यकताओं की एक बड़ी बैठक शुक्रवार को विद्यापति भवन में आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जदयू के राष्ट्रीय महसचिव राजीव रंजन ने भाजपा पर जम कर निशाना साधा। भाजपा के अतिपिछड़ा विरोधी कार्यों को गिनाते हुए उन्होंने लोगों फरवरी के प्रथम सप्ताह में गाँधी मैदान में आयोजित सभा में शामिल होने का आमन्त्रण दिया, जिसके प्रत्युतर में सभा में उपस्थित हजारों लोगों ने हाथ उठा कर उनका समर्थन किया। लोगों ने जदयू नेता को लाखों लाख की संख्या में इस सभा में शामिल होने का वचन दिया। इस मौके पर लोगों ने जदयू नेता से पटना के पहाड़ी चौक का नामकरण अमर शहीद रामफल मंडल के नाम पर करने तथा उनकी प्रतिमा वहां स्थापित करने के लिए बिहार सरकार से आग्रह करने का अनुरोध भी किया। उनकी मांग को जायज मानते हुए जदयू प्रवक्ता ने इसे बिहार सरकार के समक्ष पेश करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जदयू नेता ने कहा कि भाजपा की उन्मादी राजनीति और अतिपिछड़ा विरोध के इतिहास को देखते हुए हमारे समाज के लोगों को उनपर कभी भरोसा नहीं करना चाहिए। इस मौके पर पूर्व मंत्री दामोदर रावत ने नीतीश कुमार को अतिपिछड़ा समाज का सबसे बड़ा हितैषी बताते हुए कहा कि नीतीश जी के इतने वर्षों के कार्यकाल में सरकार ने समाज के हर तबके को केन्द्रित करके काम किये हैं. यह इसी का प्रतिफल है कि आज बिहार की 10.98 की विकास दर, देश के विकास दर से भी अधिक है। राज्य के विकास में हुई यह बढ़ोतरी से आम बिहारवासियों के जीवनस्तर में भी सुधार हुआ है। उनकी आमदनी भी लगातार बढ़ रही है। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में प्रति व्यक्ति सालाना आय 6400 बढ़कर 54,383 रुपए हो गई है। इसका सबसे अधिक लाभ अतिपिछड़ा समाज को ही मिला है। जदयू विधायक भारत भूषण मंडल ने कहा कि मोदी सरकार ने आम जनता को अच्छे दिनों का वादा किया था, लेकिन गिरती अर्थव्यवस्था के कारण लोगों के बुरे दिन आ गये। उन्होंने कहा जुमलेबाजी की इस सरकार ने लोगों से पेट्रोल-डीजल के दाम घटाने का भी वादा किया था, लेकिन आज भी इनके मूल्य 100 रु से ऊपर है। रसोई गैस की भी लगातार मूल्यवृद्धि की गयी, जिससे इनकी बहुप्रचारित उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों ने भी सिलिंडर छोड़ दिया।

उद्यानिक फसलों के बुआई का आंकड़ा संग्रह करें : सर्वजीत

कृषि मंत्री ने की उद्यान निदेशालय द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा, दिए निदेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बोलें- किसानों की आमदनी बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता

कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने कहा कि राज्य के किसानों की आमदनी बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। राज्य के किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए खाद्यान्न फसलों के साथ-साथ उद्यानिक फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने तथा उसके लिए बेहतर बाजार की व्यवस्था, समुचित भंडारण एवं प्रसंस्करण की व्यवस्था की कार्रवाई की जा रही है। मंत्री शुक्रवार को उद्यान निदेशालय द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा के दौरान उक्त बातें कही। इस दौरान मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वर्तमान मौसम में धान, मक्का आदि फसलों की बोआई का आंकड़ा संग्रहण की तरह ही उद्यानिक फसलों के आच्छादन का आँकड़ा भी संग्रह करें। इससे उद्यानिक फसलों का जिलावार उत्पादन एवं उत्पादन क्षेत्र के बारे में जानकारी मिल सकेगी। मंत्री ने कहा कि मशरूम के उत्पादन के क्षेत्र में देश में बिहार अव्वल नंबर पर है। विभाग को जरूरत है कि इस संबंध में एक स्पष्ट नीति बनायें, जिससे किसान कृषक उत्पादक संगठन बनाकर इसका मार्केटिंग कर सके। उन्होंने कहा कि इसी तरह मखाना उत्पादन के क्षेत्र में भी बिहार देश में अव्वल है। अब जरूरत है कि मखाना का उत्पादन बढ़ाया जाये तथा इसके उत्पादन क्षेत्र का विस्तार किया जाये। किसानों को मजबुरी में मखाना का बिक्री ना करना पड़े, इसके लिए मखाना के भण्डारण का इंतजाम किया जाये। मखाना भंडारण करने हेतु किसानों को अनुदान पर उच्च गुणवत्तायुक्त वाले बैग उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने कहा कि अगर किसान मखाना को एक-दो महीने भी भण्डारित कर लेगा तो उनको इसकी विक्री से अच्छी आमदनी प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी निदेश दिया कि एम्स, पीमसीएच जैसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत डॉक्टर के लिए मखाना पर एक विशेष सेमिनार आयोजित किया जाये, जिससे डॉक्टर मरीजों को मखाना में पाये जाने वाले स्वास्थ्यवर्द्धक पोषक तत्वों के बारे में बता सके। इससे मखाना की विक्री बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि दरभंगा जिला में मखाना के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निदेश दिया कि फसल विशेष पर ध्यान केन्द्रित करते हुए हर महीने उद्यान निदेशालय सेमिनार/उत्सव का आयोजन करावें, जिससे उस फसल का अधिक मार्केटिंग हो सके। उन्होंने आगे बताया कि चाय उत्पादन के क्षेत्र में बिहार देश में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने निदेश दिया कि बिहार में चाय के लिए एक विशेष योजना बनायी जाये, जिससे इसका उत्पादन एवं उत्पादन क्षेत्र बढ़ाया जा सके। उन्होंने चाय उत्पादक किसानों को चायपत्ती ढोने के लिए अनुदान पर वाहन उपलब्ध कराने का निदेश दिया जिससे वे चाय बगान से चायपत्ती तोड़कर स्थानीय प्रसंस्करण प्लांट में कम समय में भेज सके, जिससे चायपत्ती की गुणवत्ता बरकरार रहे। उन्होंने बिहार में चाय प्रसंस्करण इकाई को बढ़ावा देने के लिए अलग से इंडस्ट्रीयल फीडर के माध्यम से विद्युत आपूर्ति करने हेतु ऊर्जा विभाग से समन्वय स्थापित करने का निदेश अधिकारियों को दिया। इसी तरह से उन्होंने ड्रैगन फ्रूट, अनानास, केला इत्यादि के उत्पादन पर भी विशेष बल देने का निदेश दिया। उन्होंने पान उत्पादन के क्षेत्र में भी फोकस करने को कहा तथा पान विकास के लिए अलग से एक योजना बनाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि वैशाली जिला में पान के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जायेगी। उन्होंने निदेश दिया कि प्याज भंडारण के लिए भी एक योजना प्रस्तुत किया जाये। उन्होंने कहा कि नर्सरियों का विकास किया जाये। साथ ही, उन्होंने राज्य में स्थापित राजकीय नर्सरियों को पीपीपी मोड में विकसित करने का निदेश दिया, जिससे किसानों को गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री मिल सके। उन्होंने कहा कि राजकीय बीज उत्पादन प्रक्षेत्र में आलु जैसे उद्यानिक फसलों का गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन पीपीपी मोड में किया जायेगा। बैठक में कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र कुमार, मंत्री के आप्त सचिव राजीव रंजन, अपर निदेशक (शष्य) धनंजय पति त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक (शष्य), पीपीएम संतोष कुमार उत्तम, संयुक्त निदेशक उद्यान राधा रमण सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

गया से पटना व गया से दीन दयाल उपाध्याय के लिए स्पेशल परीक्षा ट्रेन

परीक्षार्थियों के सुविधा मुहैया कराने हेतु पूर्व मध्य रेल का विशेष प्रबंध

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में आयोजित की जा रही बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यिर्थियों के सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने हेतु 25 एवं 26 अगस्त के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा प्रबंध किए गए हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु 25 एवं 26 को गया-पं.दीन दयाल उपाध्याय जं. रेलखंड पर किए गए प्रबंध : पं.दीन दयाल उपाध्याय परीक्षा स्पेशल स्पेशल 25 एवं 26 को गया से 15.00 बजे खुलकर 20.00 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. पहुंचेगी। पं.दीन दयाल उपाध्याय परीक्षा स्पेशल 25 एवं 26 को गया से 18.45 बजे खुलकर 23.45 बजे पं.दीनदयाल उप

संक्षिप्त खबरें

गैस लीक होने से लगी आग, दो लोग झूलसे

कल्याणपुर समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना के अकबरपुर गांव में गुरुवार की रात गैस पर चाय बनाने के दौरान गैस पाइप लीक होने से आग लग गई। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। जिसे इलाज के लिए पीएचसी कल्याणपुर में लाया गया। पीएचसी के प्रभारी डॉक्टर बीके ठाकुर ने बताया कि झुलसे हुए व्यक्ति में अकबरपुर गांव निवासी रामवृक्ष पासवान एवं साजन पासवान के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में बाबा-पोता लगते हैं। जो जख्मी हो गए। वहीं जख्मी व्यक्ति की हालत में सुधार होने के बात लोगों ने बताई है।

ऑटो की ठोकर से छात्रा हुई जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के रमोली स्कूल के समय ऑटो की ठोकर से 13 वर्षीय छात्रा गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए पीएससी में भर्ती कराया। जहां उसके गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीएचसी के प्रभारी डॉक्टर बीके ठाकुर ने बताया कि जख्मी छात्र की पहचान रमोली गांव निवासी वशिष्ठ झा के 13 वर्षीय पोश्री अंशु कुमारी के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने ऑटो को जब्त कर लिया है। वहीं कल्याणपुर थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि जख्मी के द्वारा आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के नरहन निवासी विजय कुमार चौधरी ने रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें खदियाही विभूतिपुर के महेश महतो विशेश्वर महतो कमलेश्वरी महतो दिनेश कुमार को नामजद किया है। दर्ज प्राथमिक्की के माध्यम से पीड़ित ने बताया कि मैं विभूतिपुर थाना कांड संख्या 201/23 का सूचक हूं। उपर्युक्त नामित सभी इसमें भी नामजद है। 2 अगस्त को सभी मेरे दुकान पर पहुंच कर धमकी दिया कि केस में संधि लगाओ और खर्च के लिए रंगदारी के रूप में एक लाख देना होगा। पैसा देने से मना करने पर मेरे अर्धनिर्मित दीवार से छड काटने लगा। मना करने पर जान मारने की धमकी दी

दहेज प्रताड़ना की प्राथमिक की दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के डीह भरपुरा निवासी अवधेश राय की पुत्री सविता कुमारी ने दहेज प्रताड़ना को लेकर विभूतिपुर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के डिहुली निवासी पति, ससुर, सास, गोतनी, भैंसूर को नामजद की है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से पीड़िता ने बताई 16 फरवरी 2020 को मेरे पिताजी मुजफ्फरपुर जिला के सकरा थाना क्षेत्र के डिहुली निवासी चंदेश्वर राय के पुत्र गोल्डन कुमार के साथ मेरी शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार अपने सामर्थ अनुसार प्रोत्साहन देकर की। शादी के बाद विदा होकर जब हम ससुराल पहुंचे तो मेरे पति ससुर सास गोतनी भैसुर सभी दहेज के रूप में 11 लाख रुपया नगद एवं एक ऑल्टो कार की मांग करने लगे। जब मैं पिता को कहने से इंकार की तो वे लोग मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते है।

फंदे से लटका मिला अधेड़

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भूसवर वार्ड 13 स्थित शाहपुर सोहजनबारी गाछी में शुक्रवार को आम के पेड़ से रस्सी के फंदे से लटका एक अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। मृतक की पहचान भूसवर पंचायत के वार्ड 03 निवासी लक्ष्मण महतो के 35 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार के रूप में किया गया है। बताया गया कि अशोक कुमार शुक्रवार की सुबह घर से निकले थे। घर से निकलने के कुछ घंटे बाद ही उनका शव गाछी में फंदे से लटका मिला। वहीं परिवार के कुछ लोग कर्ज में डूबे होने के कारण आत्महत्या की बात बताते हैं। वैसे हत्या का स्पष्ट खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंचे विभूतिपुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है। बता दे कि मृतक दो भाइयों में बड़ा था। मृतक के एक पुत्री शिवानी कुमारी 9वर्ष एवं 1 वर्ष का पुत्र सौरव कुमार है। मौत की खबर सुनते ही पत्नी संजू देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। वहीं थाना अध्यक्ष संदीप कुमार पाल ने बताया कि प्रथम दृष्टि आत्महत्या की प्रतीत हो रही है वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

जिला स्तरीय युवा उत्सव के सफल आयोजन को लेकर डीडीसी ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

- जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम दिनकर भवन में अगले माह में 11 से 13 सितंबर तक चलेगा, जिला स्तरीय कलाकारों का होगा स्क्रीनिंग टेस्ट
- सर्व शिक्षा अभियान बेगूसराय के कार्यालय में 25 अगस्त से लेकर 5 सितंबर तक भाग लेने वाले सभी विधाओं के प्रतिभागी अपना करवा सकते हैं निबंधन

बेगूसराय। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के कारगिल विजय सभागार भवन में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023 के सफल आयोजन को लेकर डीडीसी सोमेश बहादुर माथुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। डीडीसी ने जिला स्तरीय युवा उत्सव के सफल आयोजन को लेकर सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया। बैठक में यह बताया गया कि राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन सारण छपरा जिले में सितंबर 2023 के तीसरे सप्ताह में आयोजित होगी। इस प्रस्तावित राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जिले में उत्कृष्ट कलाकारों के चयन हेतु दिनकर कला भवन में अगले माह 11 से 13 सितंबर तक सभी कलाकारों का स्क्रीनिंग टेस्ट की तिथि निर्धारित की गई है। इसी को लेकर जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने वाले विभिन्न विधाओं के प्रतिभागियों के निबंध हेतु 25 अगस्त से लेकर 5 सितंबर तक बेगूसराय सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय शिक्षा विभाग में आवेदन कलाकार आकर जमा कर सकते हैं। इस संबंध में डीडीसी ने स्पष्ट निर्देश अधिकारियों को दिया कि निबंधन तिथि तक ही आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। ऑन स्पॉट कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने जिला स्तरीय युवा उत्सव के संपूर्ण कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सदर एसडीएम रामानुज प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करने का निर्देश दिया। जिसमें उपाधीक्षक शारीरिकशिक्षा एवं प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी को भी शामिल करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिला सामान्य शाखा की प्रभारी पदाधिकारी सुश्री सुनंदा कुमारी ने बताया कि युवा उत्सव जिला राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर हेतु प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कलाकारों की उम्र सीमा 15 से 35 वर्ष है। इसके साथ ही समूह गान में 10 कलाकार, समूह लोक नृत्य में संगत कलाकार सहित कुल 20 कलाकार, एकांकी नाटक हिंदी में अधिकतम 12 कलाकार, शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति एकल होगी। संगत कलाकार सहित अधिकतम कलाकारों की संख्या 5, शास्त्रीय गायन एकल प्रस्तुति हेतु संगत कलाकार सहित 03 सदस्य ही रहेंगे। इस बैठक में प्रभारी सामान्य शाखा की सुश्री सुनंदा कुमारी, डीआरडीए निदेशक संजीत कुमार, जिला खेल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार के अलावे शिक्षा विभाग के पदाधिकारी जिले के कई अन्य कलाकार के साथ कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

भोज का निमंत्रण देने जा रहे पेंटर की गोली मारकर हत्या

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के मुख्तियारपुर सलखनी गांव में एक पेंटर की गोली मार हत्या कर दी गई है। घटना उत्क्रमित मध्य विद्यालय पनरपुरा के बगल में स्थित एक आवासीय मकान की बताई गई है। मृतक की पहचान सलखनी निवासी रामवृक्ष महतो के 28 वर्षीय पुत्र राजू महतो के रूप में की गई है, जो पेंटर का काम किया करता था। मृतक के परिजनों ने बताया कि घटना गुरुवार रात की है। इधर घटना की सूचना मिलते ही परिजनों के बीच कोहरा मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक राजू के पिता रामवृक्ष महतो ने बताया कि गांव में शुक्रवार को ब्राह्मण भोज होना था। जिसको लेकर गांव के लोगों को भी आमंत्रण किया जा रहा था। इसी दौरान राजू अपने दोस्त के साथ गांव में घूम कर लोगों को घर आने का न्योता देने गया था। इसी बीच स्कूल के बगल में स्थित एक आवासीय मकान में वह न्यौता देने गया था। जहां उसे गोली मार दी गई। राजू के पिता ने बताया कि घटना की उसे कोई जानकारी नहीं दी गई। कुछ घंटे के बाद पता चला तो वह एक निजी अस्पताल पहुंचे जहां राजू की मौत हो चुकी थी। रामवृक्ष महतो ने बताया कि उसके दोस्त के द्वारा ही गोली मारी गई है। इसके बाद इसकी सूचना दलसिंह सराय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही दलसिंहसराय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच की और शव को जप्त कर समस्तीपुर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के कारण के बारे में परिजन कुछ भी नहीं बता पा रहे हैं। वहीं घटना को लेकर तरह-तरह की आशंका भी जताई जा रही है। अब पुलिसिया जांच में ही इसका खुलासा हो पाएगा की गोली मारने की घटना किस कारण से हुई और किसने गोली मारी।

एक्सिस बैंक ने डिजिटल रुपी ऐप पर यूपीआई इंटरऑपरेबिलिटी की शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता

एक्सिस बैंक ने अपने सीबीडीसी ऐप (एक्सिस मोबाइल डिजिटल रुपी) पर यूपीआई इंटरऑपरेबिलिटी को शुरू करने की घोषणा की है। यह भारतीय रिजर्व बैंक की चल रही सीबीडीसी (सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी) पहल का एक हिस्सा है। इस सुविधा की शुरूआत के साथ ग्राहक व्यापारियों के मौजूदा यूपीआई क्यूआर कोड को भुगतान करने के लिए डिजिटल रुपए का निर्बाध रूप से उपयोग कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त यह क्षमता व्यापारियों को उनके मौजूदा क्यूआर कोड पर डिजिटल रुपी भुगतान स्वीकार करने में मदद करेगी, जिससे बोर्डिंग पर अनिवार्यता समाप्त हो जाएगी।

एक्सिस बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव आनंद ने कहा कि एक्सिस बैंक ऐसे समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है जो डिजिटल इंडिया के विजन को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं। डिजिटल रुपी और यूपीआई इंटरऑपरेबिलिटी की इस अभूतपूर्व सुविधा की शुरूआत देश भर में डिजिटल रुपी को व्यापक रूप से अपनाने के लिए तैयार है। डिजिटल रुपी की सुरक्षा और गति, यूपीआई की व्यापक पहुंच और इसका यूजर फ्रेंडली होना दरअसल ग्राहकों और व्यापारियों दोनों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवादाता

बोचहा। अब बीमार ना रहेगा लाचार। हर बीमारी का होगा उत्तम एवं मुफ्त उपचार। यह कहना है मुजफरपुर मेडिकल कॉलेज में सीनीयर रेजीडेंट के तौर पर सेवा दे रहे डॉक्टर मुरारी कुमार का। डाक्टर कुमार ने बोचहा प्रखंड के शर्फुद्दीनपुर में शुक्रवार को मुफ्त चिकित्सीय सेवा शिविर का आयोजन किया।शिविर में सुदूर ग्रामीण इलाकों से आए दर्जनों मरीज जो कई प्रकार के असाध्य रोगों से परेशान थे उनकी जांच और चिकित्सा की गई। मुफ्त दवा उपलब्ध कराई गई। इस दौरान डॉक्टर मुरारी कुमार ने बताया कि मलेरिया, मनोरोग, लकवा, धड़कन की समस्या, घबराहट, सिरदर्द, डिप्रेशन, मिर्गी, हिस्टिरिया, मैनिया, नींद कि समस्या, इसके अलावा पेट संबंधित बीमारी जैसे बवासीर, और बी०पी०, शुगर, थाइराइड, छाती रोग अन्य रोगों कि जांच एवं इलाज किया गया। उन्होंने आगे कहा कि शिविर में करीब एक सौ से अधिक मरीजों का इलाज किया गया। साथ ही मुफ्त दवा दी गई, डॉ कुमार ने कहा कि 3 महीने पर सरफुद्दीनपुर मेडिकेयर की ओर से शिविर आयोजित किया जाएगा। साथ ही मरीजों का इलाज कर मुफ्त दवा दी जाएगी।

मां ने ही की थी अपनी बेटी की हत्या, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के बेलसंडी तारा वार्ड 12 में आवेश में आकर एक निर्दयी मां अपनी ही 13 वर्ष या पुत्री की गला दबाकर हत्या कर घर में ही फांसी के फंदे से लटका दिया। घटना की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संदीप कुमार पाल ने बताया कि मां ने ही अपनी पुत्री की हत्या की थी। हत्यारीन मां को जेल भेज दिया गया है। बता दे कि थाना क्षेत्र के बेलसंडी तारा वार्ड 12 में 19 अगस्त को मोहम्मद मुमताज की 13 वर्षीय पुत्री नजराना खातून की शव अपने ही घर में दुपट्टा के फंदे से लटकी मिला था। इसके बाद मिर्च का की मां कुर्शिदा खातून ने जमीनी विवाद में पुत्री की हत्या का आरोप लगाते हुए पड़ोस के ही 6 लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिक की दर्ज करवाई थी। पुलिस अनुसंधान में पता चला कि मां ने किसी बात की आवेश में आकर अपनी ही पुत्री की गला दबाकर हत्या कर फंदे से लटका दी। और साजिश के तहत पड़ोस के लोगों को फंसाया। में बड़ा था। मृतक के एक पुत्री शिवानी कुमारी 9 वर्ष एवं एक वर्ष का पुत्र सौरव कुमार है। मौत की खबर सुनते ही पत्नी संजू देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। वहीं थानाध्यक्ष संदीप कुमार पाल ने बताया कि प्रथम दृष्टि आत्महत्या की प्रतीत हो रही है वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

बाइक सवार अपराधियों ने युवक को गोली मारकर दो लाख 60 हजार लूटे

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के रमोली गांव में बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर जख्मी कर दिया और युवक से ढाई लाख रुपए लूटकर फरार हो गया। घटना गुरुवार की रात लगभग 11 बजे के आसपास की बताई गई है। घटना की सूचना पर पहुंची कल्याणपुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जख्मी युवक की पहचान कल्याणपुर थाना के रमोली निवासी भोला महतो के पुत्र संजय कुमार के रूप में की गई है। जख्मी युवक संजय कुमार का इलाज समस्तीपुर सदर अस्पताल में चल रहा है। गोली उसके पैर में लगी है। जख्मी संजय कुमार ने बताया कि वह मुजफ्फरपुर से बाइक से अपने घर लौट रहा था।

उसके बैग में दो लाख 60 हजार रुपए था। जब वह रमोली गांव में गणपति चौक पर पहुंचा, इसी दौरान पीछा कर रहे दो बाइक सवार चार बदमाशों ने उसे घेर लिया और मारपीट कर बैग छीनने का प्रयास किया। इसका विरोध करने पर बदमाश ने उसके पैर में गोली मार दी। जिसके बाद वह रुपए भरा बैग लेकर फरार हो गया। संजय ने बताया कि घटना की सूचना कल्याणपुर पुलिस एवं परिजनों को दी गई।

इधर, घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने संजय को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं घटना की सूचना पर कल्याणपुर पुलिस घटनास्थल के अलावे सदर अस्पताल पहुंचकर भी जख्मी से जानकारी ली। फिलहाल इस मामले में प्राथमिक की दर्ज नहीं हो पाई है। पुलिस मामले जांच के बाद ही घटना के बारे में स्पष्ट कर पाएगी। इस संबंध में पूछे जाने पर कल्याणपुर थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि जख्मी व्यक्ति के द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। फर्द बयान के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

ताइक्वांडो खिलाडी स्टेट कैम्प के लिए हुआ रवाना

प्रात : किरण संवादाता

बेगूसराय। बेगूसराय जिला ताइक्वांडो संघ के अन्तर्गत जिले के पांच ताइक्वांडो खिलाडी का चयन गौहाटी (असम) के कर्मबीर नबिन चंद्रा बोरदोलोई, एसी इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली 39वीं सीनियर राष्ट्रीय क्यूरोगी ताइक्वांडो प्रतियेगिता के लिए हुआ है। जिले के तीन बालिका व दो बालक खिलाडी शामिल है।

जिसमें बालिका वर्ग में रागनी कुमारी (अंडर -49 केजी), श्रेया रानी (अंडर- 62 केजी), कामनी कुमारी (अंडर- 67 केजी) तथा बालक वर्ग में धीरज कुमार (अंडर 63 केजी), विकेश कुमार (अंडर- 80 केजी) राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चयनित है। टीम में कोच के रुप में जिला कोच मणिकांत व टीम मैनेजर संध्या कुमारी चयनित है। राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विशेष तैयारी हेतु बिहार ताइक्वांडो संघ, पटना के द्वारा साईं ट्रेनिंग सेंटर, मोईनुल हक स्टेडियम कैम्पस, पटना में दस दिनों का स्टेट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव सह प्रशिक्षक नन्दु कुमार ने कहा कि उक्त सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले के खिलाडी का चयन होना बडे ही हर्ष की बात है। टीम में शामिल अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रागनी कुमारी और श्रेया रानी जैसी खिलाडी से विशेष उम्मीद करते हैं कि इनका प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहेगा। उन्होंने जानकारी दी है कि गोवा में आगामी होने वाली नेशनल गेम्स हेतु उक्त 39वीं राष्ट्रीय सीनियर ताइक्वांडो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम क्वालीफाई करेगी। इस हेतु कोच, खिलाडी व प्रबंधन पूरी तरह से प्रयासरत है कि बिहार टीम भी नेशनल गेम्स में क्वालीफाई कर सके।

कठिन परिश्रम व संकल्प के सहारे हासिल करे सफलता- रजनीश रंजन

जिला ताइक्वांडो संघ के जिलाध्यक्ष सह बीटीएमयू के कार्यकारी अध्यक्ष रजनीश रंजन ने कहा कि आत्मविश्वास व संकल्प शक्ति से ही सफलता को प्राप्त की जा सकती है। अच्छा खिलाडी विपरीत परिस्थियों में भी सहज रहते है। उन्होंने खिलाडियों से कहा कि आपके ऊपर कोई दबाब नही है। बस अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का उचित अवसर है यह प्रतियोगिता।चयनित खिलाडियों को बीटीएमयू के अतिरिक्त महासचिव संजीव कुमार, बीटीएमयू के उपाध्यक्ष राम प्रमोद कुमार, कल्याण केन्द्र के सचिव भोगेन्द्र कुमार कमल, उपाध्यक्ष वागीश आनंद, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र कनौजिया, जिला ताइक्वांडो संघ संयुक्त सचिव अनिल कुमार तांती, जिला खेल संयोजक विश्वजीत कुमार, खेल शिक्षक सह क्रीडा भारती के प्रांत सह मंत्री रणधीर कुमार, रिफाइनरी कर्मी इन्कु कुमार, रिफाइनरी कर्मी सह ताइक्वांडो खिलाड़ी राजवंशी कुमार, जिला कोच मणिकांत, बरौनी ताइक्वांडो क्लब कोच मो.फुरकान, बलिया कोच मनोज कुमार स्वर्णकार, सीनियर प्रशिक्षक राम सुमरन, जय शंकर चौधरी, श्याम कुमार राज, रुपेश कुमार, महेंद्र कुमार, शिव कुमार, श्याम किशोर, नीरज कुमार, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सह बेगूसराय निर्वाचन आयोग के डिस्ट्रीक्ट आइकॉन सौरव कुमार समेत जिले के खेलप्रेमियों ने खिलाडियों को अपनी शुभकामना दी है।

विभूतिपुर के मजदूर की आसाम में हुई मौत, गांव में शव पहुंचते ही मचा कोहरम

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर के मजदूर की आसाम मौत हो गई। शुक्रवार को विभूतिपुर थाना क्षेत्र के महषी गांव स्थित घर पर शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। एक झलक पाने के लिए लोगों की भी उमड़ पड़ी। बताया गया कि महषी पंचायत के वार्ड 03 निवासी रविंद्र पासवान 60 वर्ष आसाम के ग्वालपाड़ा जिला में गल्ला एवं आलू प्याज की गाड़ी में मजदूरी करता था। एकाएक हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई। इसके बाद उनका शव गम लाया गया। वे दो भाइयों में छोटा थे। बड़े भाई भोला पासवान पूर्व मुखिया था। मां अभी जिंदा है। शव पहुंचते ही पत्नी आशा देवी सहित परिजनो का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। बता दे की मृतक के दो पुत्र राहुल कुमार 24 वर्ष एवं विवेक कुमार 15 वर्ष तथा तीन पुत्री पूजा कुमारी, ज्योति कुमारी, राजनी कुमारी है। सभी पुत्री विवाहित है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कपिलेश्वर कुंवर, अजीत कुमार झा, देवेंद्र मिश्र, रामसागर पासवान, रविंद्र कुमार, गणेश कुंवर, पंचायत के वर्तमान मुखिया राम प्रवेश राय, उमेश सिंह, रामदयालु सिंह सहित दर्जनों लोग शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की एवं पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

भक्ति के पीछे भगवान और माया के पीछे स्वंय नाचना पड़ता है : विनी किशोरी

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। भक्ति के पीछे भगवान और माया के पीछे स्वंय नाचना पड़ता है। उक्त बातें विभूतिपुर प्रखंड के कल्याणपुर उत्तर पंचायत के बैंतीपार स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी परिसर में आयोजित झूलनोत्सव के अवसर पर 9 दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा वाचिका वैदेही बिनी किशोरी कही। उन्होंने कथा के माध्यम से भक्ति और माया, स्वार्थ और विश्वास पर विस्तार से चर्चा करते हुए श्री राम की महिमा, शंकर भगवान की महिमा की गुणगान की। साथ ही तुलसीदास की कृतित्व के बारे में बखान करते हुए भक्तिमय भजन से दर्शकों को झुमाया। हजारों की संख्या में दर्शन भक्तिमय भजन में झूमते नजर आए।

कला संस्कृति मंत्री ने खगेश्वर स्थान मंदिर परिसर में किया वृक्षारोपण

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जितेन्द्र कुमार राय ,मंत्री कला संस्कृति एवं युवा मामले ने आज बंदरा प्रखंड के मतलुपुर स्थित बाबा खगेश्वर स्थान धाम पहुंच कर मंदिर का दर्शन एवं मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर बाबा खगेश्वर स्थान मंदिर विकास हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंदिर न्यास समिति के सचिव वैद्यनाथ पाठक ने किया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए स्थानीय विधायक निरंजन राय ने कहा कि बाबा खगेश्वर नाथ मंदिर काफी प्राचीन मंदिर है।

इसका इतिहास 500 साल से भी अधिक पुराना है। ऐसी किंवदंती है कि इसी स्थल पर शिव-गरुड संवाद हुआ था।शयहां शिवमन्दिर के बगल में पक्षीराज गरुड़ की प्रतिमा विराजमान हैं। उन्होंने मंत्री जितेन्द्र कुमार राय से मंदिर के विकास में पूर्ण सहयोग की मांग की। मंत्री जितेन्द्र कुमार राय ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि मैं पहली बार इस मंदिर परिसर में आया हूं। वैद्यनाथ पाठक द्वारा सममंर्पित मंदिर से सम्बंधित कागजात की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने स्तर से मंदिर के विकास में यथासंभव सहयोग करेंगे। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि आप सभी मिल -बैठ कर मंदिर एवं परिसर के विकास की योजना तैयार करें।सरकार उसके कार्यान्वयन का हर सम्भव प्रयास करेगी।इसमें उनका पूरा सहयोग रहेगा। मंदिर के हित में बेहतर से बेहतर काम किया जाएगा।

मौके पर राजद जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता ,बंदरा प्रखंड जदयू अध्यक्ष मनोज कुशवाहा , जिला जदयू उपाध्यक्ष मनोज झा ,मंदिर न्यास समिति के सचिव वैद्यनाथ पाठक भाकपा के शत्रुघ्न प्रसाद , विधायक प्रतिनिधि विनय यादव ,राजद के चंदेश्वर प्रसाद कुशवाहा , समेत काफी संख्या में उपस्थित थे।

अनुग्रह मध्य विद्यालय में हुआ कार्यषाला कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के द्वारा आज शहर के अनुग्रह मध्य विद्यालय में बच्चों को उनके बुनियादी कानूनी अधिकार एवं बुनियादी कानूनी जानकारी हेतु एक विषेष कार्यषाला का आयोजन किया गया। जिसमें पैनल अधिवक्ता अभिनन्दन कुमार एवं सतीष कुमार स्नेही ने भाग लिया तथा कार्यक्रम का मुख्य अतिथि अपर जिला सत्र न्यायाधीष सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर थे। तथा कार्यक्रम में विषेष भागीदारी प्रियदर्षी किषोर ने निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगाण से हुआ। तथा कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्या उदय कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सप्तम, अष्टम की छात्राओं की उपस्थिति बहुत संख्या में थी। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए सतीष कुमार स्नेही ने बच्चो से सम्बन्धित उनके अधिकार एवं उससे सम्बन्धित कानूनों से अवगत कराया गया। वहीं अभिनन्दन कुमार पैनल अधिवक्ता ने छात्र-छात्राओं को को जिला विधिक सेवा प्राधिकार का परिचय कराते हुए इसके कार्यो की रूप-रेखा से अवगत कराया गया तथा बच्चो को आज के दौर में हो रहे मोबाईल के द्वारा अपराध से रूबरू कराया तथा साईबर क्राईम से निपटने के माध्यमों से बच्चो को अवतगत कराते हुए कहा गया कि अगर किसी तरह की साईबर से सम्बन्धित समस्या होती हो और परेषानी का समाधान आप लोगो को नहीं हो रही हो तो आप प्राधिकार से सम्पर्क करें। बच्चों से रूबरू होते हुए जिले के पत्रकार प्रियदर्षी किषोर के द्वारा साईबर क्राईम से जुडे कई घटनाओं से छात्राओं को रूबरू कराते हुए बताया गया कि साईबर क्राईम से जुड़े जो भी जानकारी उपलब्ध करायी गयी है उसका उपयोग करें। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर तथा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी छात्र, छात्राओं से रूबरू होते हुए मित्रवत माहौल में उपस्थित छात्राओं को कई प्रेरक कहानियों के माध्यम से उनकी क्षमताओं का साकारात्मक उपयोग करने एवं समाज को बदलने तथा जागरूक करने में अपनी भूमिका तय करने हेतु प्रेरित किया।

गिद्धौर के रतनपुर में आपसी विवाद में हुई मारपीट में महिला घायल

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर : थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में आपसी विवाद में मारपीट का एक मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार जमुई थाना क्षेत्र के चौरा लोटन गांव निवासी अमरिका यादव की बहन की संगीता देवी की शादी बीते 15 वर्ष पूर्व गिद्धौर थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी जागो यादव के पुत्र नंदलाल यादव से हुई थी। नंदलाल यादव अक्सर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था व पैसे की मांग करता था। पीड़ित ने बताया है कि शुक्रवार को नंदलाल यादव अपनी दूसरी पत्नी मेरे बहन का सौतन मूरता देवी, भाई काटो यादव, लाली यादव, छोटू यादव के पिता जागो यादव के द्वारा मेरी बहन संगीता के साथ घर के अंदर ले जाकर मारपीट कर सर फोड़ दिया जिससे बहन संगीता बेहोश होकर जमीन पर जा गिरी। घटना की सूचना आसपास के लोगों से मुझे मिलते ही रतनपुर पहुंचकर बहन को इलाज हेतु दिग्विजय सिंह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहीं मारपीट की इस घटना में कार्रवाई को लेकर पीड़ित अमिरका यादव द्वारा गिद्धौर थाना में आवेदन दे मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए त्वरित कारवाई की मांग की है।

संक्षिप्त खबरें

अधिकारियों ने कई परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

छपरा। शुक्रवार को सर्वानन एम आयुक्त सारण प्रमंडल सारण, जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक, सारण डॉ गौरव मंगला के साथ राम जयपाल कॉलेज, ब्रजकिशोर किंडर गार्टन, गंगा सिंह कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के क्रम में बिहार लोक सेवा आयोग ,पटना के द्वारा आयोजित प्राथमिक/ माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा के सफल आयोजन हेतु कदाचार मुक्त ,स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।उनके द्वारा बताया गया कि किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन/ कैलकुलेटर/ ब्लूटूथ /वाई-फाई गैजेट/ इलेक्ट्रॉनिक पेन/ पेजर/ रिस्ट वॉच इत्यादि जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा व्हाइटनर/ इरेजर एवं ब्लेड जैसी सामग्री ले जाना पूर्णतः वर्जित है ।परीक्षा को स्वच्छ ,निष्पक्ष एवं कदाचार रहित वातावरण में संचालन कराने के उद्देश्य से आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने एवं हर पल की जानकारी हेतु जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या - 06152-242444 क्रियाशील के क्रियाशील होने की जानकारी दी गई। परीक्षा कदाचार रहित संपन्न कराने के उद्देश्य से दण्डाधिकारियों , (महिला एवं पुरुष) पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल की पर्याप्त संख्या में प्रतिनियुक्ति की गई है ।

राखी निर्माण प्रतियोगिता आयोजित किया गया

आरा। राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर+2 सिंगही, आरा के प्रांगण में द्वारा राखी निर्माण प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ' बहनों द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्तम राखियों का निर्माण किया गया जिसको अवलोकन विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा जी द्वारा किया गया ' इस अवसर पर रक्षाबंधन एवम हस्त निर्मित राखी के महत्त्व को बतलाते हुए कहा कि इस प्रकार से रक्षाबंधन का त्योहार भाई/बहन के साथ साथ समाज के प्रबुद्ध लोगों के बीच अपनत्व एवं स्नेह का अत्यधिक प्रवाह होता है ' अतः हमें हस्त निर्मित राखियों के साथ ही रक्षा बंधन का त्योहार मनाना चाहिए जो वर्तमान समय की अपेक्षा है ' इस अवसर पर सभी आचार्य उपस्थित एवं सम्मिलित रहें ।

झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ ने रामगढ़ में 24 गांवों के प्रतिनिधियों के साथ किया बैठक

पटना। रांची झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने बताया कि रामगढ़ जिला के कुजू सामुदायिक भवन में योगेश्वर पलानी परगना सुंडी संघ के बैनर तले इस संस्था के अध्यक्ष अनिल प्रसाद के अगुवाई में बैठक आयोजित किया गया जिसमें योगेश्वर पलानी परगना सुंडी संघ छेत्र के हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़ जिला के सीमावर्ती 24 गांवों के प्रतिनिधियों के साथ आहूत बैठक में दिनाक 24 सितंबर को रांची में होने वाली अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह,आयोजक झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के एक दिवासीय कार्यक्रम में योगेश्वर पलानी परगना सुंडी समाज के 24गांव के प्रतिनिधी रांची मोराबादी मैदान स्थित संगम गार्डेन हाल पहुंचेंगे। बैठक में उपस्थित मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु, प्रदेश यूवा मोर्चा अध्यक्ष दिलिप नाथ साहु, पलानी परगना के संरक्षक प्रो खिरोधर प्रसाद साहु ,अध्यक्ष अनिल कुमार प्रसाद, महामंत्री कुलदीप प्रसाद, रमाशंकर प्रसाद राजन के अलावा योगेश्वर पलानी परगना सुंडी संघ के 24 गांव के प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए।

सर्पदंश से वृद्ध व्यक्ति की मौत, परिजनों में मची चीखपुकार

दाउदपुर (मांझी)। दाउदपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर पंचायत स्थित लक्ष्मीपुर गांव में बीती रात साँप के काटने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक लक्ष्मीपुर गांव निवासी स्व.लाली सिंह के 68 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र सिंह उर्फ काका बताये जाते है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुरेंद्र सिंह भोजन करने के बाद बरामदे में चौकी पर सोए हुए थे तभी अचानक एक विषैला सांप किसी तरह उनके बिस्तर पर चढ़ गया और उन्हें डंस लिया। सांप के डँसते ही वे अचेत हो गए। अनान-फानन मेंपरिजनो ने उन्हेंतत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा लेकर गए जहां चिकित्सक ने मरीज की गंभीर हालत देख कर उन्हें सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

विगत 33 वर्षों की सरकार में पिछड़ा - अति पिछड़ा समाज की हालत में नहीं आया सुधारः आकाश आनंद

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पिछड़े-अति पिछड़े और वंचितों को उचित राजनीतिक और आर्थिक हिस्सेदारी के साथ आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर आज पटना के बापू सभागार में बहुजन समाज पार्टी का एक दिवसीय पिछड़ा अति पिछड़ा अधिकार सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बहुजन समाज पार्टी के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी श्री आकाश आनंद ने बिहार के नेताओं और कार्यकताओं में जोश भरा। इस अवसर पर पार्टी के राज्यसभा सांसद श्री रामजी गौतम, बिहार के राष्ट्रीय प्रदेश प्रभारी श्री लाल जी मेघांकर, एडवोकेट श्री सुरेश राव और बिहार प्रभारी श्री अनिल कुमार मौजूद रहे। पिछड़ाअति पिछड़ा अधिकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए आकाश आनंद ने कहा कि बिहार में पिछड़ा झ अति पिछड़ा समाज 33 साल पहले की तरह हाशिये पर है, जबकि विगत 33 सालों से यहाँ शासन की कामन पिछड़ों के हाथ में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। प्रदेश की जदयू झ राजद वाली महागठबंधन की सरकार ओबीसी- बहुजन समेत सर्व समाज विरोधी है। लेकिन हमें इसे बदलना होगा, इसलिए आज के दिन मैं बहन मायावती जी के संदेश को लेकर बिहार की पावन भूमि पर आया हूँ। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूँ कि आज मुझे मंडल मसीहा सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बी पी मंडल की धरती पर संवाद का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि बिहार में ओबीसी व पिछड़ा अति पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज आज भी अच्छी शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के सवाल पर बुरी स्थिति में है, जबकि सरकार पिछड़ों का है। यहाँ से पलायन जारी है।

छात्र नौजवान दूसरे प्रदेशों में शिक्षा ग्रहण कर आजीविका चला रहे हैं। बिहार की जनता ने 33 सालों में दोनों तरह की सरकारें देखी, लेकिन उनके हाथ आज भी मायूसी है। 17 % दलित और 36 % अतिपिछड़ा लोग बिहार में रहते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार आज गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बहुजन समाज पर अत्याचार आदि के मामले में आगे है। लेकिन अब नहीं। अब इस हालत को बदलना है। और इसके लिए बाबा साहब के संविधान और बहन मायावती जी के विजन को अपनाना होगा, जो उन्होंने उत्तर प्रदेश में किया, जिससे बहुजन समाज की स्थिति में बदलाव आया। आकाश आनंद ने बाबा साहब के हवाले समता मूलक समाज और उससे संबंधित भारतीय संविधान के निर्माण का जिक्र किया और कहा कि बाबा साहब ने जिस लोकतंत्र की व्याख्या की, उसमें अत्याचर, विभेद, नफरत जैसी चीजें नहीं थी। उसमें हर धर्म - जाति - वर्ग के लिए समानता और समरसता की बात कही। बहन मायावती और बहुजन समाज पार्टी उसी को हकीकत में बदलने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

इप्टा निकालेगी 'ढाई आखर प्रेम का' देशव्यापी सांस्कृतिक पदयात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) इप्टा 28 सितंबर 2023 से 30 जनवरी 2024 तक देशव्यापी सांस्कृतिक पदयात्रा 'ढाई आखर प्रेम का' निकालेगी। इप्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रसन्ना, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश वेदा और राष्ट्रीय महासचिव तनवीर अख्तर ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर ये जानकारी दी है।

इप्टा ने पिछले साल आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर 'ढाई आखर प्रेम काः सांस्कृतिक यात्रा' की शुरूआत प्रख्यात मनीषी राहुल सांकृत्यायन के जन्मदिन एवं प्रगतिशील लेखक संघ के स्थापना दिवस 9 अप्रैल 2022 को रायपुर छत्तीसगढ़ से की थी। इस यात्रा में इप्टा ने अपने नाटकों, गीतों, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के 300 से अधिक गांवों, कस्बों, शहरों में लाखों आम मजदूर, किसानों, महिलाओं, दलित, आदिवासियों और आम नागरिकों से आत्मीय संबंध स्थापित करते हुए प्रेम, समन्वय, सौहार्द और एकजुटता का संदेश दिया गया। यात्रा का समापन 22 मई 2022 को इंदौर में हुआ।

17 से 19 मार्च 2023 तक डाल्टनगंज (झारखंड) में हुए इप्टा के राष्ट्रीय अधिवेशन ने फैसला लिया कि 2023 में भगत सिंह के जन्मदिन 28 सितंबर 2023 से पूरे देश के 20 से 22 राज्यों में 'ढाई आखर प्रेम का' की पदयात्रा की जाएगी जिसका समापन महात्मा गांधी के शहादत दिवस 30 जनवरी 2024 को दिल्ली में होगा। यात्रा में प्रगतिशील लेखक संघ, जनवादी लेखक संघ, जन संस्कृति मंच, दलित लेखक संघ, जन नाट्य मंच एवं विभिन्न प्रदेशों, जनपदों के अनेक श्रमिक, महिला, किसान, दलित, आदिवासी, पर्यावरण एवं विभिन्न मुद्दों पर काम करने वाले अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक संगठन शामिल होंगे।राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य डा० अमित रंजन ने बताया कि 'ढाई आखर प्रेम का : सांस्कृतिक यात्रा' असल में स्वतंत्रता संग्राम के गर्भ से निकले स्वतंत्रता - समता - न्याय और बंधुत्व के उन मूल्यों के तलाश की कोशिश है, जो आजकल नफरत, वर्चस्व और दंभ के तुमुलघोष में डूब सा गया है। गो कि वो हमारे घोषित संवैधानिक आदर्शों में झिलमिलाते हुये हर्फों के रूप में, गांधी के प्रार्थनाओं में और हमारी आशाओं में अभी भी चमक रहा है। जिसका दामन पकड़कर हमारे किसान गांधी के अंहिसा और भगत सिंह के अदम्य साहस के रास्ते अपनी कुबार्नी देते हुए डटे हैं।

अध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने बताया कि यह यात्रा उन तमाम शहीदों, समाज सुधारकों एवं भक्ति आंदोलन और सुफीवाद के पुरोधाओं का सादर स्मरण है, जिन्होंने भाषा, जाति, लिंग और धार्मिक पहचान से इत्तर मनुष्य के मुक्ति एवं लोगों से प्रेम को अपना एकमात्र आदर्श घोषित किया।

वरीय सदस्य शिक्षिका कंचन बाला ने बताया कि प्रेम जो उम्मीद जगाता है, प्रेम जो बंधुत्व, समता और न्याय की पैरोकारी करता है, प्रेम जो कबीर बनकर पाखंड पर प्रहार करता है, प्रेम जो भाषा, धर्म जाति नहीं देखता और इन पहचानो से विमुख होकर धर्मनिरपेक्षता का आदर्श बन जाता है।

कार्यकारी अध्यक्ष श्याम सानू ने बताया कि 'ढाई आखर प्रेम का' इस यात्रा के बहाने बापू के पास चलें, भगत, अशफाक, बिस्मिल और अनेकानेक शहीदों के पास चलें। उस हिंदुस्तान में चलें जो अंबेडकर के ख्वाब में पल रहा था, जो विवेकानंद और रवींद्रनाथ टैगोर के उद्दात मानवतावादी आदर्शो में व्यक्त हो रहा था। मानवतावाद जो अंधराष्ट्रवादी - मानवद्रोही विचार को चुनौती देते हुए टैगोर के शब्दों में 'उन्नत भाल और भय से मुक्त विचार' में मुखरित हो रहा था। जहां ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले और पंडिता रमाबाई जैसे लोग ज्ञान के सार्वभौम अधिकार के लिए लड़ रहे थे। जो आज तक भी हासिल नहीं किया गया है।

डा० रंजन ने कहा कि यह यात्रा नफरत के बरक्स प्रेम, दया करुणा, बंधुत्व, समता से परिपूर्ण न्यायपूर्ण हिंदुस्तान को समर्पित है। जिसे हम और आप मिलकर बनाएंगे। जो बनेगा जरूर। वो सुबह कभी तो आयेगी...!

छपरा शाखा के डा. शालिग्राम विश्वकर्मा, डा० लाल बाबू यादव, डा मकेश्वर चौधरी, प्रियंका कुमारी, विनय कुमार, लक्ष्मी कुमारी, सत्येंद्र यादव आदि कलाकारों ने पदयात्रा को एक ऐतिहासिक कदम करार दिया है।

नए टी शर्ट पहन सफाई कर्मियों के खिले चेहरे

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। महिलाओं की अंतरास्ट्रीय संस्था इनर व्हील क्लब ऑफ सारण सामाजिक कार्यो में लगातार लगी हुई है ,इसी कड़ी में साहेब गंज सोनार पट्टी में समाज के सबसे निचले पायदान पर रहने वाले और बुनियादी सुविधाओं से वंचित रह कर साफ सफाई में अपना योगदान देने वाले सफाई कर्मियों के बीच नए टी शर्ट का वितरण क्लब द्वारा किया गया।

टी शर्ट को पहन सफाई कर्मी काफी खुश हो गए और उन्होंने क्लब के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि हमलोगों के लिये भी कुछ अच्छा करने सोचने वाली संस्था अच्छा काम कर रही है। यह कार्य सराहनीय है और देख कर अच्छा लगता है । इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष तनुजा जायसवाल ने सफाई कर्मियों का आभार जताते हुए कहा कि आप सब लोग अगर न हो तो शहर सुंदर कैसे बनेगा इसलिये हमारी संस्था जितना भी हो सके आप जैसे लोगो के लिये हमेशा कुछ न कुछ अच्छा करने का प्रयास करती रहेगी ,आप लोग साफ सफाई करते है तो हमारा भी ये फर्ज बनता है कि हम भी आपलोगो के लिये जीवन स्तर सुधारने में कुछ मदद करें।

इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष अनु देवी ,कोषाध्यक्ष अंकिता जायसवाल ,मंजू गुप्ता ,सीमा देवी ,निष्ठा कुमारी मौजूद थी ।इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी रूपा राज ने दी ।

स्व रामचंद्र साह का शव पोस्टमार्टम से घर पहुंचते ही पसरा मातम

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। सुजनी को कौन मिटा सकता है, अगर ऐसा आभास होता तो शायद स्वर्गीय रामचंद्र साह काल के गोद से बच जाते, आपको बताते चलें कि देर रात स्कॉर्पियो से सिवान जिला के थाना लकड़ी नवीगंज अंतर्गत ग्राम बगही से आने के क्रम में स्कॉर्पियो चालीस आंटी बाजार के समीप नहर में पलट जाने से रामचंद्र साह सहित पांच लोगों का मृत्यु हो गया था। आज जैसे ही छपरा सदर अस्पताल से स्वर्गीय रामचंद्र साह का शव पोस्टमार्टम होकर मशरक थाना क्षेत्र के पदमपुर गांव पहुंचा गांव में मातम पसर गया, परिजन चित्रकार चीत्कार कर रोने लगे, पूरा गांव का माहौल गमहीन हो गया है। आपको बताते चले की पंचायत के मुखिया बच्चा लाल साह ने बताया कि रामचंद्र साह को चार पुत्र है। रामचंद्र साह पेशे से हलवाई का काम करते थे। जो अपनी टीम को लेकर बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के सोनवलिया गांव निवासी स्व दिनेश सिंह के ससुराल श्राद्ध कर्म जग के लिए भोजन बनाने के लिए गए हुए थे,जग का काम समाप्त कर लौटने के क्रम में हादसे के शिकार होने पर पांच लोगों की मौत हो गया।

शिव कुमारी सिंह आईटीआई के सभागार में छात्र सम्मान समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। मनुष्य के भीतर असीमित अदृश्य शक्तियाँ तथा हाथों में अनगिनत हुनर मौजूद हैं सफल शिक्षकों द्वारा उन्हें उकेर कर बेहतर जीवन तथा समर्थ समाज की संरचना की जा सकती हैं। यह बातें भाजपा नेता प्रो शिवाजी सिंह ने स्थानीय शिव कुमारी सिंह आईटीआई के सभागार में आयोजित छात्र सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि अपने हाथ के हुनर व विधा से देश के किसी भी क्षेत्र में जाकर समाज का नव निर्माण किया जा सकता है तथा परिवार एवम समाज को खुशहाल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कैम्पस सलेक्शन के माध्यम से यह संस्थान प्रतिवर्ष सैकड़ों युवकों को उद्यमी बना कर उन्हें रोजगार मुहैया करा रहा है। संस्थान के प्रबन्धक प्रो पृथ्वीनाथ सिंह उर्फ राजा सिंह ने कहा कि देहाती क्षेत्र में भी इस संस्थान के सहारे वर्षो से बेरोजगार युवकों में हुनर का बीजारोपण किया जा रहा है। समारोह में बीते वर्ष की परीक्षा में 94 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्र द्वय अरविन्द महतो तथा इन्द्रजीत कुमार राम को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। जबकि 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 21 छात्रों को मेडल से सम्मानित किया गया। मौके पर अनेक गणमान्य लोग व प्रशिक्षक आदि मौजूद थे।

हत्या के फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

प्रात : किरण संवाददाता

दरियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के महम्मदपुर पोखरा के एक हत्या के फरार आरोपी के घर पर झारखंड हजारीबाग के बरकट्ठा थाने की पुलिस ने इस्तेहार चस्पाया है ।एस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 में एक व्यक्ति की लूटपाट के बाद हत्या कर दी गई थी।

इस हत्याकांड में 31 मई 2018 को हजारीबाग झारखंड के बरकट्ठा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी ।जिसमें स्थानीय थाने के महम्मदपुर के कृष्णा राय को नामजद अभियुक्त बनाया गया था ।तभी से वह फरार चल रहा था ।इसके बाद कोर्ट के आदेश पर सब इंस्पेक्टर अशोक टोप्पो के नेतृत्व में झारखंड की बरकट्ठा की पुलिस की टीम यहां पहुंची ।फिर स्थानीय पुलिस के साथ फरार अभियुक्त के घर जाकर इस्तेहर चस्पाया।

इसुआपुर में मतदान केंद्रों का हुआ भौतिक सत्यापन

इसुआपुर । तरैया विधानसभा के निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी सह मढ़ौरा डीसीएलआर नलिन राणा तथा सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी सह बीडीओ इसुआपुर संतोष कुमार मिश्रा ने प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने आतानगर, गंगाई डटरा पुरसौली, चकहन व अन्य गांवों में भ्रमण कर मतदान केंद्रों की वास्तविक स्थिति की जांच की। विभागीय सूत्रों के मुताबिक कुछ राजनीतिक दल के नेताओं और मतदाताओं ने कुछ मतदान केंद्रों के बदले जाने की मांग की थी। जिसके आलोक में मतदाताओं की सुविधा के मद्देनजर संबंधित मतदान केंद्रों के पास जाकर मतदाताओं से पूछताछ कर वास्तविक स्थिति की जानकारी ली गई।

कार्यपालक पदाधिकारी ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। नगर पंचायत सोनपुर के सभा भवन में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत नगर पंचायत में संचालित स्वयं सहायता समूह के 50 समूह को समूह के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष के अत्री समूह के सदस्य तथा सीआरपी महिलाओं को समूह के खाता वही रख रखाव तथा बैंक के लेनदेन अपने आजीविका के लिए रोजगार के विषय बिंदु पर क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का उद्घाटन नगर पंचायत सोनपुर के कार्यपालक पदाधिकारी रंजीत कुमार एवं सिटी मैनेजर पम्मी सिंह तथा मनोरंजन कुमार के जूनियर इंजीनियर के उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन संबोधन में कर पालक पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि भारत सरकार के एक महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय शहरी आज का मिशन के अंतर्गत नगर पंचायत सोनपुर के दूसरा महिलाओं का समूह गठन किया गया है जिसमें 75 समूह को बैंक द्वारा भी पोषण कराया गया है।

50 समूह के सदस्यों को नगर पंचायत के सहयोग से प्रति समूह करशील पूंजी के रूप में10000 दिया गया है भारत सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार समय-समय पर क्षमता वर्धन प्रशिक्षण देकर महिलाओं को नॉर्मल बनाया जा रहा है इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए सुरेंद्र प्रसाद चौरसिया जिला मास्टर ट्रेनर ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रारंभ किया।

बिहार में भाजपा का किसी दल से नही होगा चुनावी समझौता : सम्राट चौधरी

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि 2024 के लोकसभा और 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी राज्य में किसी भी दल से चुनावी समझौता नही करेगी। श्री चौधरी ने औरंगाबाद में गुरुवार को यह घोषणा की। साथ ही शर्तें भी रखी। उन्होने पार्टी कार्यकताओं के समक्ष शर्त रखते हुए कहा कि हमने केंद्र में 2024 में केंद्र में पुनः नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने और 2025 में बिहार में सुशासन का भाजपा राज स्थापित करने का संकल्प ले रखा है। इसी संकल्प के तहत हमने अपने सर पर पगड़ी नही मुरेठा बांध रखा है। यह मुरेठा मेहनत का प्रतीक है। यह मुरेठा उसी दिन खुलेगा, जिस दिन बिहार में भाजपा का सरकार बनेगा। कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने से पहले उन्होने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से यह वचन लिया था कि किसी भी सूरत में नीतीश कुमार से समझौता नही होगा। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व आज भी इस वचन पर कायम है। उन्होने कहा कि वें चाहते है कि बिहार में भाजपा की अकेले अपने दम पर सरकार बने। यह संभव भी है लेकिन इसके लिए परिश्रम करना होगा। कार्यकताओं को पसीना बहाना होगा। हमारे कार्यकर्ता बुथ और शक्ति केंद्र को मजबूत करे। कार्यकताओं के परिश्रम से जिस दिन पार्टी राज्य के हर बुथ पर मजबूत हो जाएंगी, उस दिन से पार्टी किसी भी दल के साथ चुनावी समझौता करने के बजाय राज्य की हर विधानसभा की सीट पर अपने बल बूते पर चुनाव लड़कर जीतने में सक्षम होगी। वह दिन भी आएगा जब राज्य में भाजपा की अपनी सरकार होगी बशर्ते कार्यकर्ता मेहनत कर पार्टी को ऐसी मजबूत स्थिति में ला दे। उन्हे कार्यकताओं पर पूरा भरोसा है और कार्यकर्ता इसे पूरा कर ही दम लेंगे। श्री चौधरी ने अवाम से आह्वान करते हुए कहा कि 2024 में ऐसी व्यवस्था कीजिएं कि नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनने का जो यह कीड़ा काटता है, वें उस कीड़े से कटवाना ही भूल जाएं। यह भी कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाइए कि 2024 में नीतीश कुमार का खाता नही खुले, जो तय भी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष ने की जबकि संचालन रवि शंकर ने किया। कार्यक्रम में औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह, विधान पार्षद दिलीप सिंह, पार्टी नेता प्रमोद चंद्रवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता व गोह के पूर्व विधायक मनोज शर्मा एवं प्रदेश सचिव सह काराकाट लोस क्षेत्र के प्रभारी त्रिविक्रम नारायण सिंह आदि ने विचार रखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चंद्रयान-3 के सफलता पर औरंगाबाद के साहित्यकारों ने बधाई दी

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था समकालीन जवाबदेही परिवार एवं जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय वैज्ञानिकों के भागीरथी प्रयास के पश्चात चंद्रयान 3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक स्थापित होने के आलोक में इसरो परिवार को बधाई दिया है। बधाई संदेश में सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,समकालीन जवाब देही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी, डॉ रामाधार सिंह, डॉ शिवपूजन सिंह, अलख देवसिंह, रिटायर्ड दरोगा मुरलीधर पांडेय, सिंहेश सिंह, मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य लोगों ने एक स्वर में कहा कि यह उपलब्धि ऐतिहासिक एवं युगांतरकारी है। ऐसा क्षण सदियों में कभी-कभी आता है। अंतरिक्ष अनुसंधान की परिकल्पना 1962 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने रखी थी। उस समय इसका नाम अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए भारतीय राष्ट्रीय समिति था।

मानू में प्रवेश लेने की तिथि को किया गया विस्तारित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। मौलाना आजाद नेशनल उर्दू विश्वविद्यालय में प्रवेश की तिथि का विस्तार कर दिया गया है. उक्त जानकारी जेपी विश्वविद्यालय स्थित अध्ययन केंद्र के समन्वयक और इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो सैयद रजा ने दी. उन्होंने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में ऑनलाइन प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय ने आवेदन तिथि 26 सितंबर तक बढ़ा दी है. साथ ही शुल्क जमा करने की तारीख भी 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है. इससे पहले पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 अगस्त और प्रवेश शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि तीन अगस्त तक ही थी. उन्होंने बताया कि जेपी विश्वविद्यालय में स्थित सारण एलएससी का कोड 22254 है और इसका क्षेत्रीय केंद्र दरभंगा है. अभ्यर्थी एमए उर्दू, एमए हिंदी, एमए अंग्रेजी, एमए इतिहास के अलावा एमए अरबी और एमए इस्लामिक स्टडीज में प्रवेश ले सकते हैं. वहीं बीए, बीकॉम, बीएससी (लाइफ एंड फिजिकल साइंस), इस्लामिक स्टडीज के साथ पत्रकारिता और जनसंचार में डिप्लोमा, तकनीकी अंग्रेजी में डिप्लोमा, प्रारंभिक बाल देखभाल और शिक्षा में डिप्लोमा, स्कूल लीडरशिप में डिप्लोमा सहित कार्यात्मक अंग्रेजी में सर्टिफिकेट कोर्स और उर्दू प्रवीणता में सर्टिफिकेट कोर्स में नामांकन लिया जा सकता है. उन्होंने बताया कि मानू की वेबसाइट पर इन पाठ्यक्रमों का विवरण और तिथि विस्तार की सूचना देखी जा सकती है. प्रो रजा ने कहा कि मानू विशेष रूप से मदरसा के छात्रों, शिक्षकों तथा महिलाओं के लिए आधुनिक शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है. यह उन लोगों के लिए बहुत आसान और सुविधाजनक हो सकता है जो दूरस्थ शिक्षा पद्धति के तहत अध्ययन करना चाहते हैं. प्रवेश या परीक्षा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए एलएससी के एमटी डॉ. मुहम्मद उस्मान अंसारी से सीधे तौर पर या मोबाइल नंबर 7739047206 पर संपर्क किया जा सकता है।

माँझी के सबदरा में बनदेवी महोत्सव की तैयारी जोरों पर

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। प्रखण्ड के मरहा पंचायत अंतर्गत सबदरा गाँव मे 27 अगस्त को होने वाले बनदेवी महोत्सव की तैयारिया जोरों पर चल रही है। जदयू आदिवासी प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों से तीन हजार महिलाओ एवं पुरुष उक्त कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यकम में मुख्य अतिथि बिहार राज्य अनुसूचित जन जति आयोग के चेयरमैन संतोष कुमार सुमन, जदयू आदिवासी प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार गोंड़,अनुसूचित जन जति सलाहाकार प्रमोद कुमार सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी शामिल होंगे। श्री कुमार ने बताया कि बनदेवी महोत्सव की तैयारिया पूर्ण हो गई है। जबकि पूजा की तैयारियों को लेकर सैकड़ो सदस्य रात दिन एक किए हुए है। मौके पर बिनोद कुमार साह, मरहा पंचायत के मुखिया मुन्ना साह,पूर्व मुखिया परमहंस साह गोंड़, सरपंच शिव पुकार साह, पूर्व मुखिया शिव प्रसाद साह,तपेश्वर साह,मुसाफिर साह, सुरेंदर साह, दरोगा साह, मनोज साह, प्रमोद कुमार साह,बीरेश साह,तारकेश्वर साह, सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

देखते ही देखते सरयू नदी की तेज धारा में लगा दी छलाँग

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी ।सड़क दुर्घटना में मृत अपने मित्र की दर्दनाक मौत से आहत एक अति उत्साही मित्र ने मौत को गले लगाने के उद्देश्य से देखते ही देखते सरयू की तेज धारा में छलाँग लगा दी और गहरे पानी में बहकर डूबने लगा। फिर क्या था मौके पर मौजूद सैकड़ों शव यात्रियों में से एक साथ कई युवकों ने नदी में कूदकर डूब रहे युवक को कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ लिया तथा गहरे पानी से बाहर निकाल लिया।

बाद में लोगों ने समझा बुझाकर किसी तरह उसे घर पहुंचा दिया। मालूम हो कि गुरुवार की शाम माँझी एकमा बरौली पथ पर बरेजा के समीप हुई सड़क दुर्घटना में बुरी तरह जख्मी सर्वजीत शर्मा की देर रात इलाज के क्रम में मौत हो गई। शुक्रवार को सर्वजीत की शव यात्रा जैसे ही माँझी श्मसान घाट पहुँची तथा चिता पर शव को लिटाकर छह वर्षीय मासूम मुखाग्नि देने के लिए जैसे ही खड़ा हुआ तभी अचानक दारा चौधरी नामक मृतक का मित्र सरयू में छलाँग लगा दिया तथा डूबने लगा।

बाद में नदी से बाहर निकाल लिए जाने के बाद वह एक ही रट लगाए जा रहा था कि मेरा मित्र

सम्पादकीय

उपलब्धि को फीका करती घृणा

भारत के चन्द्रयान-3 के बुधवार की शाम को चन्द्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने से बहुत पहले ही उसकी कामयाबी लगभग निश्चित समझी जा रही थी साथ ही यह भी तय माना जा रहा था कि इसकी सफलता से (या कहें कि असफल होने पर भी) राजनैतिक, सामाजिक और धार्मिक- तीनों ही तरह के आपसी मतभेद सामने आ जाएंगे। इस उपलब्धि के लिये छीना-झपटी होने का पूवार्नुमान था और यह भी पहले से ही सोच लिया गया था कि इसका उपयोग अपने राजनैतिक विरोधियों और अलग तरह की धार्मिक आस्था रखने वाले लोगों या समूहों के लिये किया जायेगा; पर यह सब इतनी जल्दी होगा, यह नहीं सोचा गया होगा। वैज्ञानिक उपलब्धियां किसी एक देश की नहीं वरन समग्र मानव के ज्ञान व प्रतिभा की देन मानी जाती है। वैज्ञानिक विकास किसी एक देश का नहीं बल्कि वैश्विक होता है। इसलिये विज्ञान सम्बन्धी विचारों और शोधों-आविष्कारों का प्रतिफल दुनिया भर को मिलता है; पर भारतीयों ने अपनी इस उपलब्धि को बहुत संकीर्ण तो बना ही दिया है, उसका उपयोग वे परस्पर नफरत फैलाने के लिये वैसा ही कर रहे हैं जैसा कि धर्म, राजनीति या सामाजिक विचारों का, विशेषकर हाल के वर्षों में करते आ रहे हैं। ऐसा करके हम न सिर्फ इस बड़ी उपलब्धि को छोटा बना रहे हैं वरन देश-दुनिया के तरक्की पसंद व वैज्ञानिक चेतना से युक्त वर्गों के बीच स्वयं का कद भी घटा रहे हैं।

चन्द्रयान-3 की सफलता से यह तो साबित हो गया है कि हमारे देश के वैज्ञानिकों की प्रतिभा असीम है और वे अपनी उपलब्धियों का झंडा सर्वोच्च ऊंचाइयों तक फहराना चाहते हैं, लेकिन दूसरी तरफ बड़ी संख्या में ऐसे भी लोग हैं जो अपनी संकीर्णताओं से ऊपर उठना ही नहीं चाहते। वे नफरत के कीचड़ में गहरे धंसे हुए ही संतुष्ट हैं। अमेरिका, रूस व चीन जैसी सबसे बड़ी अंतरिक्ष शक्तियों के समकक्ष आने के बाद भी हम इस कामयाबी को उसी चश्मे से देख रहे हैं जिसका एक लेंस राजनैतिक विचारों का है तो दूसरा मजहबी है। वैज्ञानिक उपलब्धि को वैज्ञानिकता की कसौटी पर कसने की बजाय ऐसे लोग चन्द्रयान-3 की सफलता को घृणा बढ़ाने का एक औजार बना रहे हैं।

विज्ञान इंसानों को संकुचित विचारों से बाहर निकालने का काम करता है लेकिन लगता है कि भारत में विज्ञान जैसी विधा का भी उपयोग परस्पर नफरत बढ़ाना ही हो गया है। इसलिये इस उपलब्धि पर जो लोग झूम रहे हैं वे अपने मजहब और राजनैतिक विचारों के कारण, न कि विज्ञान में कोई रुचि या विश्वास के चलते। नफरत फैलाने व विरोधी विचारधारा के लोगों को नीचा दिखाने की जल्दबाजी देखिये कि अभी चन्द्रयान-3 ने अपना काम चांद की सतह पर ठीक से प्रारम्भ भी नहीं किया था और आनन-फानन में सोशल मीडिया पर इस कामयाबी को अपनी झोली में डालने के लिये वे लोग उतर पड़े जो मानते हैं कि विकास 2014 के बाद ही हुआ है। कहा जा रहा है कि देश की वैज्ञानिक प्रतिभा का सही इस्तेमाल अब कहीं जाकर प्रारम्भ हुआ है। इसके पहले भारतीय अंतरिक्ष शोध संगठन (इसरो) के अस्तित्व को नकारना तो उनके लिये सम्भव नहीं था लेकिन बहुत चालाकी बरतते हुए संस्थान के आगे बढ़ने का श्रेय विक्रम साराभाई को दिया गया- माइनस जवाहरलाल नेहरू का नैरेटिव गढ़ते हुए। यह जानते हुए भी कि इसरो उन्हीं की देन है लेकिन उन्हें श्रेय न देकर वे अपने उन राजनैतिक आकाओं को खुश करना चाहते होंगे जिन्होंने हाल ही में दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू संग्रहालय का ही नाम बदल डाला है। एक पूरा समूह बुधवार की शाम से विरोधी विचारधारा, खासकर कांग्रेस के शासनकाल व उसकी उपलब्धियों पर पिला पड़ा हुआ है। हालांकि ये लोग इस बात का जवाब नहीं दे पा रहे हैं कि अगर भारत सरकार की देश के वैज्ञानिक विकास में इतनी ही रुचि है तो अंतरिक्ष विज्ञान विभाग के 2023 के बजट में 32 प्रतिशत की कटौती क्यों की गयी है? जिसके कारण चन्द्रयान-3 और आदित्य एल-1 जैसी परियोजनाओं को 12500 करोड़ रुपये कम मिले। यह उससे पिछले साल की तुलना में 8 फीसदी कम राशि थी। अगर बात सियासी मतभेदों तक सीमित होती तो बहुत दिक्कत नहीं थी क्योंकि कांग्रेस मुक्त नारे के साथ आई मौजूदा सरकार हर कदम पर पूर्ववर्ती सरकारों को नीचा दिखाने का कोई अवसर नहीं छोड़ती जो मानती है कि 2014 के पहले कुछ विकास ही नहीं हुआ था।

मां से चंदा मामा तक का सफर

सनत जैन

भारत ने धरती से चांद तक का सफर सफलतापूर्वक तय कर लिया है। 23 अगस्त 2023 की शाम 6:02 पर चंद्रयान 3 चांद के दक्षिणी ध्रुव में पहुंच गया। चंद्रयान-3 ने 40 दिन में 21 बार पृथ्वी और चांद की परिक्रमा करते हुए, चंद्रयान ने धरती से चांद की 3.84 लाख किलोमीटर की दूरी सफलतापूर्वक तय करके सारी दुनिया को चौंका दिया है। भारत पहला ऐसा देश बन गया है। जिसने दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने में सफलता अर्जित की है। इससे भी बड़ी सफलता की बात यह है, कि धरती से चांद की इस यात्रा में भारतीय वैज्ञानिकों ने,जिस तरह से पृथ्वी और चांद के गुरूत्वाकर्षण के बीच में समन्वय बनाने का असाधारण काम किया है। वह सारी दुनिया के लिए हैरान करने वाला है। भारत के वैज्ञानिकों ने जिस तरह से चंद्रयान-3 के लिए मिनट और सेकंड का इस्तेमाल करते हुए पल-पल की जो योजना तैयार की। विभिन्न तकनीकों के बीच समन्वय बनाने का काम किया।

चांद के बारे में जानने के लिए सैटेलाइट रोबोट के माध्यम से चांद के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी एकत्रित करने की दिशा में काम किया है। वह अद्वितीय है। भारत की इस कामयाबी से चांद पर अब बस्ती बनाने की दिशा में भी सोचा जा सकता है। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब चांद की यात्रा भी भविष्य में सफलता पूर्वक की जा सकेगी। इसकी नई संभावनाएं खुलकर सामने आ गई हैं। चंद्रयान-3 ने यह साबित कर दिया है, कि भारतीय वैज्ञानिकों को यदि थोड़े से भी संसाधन मिलते हैं। सरकार उनके कार्यों को सुगम बनाने के लिए समय पर त्वरित निर्णय लेकर संसाधन उपलब्ध करा देती है। तो भारत के वैज्ञानिक किसी भी असंभव काम को संभव कर सकते हैं। सारी दुनिया में भारत के वैज्ञानिक अपने ज्ञान का झंडा फहरा सकते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है। भारत के धर्म शास्त्रों में ऋषि-मुनियों ने गृह, नक्षत्र एवं प्रकृति के सभी रहस्यों के बारे में तरह-तरह की जानकारी उपलब्ध है। जो भारतीय वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष के रहस्य से जोड़ने में महत्वपूर्ण होती है।

भारतीय संस्थान इसरो का अगला मिशन सूर्य तक पहुंचाने का है। इसके लिए इसरो ने अपनी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली है। आदित्य एल नाम का रॉकेट का प्रक्षेपण करने की दिशा में बहुत तेजी से काम चल रहा है। सितंबर या अक्टूबर माह में सूर्य का अध्ययन करने के लिए गगनयान अभियान शुरू हो जाएगा। इसको सूर्य तक पहुंचाने के लिए कम से कम 120 दिन का समय लगेगा। चांद के दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचाने की परिकल्पना पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम आजाद ने की थी। उनका सपना उनके शिष्यों ने पूरा करके अपने गुरु डॉ अब्दुल कलाम आजाद को गुरु दक्षिणा दे दी है। चांद को लेकर भारतीय सामाजिक और धार्मिक व्यवस्था में बहुत सारे मिथक, कथानक और कहावतें जुड़ी हुई हैं। बचपन से ही हमें चांद के बारे में सुनने को मिलता रहा है, चंदा मामा दूर के- पुडी पकाए पूरके की लोरी सुनकर भारत के बच्चे बड़े होते हैं। बच्चों की जिद को पूरा करने के लिए चंदा मामा को पानी भरी थाली में उतारकर माएं चंदा मामा से बच्चों को जोड़ने का काम करती रही हैं। चंद्रमा के बारे में वह सभी मिथक और कहावतें एक बार नए तरीके से सामने देखने को मिलेगी। पृथ्वी और चांद का रिश्ता भारत में मां और मामा का बना हुआ है। निश्चित रूप से आगे चलकर और प्रगाड़ होगा। यह आशा की जा सकती है। चंद्रयान 3 के मिशन में इसरो की पूरी टीम ने जिस तरह एकजुट होकर पूरे उत्साह के साथ इस मिशन को पूरा किया है। इसकी जितनी सराहना की जाए, कम है।

अलग-अलग क्षेत्र के वैज्ञानिकों ने एक साथ मिलकर अलग-अलग ज्ञान को एक साथ जोड़कर जो सफलता हासिल की है। उससे विश्व भर में भारत का सम्मान बढ़ा है। इस असाधारण सफलता के लिए इसरो के वैज्ञानिक और इस प्रोजेक्ट से जुड़े हुए हर क्षेत्र के वैज्ञानिक और छोटे बड़े सभी व्यक्तियों की जितनी सराहना की जाए, कम है। चंद्रयान तीन की सफलता से सारी दुनिया में भारत का स्वाभिमान और विज्ञान जगत में भारत की साख बहुत बढ़ी है। सरकार को इस तरह की खोज करने के लिए वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के लिए सतत प्रयास करने चाहिए। इसरो ने बहुत कम लागत में और बहुत बड़े-बड़े काम करके सारी दुनिया में एक नया इतिहास रचा है। इसरो ने साबित कर दिया है,कि भारतीय प्रतिभाओं को यदि मौका मिलता है। तो दुनिया के अन्य देशों की तुलना में भारत के वैज्ञानिक सर्वश्रेष्ठ हैं। भारतीय वैज्ञानिकों की सोच और उनका मल्टीप्ल नॉलेज है। सारी दुनिया में उसका कोई मुकाबला नहीं है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विदेश की धरती से चंद्रयान -3 से जुड़कर जिस तरह से भारतीय वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने का काम किया है। निश्चित रूप से भारत के मुखिया होने के नाते इस सफलता का सौभाग्य उन्हें भी मिला है।

आलोचनात्मक सोच एक कभी न खत्म होने वाली यात्रा है

कई दृष्टिकोणों से मुद्दों पर विचार करने की क्षमता है। यह आवश्यक कौशल हमें काम, शिक्षा और रोजमर्रा की जिंदगी के सभी पहलुओं में सही निर्णय लेने की अनुमति देता है। आलोचनात्मक सोच हमें अधूरी जानकारी, पूर्वाग्रह या दोषपूर्ण तर्क के आधार पर त्वरित निर्णय से आगे बढ़ने में सक्षम बनाती है। इसके बजाय, हम तर्कसंगत निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले दावों और तर्कों के पीछे तथ्यात्मक आधार और तर्क का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन कर सकते हैं। आज के जटिल सूचना परिदृश्य में, आलोचनात्मक ढंग से सोचना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। मीडिया, विज्ञापन, राजनीति और अन्य सामग्री की बाढ़ के साथ, अनगिनत दावे हमारा ध्यान और विश्वास खींचने की कोशिश कर रहे हैं। दांव भी ऊंचे हैं–हमारे निर्णय हमारे स्वास्थ्य, वित्त, रिश्तों और भविष्य पर प्रभाव डाल सकते हैं। महत्वपूर्ण ठोस सोच क्षमताओं के बिना, हम हेरफेर, खराब विकल्प और झूठ पर विश्वास करने के प्रति संवेदनशील होते हैं। इस प्रकार सफलता के लिए हमारी आलोचनात्मक सोच विकसित करना महत्वपूर्ण है। सौभाग्य से, आलोचनात्मक सोच एक सीखने योग्य कौशल है जिसे कोई भी मेहनती अभ्यास से तेज कर सकता है।

विजय गर्ग
सेवानिवृत्त प्रिंसिपल शैक्षिक स्तंभकार मलोट पंजाब

आलोचनात्मक सोच कौशल कैसे विकसित करें आलोचनात्मक सोच तर्कों का निष्पक्षता से विश्लेषण करने, धारणाओं पर सवाल उठाने, सबूतों की व्याख्या और मूल्यांकन करने और कई दृष्टिकोणों से मुद्दों पर विचार करने की क्षमता है। यह आवश्यक कौशल हमें काम, शिक्षा और रोजमर्रा की जिंदगी के सभी पहलुओं में सही निर्णय लेने की अनुमति देता है। आलोचनात्मक सोच हमें अधूरी जानकारी, पूर्वाग्रह या दोषपूर्ण तर्क के आधार पर त्वरित निर्णय से आगे बढ़ने में सक्षम बनाती है। इसके बजाय, हम तर्कसंगत निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले दावों और तर्कों के पीछे तथ्यात्मक आधार और तर्क का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन कर सकते हैं। आज के जटिल सूचना परिदृश्य में, आलोचनात्मक ढंग से सोचना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। मीडिया, विज्ञापन, राजनीति और अन्य सामग्री की बाढ़ के साथ, अनगिनत दावे हमारा ध्यान और विश्वास खींचने की कोशिश कर रहे हैं। दांव भी ऊंचे हैं–हमारे निर्णय हमारे स्वास्थ्य, वित्त, रिश्तों और भविष्य पर प्रभाव डाल सकते हैं। महत्वपूर्ण ठोस सोच क्षमताओं के बिना, हम हेरफेर, खराब विकल्प और झूठ पर विश्वास करने के प्रति संवेदनशील होते हैं। इस प्रकार सफलता के लिए हमारी आलोचनात्मक सोच विकसित करना महत्वपूर्ण है। सौभाग्य से, आलोचनात्मक सोच एक सीखने योग्य कौशल है जिसे कोई भी मेहनती अभ्यास से तेज कर सकता है। हम तर्क और तर्क के कुछ मूल सिद्धांतों में महारत हासिल करके, धारणाओं पर सवाल उठाकर, विभिन्न दृष्टिकोणों का मनोरंजन करके, साक्ष्यों का गहन विश्लेषण करके और अपनी विचार प्रक्रियाओं पर विचार करके अपनी महत्वपूर्ण सोच क्षमताओं में उल्लेखनीय सुधार कर सकते हैं। इससे बौद्धिक विकास होता है। तर्क और तर्क की मूल बातें गंभीर रूप से सोचने के लिए, आपको तर्कों में सामान्य खामियों और कमजोरियों की पहचान करने की आवश्यकता है। तार्किक भ्रांतियों को पहचानना सीखें - तर्क में त्रुटियाँ जो किसी तर्क को अमान्य कर देती हैं। उदाहरण के लिए, फिसलन ढलान की भ्रांति किसी कार्रवाई के गंभीर परिणामों के बारे में अनुचित भविष्यवाणियां करती है। ह्लअगर हम को अनुमति देंगे तो भी होगा!ह्व मूल्यांकन करें कि क्या प्रत्येक चरण तार्किक रूप से अगले की ओर ले जाता है। इसके अलावा, संज्ञानात्मक पूर्वाग्रहों पर भी ध्यान दें, जो ऐसी प्रवृत्तियाँ हैं जो वस्तुनिष्ठ निर्णय को खराब करती हैं। एक उदाहरण पुष्टिकरण पूर्वाग्रह है, जहां लोग अपने विचारों का समर्थन करने वाली जानकारी का समर्थन करते हैं। अपनी सोच में पूर्वाग्रहों के प्रति सचेत रहें। मुद्दों को तटस्थता से देखकर धारणाओं को चुनौती दें। इसके अलावा, उन पूर्वाग्रहों से भी सावधान रहें जो आपके दृष्टिकोण को आकार देते हैं। ये हम सभी में पालन-पोषण, संस्कृति और अनुभव के कारण हैं। अपने पूर्वाग्रहों के बारे में जागरूकता आपको आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रतिकार करने की अनुमति देती है। विभिन्न परिप्रेक्ष्यों का मनोरंजन करें किसी भी मुद्दे पर, चीजों को सिर्फ अपने ही नहीं, बल्कि कई कोणों से देखने का प्रयास करें। कल्पना कीजिए कि आप विपरीत स्थिति के लिए बहस कर रहे हैं। आपका तर्क क्या होगा? यह शैतान की वकालत तकनीक आपके रुख में खामियों को मजबूत करती है या उजागर करती है। अपनी समझ को व्यापक बनाने के लिए उन लोगों के साथ विचारों पर चर्चा करें जिनके अलग-अलग दृष्टिकोण हैं। केवल उन लोगों की तलाश न करें जो आपसे सहमत हैं। यदि आवश्यक हो तो अपनी सोच को संशोधित करने के लिए तैयार रहें। जिज्ञासु और खुले विचारों वाले रहें शुरूआत में ही कठोर निर्णय लेने से बचें। नई जानकारी के लिए खुले रहें जो आपकी धारणाओं को चुनौती देती हो। अन्यथा ठोस सबूत मिलने पर मौजूदा मान्यताओं से चिपके न रहें। गहराई से जांच करने के लिए प्रश्न पूछते रहें। साथ ही, अवधारणाओं पर पूरी तरह विचार करने से पहले उन्हें बहुत जल्दी स्वीकार कर लें। विचारों का निष्पक्ष विश्लेषण करें, भले ही वे पहली बार में अजीब लगें। एक खुला, जिज्ञासु दिमाग अधिक सत्य की खोज करता है। साक्ष्यों और तर्कों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण करें जब कोई दावा प्रस्तुत किया जाए तो उसे बिना सोचे-समझे स्वीकार न कर लें। इसके समर्थन में इस्तेमाल किए गए सबूतों और तर्कों की जांच करें। जैसे प्रश्न पूछेंः आपने में सुधार लाएंमेटाकॉग्निशन मेटाकॉग्निशन का मतलब है अपनी सोच के बारे में सोचना। उन क्षेत्रों की पहचान करने के लिए अपनी विचार प्रक्रियाओं पर विचार करें जिन्हें आपको विकसित करने की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, क्या आप निष्कर्ष निकालने से पहले साक्ष्य का पूरी तरह मूल्यांकन करते हैं? क्या आप अनेक दृष्टिकोणों पर विचार कर रहे हैं? अपने मानसिक अंधेपन के प्रति जागरूक होने से आप सचेत रूप से सुधार कर सकते हैं। इस बारे में सोचें कि आप अपने आलोचनात्मक सोच कौशल का विस्तार कैसे कर सकते हैं, फिर उन्हें अभ्यास में लाएँ। आलोचनात्मक सोच का अभ्यास करते रहें सुधार करने का सबसे अच्छा तरीका इन कौशलों को दैनिक जीवन में लगातार लागू करना है। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय, उल्लिखित आलोचनात्मक सोच वाले चरणों का उपयोग करें। तार्किक तर्क का उपयोग करके दूसरों के साथ विचारों और मुद्दों पर चर्चा करें। समय के साथ आपकी विश्लेषणात्मक क्षमताएं मजबूत होंगी। निष्कर्ष कार्य, शिक्षा, निर्णय लेने और सभी बौद्धिक गतिविधियों के लिए मजबूत आलोचनात्मक सोच कौशल विकसित करना अविश्वसनीय रूप से मूल्यवान है। तर्कों का तार्किक रूप से विश्लेषण करने, धारणाओं पर सवाल उठाने, साक्ष्य की व्याख्या करने और कई दृष्टिकोणों पर विचार करने की क्षमता हमें जबरदस्त लाभ देती है। यह हमें पूर्वाग्रहों, त्वरित निर्णयों और सीमित सोच से परे जाकर ठोस, तर्कसंगत निष्कर्ष पर पहुंचने की अनुमति देता है। हालाँकि आलोचनात्मक सोच शुरू में डराने वाली लग सकती है, लेकिन अभ्यास और समर्पण के साथ इसे विकसित किया जा सकता है। कोई भी व्यक्ति तर्क के मूल सिद्धांतों में महारत हासिल करके, अपने पूर्वाग्रहों से अवगत होकर, दावों पर गहनता से सवाल उठाकर, खुले दिमाग से रहकर और अपनी विचार प्रक्रियाओं पर विचार करके अपनी आलोचनात्मक सोच को बढ़ा सकता है। इसका प्रतिफल बहुत बड़ा है - बेहतर निर्णय, अधिक गहन ज्ञान और बौद्धिक विकास। आलोचनात्मक सोच एक कभी न खत्म होने वाली यात्रा है, क्योंकि पहुँचने के लिए हमेशा विश्लेषण के अधिक गहन स्तर होते हैं। लेकिन बौद्धिक कठोरता का प्रतिफल प्रयास के लायक है। अपने आलोचनात्मक सोच कौशल को तेज करने से हम सत्य को झूठ से अलग कर सकते हैं, बुद्धिमान विकल्प चुन सकते हैं और समझ के उच्च स्तर तक पहुंच सकते हैं। निरंतर अभ्यास से हम सभी बेहतर आलोचनात्मक विचारक और सूचित निर्णयकर्ता बन सकते हैं।

यूपी की गठबंधन सियासत पर भारी पड़ सकती हैं कांग्रेस की हसरतें और हकीकत

उत्तर प्रदेश कांग्रेस की कमान हाथ में आने के बाद जिस तरह से कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने राहुल–प्रियंका के क्रमशः अमेठी–वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर राग छेड़ा है, उससे पार्टी के कार्यकताओं में नया जोश भर गया है। यहां तक कि कांग्रेस आलाकमान को भी लगने लगा है कि उसने यूपी कांग्रेस की जिम्मेदारी अजय राय को सौंप कर तीर निशाने पर मार दिया है। सपा के आईएनडीआई गठबंधन और अजय राय के धमाकेदार अंदाज के सहारे कांग्रेस एक बार फिर से यूपी में अपनी खोई जमीन को मजबूत करने की कोशिश में जुट गई है। वैसे यह प्रयोग कोई नया नहीं है, 2017 के विधान सभा चुनाव में भी इसी तरह का गठबंधन हुआ था, मगर यूपी के वोटरों को यह साथ पसंद नहीं आया था। इसलिए राजनैतिक पंडित इस बार भी गठबंधन को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं हैं। परंतु इसके उलट इस बार कांग्रेस की नजर यूपी की ऐसी एक चौथाई सीटों पर है, जिन पर पार्टी अपने आप को मजबूत स्थिति में समझती है।

स्वदेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सूचना आयुक्त, उत्तर प्रदेश

2009 के बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को जबरदस्त झटका लगा था और कांग्रेस सिर्फ अपनी दो परंपरागत सीटों- रायबरेली व अमेठी में ही जीत हासिल कर सकी थी। 2019 के चुनाव में तो कांग्रेस की सिर्फ एक सीट ही रह गई थी।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस की कमान हाथ में आने के बाद जिस तरह से कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने राहुल-प्रियंका के क्रमशः अमेठी-वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर राग छेड़ा है, उससे पार्टी के कार्यकताओं में नया जोश भर गया है। यहां तक कि कांग्रेस आलाकमान को भी लगने लगा है कि उसने यूपी कांग्रेस की जिम्मेदारी अजय राय को सौंप कर तीर निशाने पर मार दिया है। सपा के आईएनडीआई गठबंधन और अजय राय के धमाकेदार अंदाज के सहारे कांग्रेस एक बार फिर से यूपी में अपनी खोई जमीन को मजबूत करने की कोशिश में जुट गई है। वैसे यह प्रयोग कोई नया नहीं है, 2017 के विधान सभा चुनाव में भी इसी तरह का गठबंधन हुआ था, मगर यूपी के वोटरों को यह साथ पसंद नहीं आया था। इसलिए राजनैतिक पंडित इस बार भी गठबंधन को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं हैं। परंतु इसके उलट इस बार कांग्रेस की नजर यूपी की ऐसी एक चौथाई सीटों पर है, जिन पर पार्टी अपने आप को मजबूत स्थिति में समझती है। खैर, कांग्रेस के दावों से अलग बात की जाए तो उसके (कांग्रेस) लिए सबसे बड़ी चिंता यूपी में घटते हुए जनाधार की है। ऐसे में जब एनडीए को हराने के लिए आईएनडीआईए गठबंधन के साथ कांग्रेस आगे बढ़ रही है तो पार्टी का फोकस उन सीटों पर है, जहां पार्टी पिछले चुनाव में दूसरे या तीसरे स्थान पर रही थी।

कांग्रेसियों का कहना है कि करीब दो दर्जन लोकसभा सीटों पर पार्टी अपनी दावेदारी ठोक सकती है। इनमें रायबरेली व अमेठी के साथ वाराणसी, महाराजगंज, कुशीनगर, फैजाबाद, डुमरियागंज, बांसगांव, गोंडा, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, खीरी, कानपुर, उन्नाव, प्रतापगढ़, बरेली, पीलीभीत, रामपुर, फरुर्खाबाद, बाराबंकी व मुरादाबाद जैसी सीटें शामिल हैं। बात पिछले चार लोकसभा चुनाव के नतीजों की कि जाए तो कांग्रेस का सबसे बेहतर प्रदर्शन 2009 में ही रहा था। आज सिर्फ सोनिया गाँधी की एक लोकसभा सीट वाली कांग्रेस ने 2009 में 21 सीटों पर जीत दर्ज की थी। तब इसका श्रेय राहुल गांधी को दिया गया था। 2009 में कांग्रेस द्वारा जीती गयी सीटों में अमेठी, रायबरेली, मुरादाबाद, धौराहरा, उन्नाव, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फरुर्खाबाद, कानपुर, अकबरपुर और झांसी जैसी सीटें शामिल थीं। पार्टी चाहती है कि एक बार फिर से इन सीटों पर अपनी पूरी ताकत लगाई जाए। कांग्रेस का फोकस सीट के जातीय समीकरण के साथ पार्टी के पूर्व के प्रदर्शन पर भी निर्भर करता है।

2009 के बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को जबरदस्त झटका लगा था और कांग्रेस सिर्फ अपनी दो परंपरागत सीटों- रायबरेली व अमेठी में ही जीत हासिल कर सकी थी। 2019 के चुनाव में तो कांग्रेस की सिर्फ एक सीट ही रह गई थी। इन चुनावों में सपा-बसपा के गठबंधन की वजह से कांग्रेस ने कई सीटों पर अपने प्रत्याशी नहीं उतारे थे, जबकि कई सीटों पर कांग्रेस तीसरे नबंर पर रही थी। रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, खीरी, उन्नाव, फरुर्खाबाद, बाराबंकी, फैजाबाद, डुमरियागंज, बस्ती व कुशीनगर में भी कांग्रेस के प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रहे थे। अमेठी में राहुल गांधी व कानपुर में श्रीप्रकाश जायसवाल दूसरे स्थान पर रहे थे। रायबरेली की सीट कांग्रेस के खाते में इसलिए आई थी क्योंकि अमेठी के साथ-साथ यहां से सपा ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था। इसके बावजूद राहुल गांधी अमेठी से हार गए थे। बहरहाल, कांग्रेस भले ही उत्तर प्रदेश में बड़ी उड़ान के सपने देख रही है, लेकिन यह मिशन समाजवादी पार्टी के बिना पूरा होते दिखाई नहीं दे रहा है, ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या समाजवादी पार्टी का नेतृत्व कांग्रेस की उम्मीद के अनुसार उसे लोकसभा की सीटें दे देगा। अगर नहीं देगा तो गठबंधन में दरार भी पड़ सकती है। ऐन मौके पर यदि बसपा भी इस गठबंधन में शामिल हो गई तो वह भी इससे कम सीटें अपने लिए नहीं चाहेगी। फिर राष्ट्रीय लोकदल भी 8-10 सीटों पर उम्मीद लगाए बैठा है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि कांग्रेस ने यूपी में अपनी हकीकत को समझने की बजाय हसरतों पर ज्यादा ध्यान दिया तो सपा के लिए कांग्रेस से दूरी बनाए रखने का रास्ता खुल जाएगा। ऐसा मुश्किल भी नहीं है क्योंकि 2017 में कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी गठबंधन करके देख चुकी है, तब उसे विधानसभा चुनाव में कोई खास फायदा नहीं हुआ था।

नए संविधान की बात पर विवाद क्यों?

अजीत द्विवेदी

भारत के संविधान में सौ बार से ज्यादा संशोधन हो चुके हैं। लेकिन दुर्भाग्य से भारत में जैसे ही संविधान समीक्षा या उस पर विचार करने या नया संविधान बनाने की बात होती है वैसे ही विवाद शुरू हो जाता है। जाने माने आर्थिक जानकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक सलाहकार समिति के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय ने एक लेख लिख कर यह विचार जाहिर किया कि अब संविधान को बदलने का समय आ गया है। उन्होंने देयर इज केस फॉर वी द पीपल टु एंब्रेस ह्यन्यू कॉन्स्टिट्यूशन शीर्षक से अंग्रेजी के अखबार द मिंट में लेख लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि भारत में एक नया संविधान अपनाने का आधार दिख रहा है और इस बारे में विचार किया जाना चाहिए। उनके इतना कहते ही देश के लोगों का एक बड़ा समूह उनके ऊपर टूट पड़ा। सोशल मीडिया में उनको गिरफ्तार करने की मांग शुरू हो गई। कहा जाने लगा कि वे संविधान विरोधी हैं और संविधान को नष्ट करना चाहते हैं। हैरानी की बात यह है कि ऐसा कहने वाले ज्यादातर लोग सेकुलर और उदार लोकतांत्रिक व्यवस्था में यकीन करने वाले लोग हैं। ऐसे लोग जिनको लगता है कि भाजपा के मौजूदा राज में लोकतंत्र खत्म हो रहा है और वाक व अभिव्यक्ति की आजादी छीनी जा रही है वे सब कहने लगे की देबरॉय की जुबान बंद की जाए। सोचें, यह कैसी हिप्पोक्रेसी है? इस समूह ने देबराय का इतना ज्यादा विरोध किया कि उनको कहना पड़ा कि यह लेख उन्होंने निजी हैसियत से लिखा है और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति का इससे कोई लेना देना नहीं है। इससे पहले सन 2000 की फरवरी में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने संविधान समीक्षा आयोग का गठन किया था और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एमएन वेंकटचलैया को उसका अध्यक्ष बनाया था। आयोग में सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज जस्टिस बीपी जीवन रेड्डी, जस्टिस आरएस सरकारिया, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, हाई कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस के पुन्नैया, भारत सरकार के पूर्व अटॉर्नी जनरल के परासरन, लोकसभा के पूर्व स्पीकर पीए संगमा और जाने-माने कानूनविद् सोली सोराबजी सहित 10 सदस्य बनाए गए थे। आयोग का कार्यकाल पहले एक साल था। बाद में इसे एक साल के लिए और बढ़ाया गया।ध्यान रह उस समय देश में गठबंधन की सरकारों का दौर था और केंद्र से लेकर राज्यों तक राजनीतिक अस्थिरता थी। उसका हवाला देकर वाजपेयी ने कहा था कि केंद्र और राज्य, दोनों जगहों पर स्थायित्व की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसके अलावा उन्होंने सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए लोगों की आकांक्षाओं का हवाला भी दिया था। क्षेत्रीय व सामाजिक असंतुलन को खत्म करने के लिए नई व्यवस्था बनाने की जरूरत भी बताई थी। और साथ ही यह भी स्पष्ट किया था कि संविधान समीक्षा आयोग मौजूदा संविधान के बुनियादी ढांचे और इसके आदर्शों व मूल भावनाओं से कोई छेड़छाड़ नहीं करेगा। विपक्ष का ने यह कहते हुए इसका विरोध किया कि भाजपा संविधान बदल कर अपनी पसंद का संविधान बनाना चाहती है। इस आधार पर विपक्ष ने इस आयोग में शामिल होने से इनकार कर दिया।इस बार बिबेक देबरॉय ने 23 साल के बाद उन्हीं तर्कों के आधार पर कहा है कि भारत में नए संविधान की जरूरत है। उन्होंने बदली सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक परिस्थितियों का हवाला दिया है और साथ ही पिछले 73 साल में संविधान में हुए बदलावों का भी हवाला दिया है। उन्होंने कहा है कि भारत की जनता ने 1950 में जो संविधान अपनाया था, मौजूदा संविधान वैसा ही नहीं रह गया है। इसमें एक सौ से ज्यादा संशोधन हुए हैं। उनका मानना है कि सारे संशोधन सिर्फ अच्छे के लिए नहीं हुए हैं। याद करें इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी के समय जो संशोधन कराए थे। हालांकि बाद में मोरारजी देसाई की सरकार ने उनमें से ज्यादातर प्रावधानों को वापस बहाल कर दिया था। देबरॉय ने नए संविधान की जरूरत पर जोर देते हुए यह भी कहा है कि सुप्रीम कोर्ट का 1973 का बेसिक स्ट्रक्चर वाला फैसला मौजूदा संविधान में संशोधन पर लागू होता है, नए संविधान के ऊपर नहीं। देबरॉय ने अपनी बात को मजबूती देने के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो लॉ स्कूलइ के एक अध्ययन का हवाला दिया है और कहा है कि उसने कई देशों के लिखित संविधानों का अध्ययन किया, जिससे पता चला कि उनकी औसत आयु सिर्फ 17 साल रही है। जबकि भारत में 1950 में अपनाया गया संविधान अब 73 साल का हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा है कि भारत का संविधान काफी हद तक गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 पर आधारित है। इस तरह यह भी उपनिवेश के दिनों से जुड़ा है। बिबेक देबरॉय ने सन 2000 में हुए प्रयास की याद दिलाई है लेकिन साथ ही कहा है कि उस समय जो प्रयास हुआ था वह आधे अधूरे मन से किया गया था। पिछले दिनों आईपीसी, सीआरपीसी और इविडेंस एक्ट

संक्षिप्त खबरें

ग्राम संसद संवाद कार्यक्रम में विकास पर चर्चा

बोचहा। जनता दल यूनाइटेड के राज्य व्यापी अभियान के तहत बोचहा प्रखंड मैदापुर पंचायत के हुसैनपुर गांव में पंचायत अध्यक्ष चंदेश्वर चौधरी एवं शरफुद्दीनपुर पंचायत के उपेंद्र राम की अध्यक्षता में ग्राम संसद सदभाव संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम उपस्थित लोगों से संवाद स्थापित करते हुए जदयू प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुन्दर पटेल ने विकाश पुरुष कहे जाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विभन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्य एवं राज्य सरकार के उपलब्धियों से लोगो को अवगत कराया मौके पर महेश लाल चौधरी, उपेंद्र ठाकुर गोपाल साह, अभिषेक ठाकुर सहित सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

कचरा प्रबंधन को लेकर हुई समीक्षा बैठक

बखरी, बेगूसराय। शुक्रवार को प्रखंड सभागार बखरी में प्रखंड विकास पदाधिकारी महेशचंद्र की अध्यक्षता में कचरा प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छताग्रही यूजर चार्ज का कलेक्शन में तेजी लाएं। लोगों को प्रेरित करें ताकि लोग इस बात को समझे और घर-घर कचरा उठाव व यूजर चार्ज कलेक्शन में मदद करे। इस कार्यक्रम में आम लोगों की सहभागिता जरूरी है। इस बात को हर एक लोगों को समझना होगा। जहां-जहां कचरा उठाव हो रहा है। उस कचरे का रखाव वर्गीकरण कर डब्ल्यूटीयू पर रखें। सभी पंचायत से यूसी जमा कराएं ताकि यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हो।बैठक में प्रखंड समन्वयक संतोष कुमार ने सभी पंचायत से संबंधित बिंदुओं पर प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवगत कराया गया। मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक रामचरण महतो, ब्रजेश कुमार, पप्पू कुमार, संतना कुमारी, स्वच्छाग्रही अनिल कुमार, विपिन कुमार मौजूद थे।

पैरामटिहाना में 45 दिन तक चलने वाले भू-मापक अमीन प्रशिक्षण शिविर की हुई शुरूआत

सोनो (जमुई)/ प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र के आलोक में भू मापक प्रशिक्षण कार्यशाला के 45 दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद मोइनुद्दीन द्वारा प्रखंड के मुखिया रंभा कुमारी कुशवाहा, सरपंच और पंचायत समितियों के माध्यम से बेरोजगार युवाओं में दक्षता कौशल विकसित करने के उद्देश्य से मैथमेटिक्स, प्रैक्टिकल और भूमापन थ्योरी संबंधित महत्वपूर्ण विषय वस्तु की जानकारी प्रशिक्षक साजन नाज के द्वारा दी गई। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए दर्जनो युवाओं में सुधांशु कुमार, दीपक कुमार, रंजन कुमार, मकसूद आलम, कुंदन कुमार, मुन्ना कुमार,दिलशाद अंसारी, फाल्गुनी यादव और मंटू कुमार हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थिति दर्ज करते हुए अमीन बनने की प्रक्रिया की सकारात्मक शुरूआत की।

कमला नदी का जलस्तर मैं लगातार बढ़ोतरी

मधुबनी जिले के जयनगर कमला नदी का जलस्तर मैं लगातार बढ़ोतरी के कारण निचले इलाके में खैरामाट के ख और ग मे बाढ के पानी खेतो में घुसा है यदि यही हाल रहा तो आधे दर्जन गांव में बाढ़ का खतरा मड़राने लगेगा जिससे लगभग करीब 14 हजार से अधिक की आबादी प्रभावित होगी और जान माल का नुकसान होने की संभावना है। कमला नदी का खतरे का लेवल 69.55 है मगर नदी अभी 69. 90 के लेवल को टच कर दी है कमला नदी अभियंता की माने तो जी ढंग से पानी का लेवल बढ़ रहा है यदि यही हाल रहा तो लगभग एक मीटर जल में बढ़ोतरी हुई तो नदी से सटे निचले इलाके में कमला नदी का पानी घुस कर तबाही मचा सकता है। वही कमला नदी के जल बढ़ोतरी को देखते हुए नदी अभियंता के द्वारा नदी के सभी फाटक को खोलते हुए तटबंधों पर कड़ी नजर रखी जा रही है इस संबंध में अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि नदी के जलस्तर बढ़ोतरी पर प्रशासन के द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है सभी जगह से रिपोर्ट मांगने के बाद वैकल्पिक उपाय किया जाएंगा ।

जनता के दरबार मे जिलाधिकारी कार्यक्रम में 110 से भी अधिक मामलों का हुआ निष्पादन

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता के दरबार मे जिलाधिकारी कार्यक्रम में आये 110 से अधिक परिवादियों से मिलकर उनकी समस्यायों को सुना जिसमें कई मामलों में स्वयं सबंधित पदाधिकारियो से दूरभाष पर बात कर त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया शेष आवेदनों को संबधित विभाग के पदाधिकारियो को ससमय निष्पादन को लेकर अग्रसारित कर कृत करवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया।।

प्राप्त शिकायतों में भूमि अतिक्रमण भूमि विवाद नल-जल योजना आपसी विवाद जनवितरण आदि से संबधित मामले सबसे अधिक पाए गए। इसके अतिरिक्त समाजिक सुरक्षा योजना बाल विकास परियोजना शिक्षा सहित अन्य कार्यालय में लंबित मामले भी प्राप्त हुए। शिकायत कर्त्ता- श्री ललित कुमार साह पिता- स्व0 राजेन्द्र साह ग्राम-कुशमौल थाना- अरेर प्रखण्ड-बेनीपट्टी के निवासी ने भुमि विवाद से संबंधित आवेदन पर शिकायत किया श्रीमती सलीमा ग्राम-लालापुर टोला-लक्ष्मीपुर कोरहिया पश्चिमी वार्ड नं0-01 थाना-राजनगर ने अवैध तरीके से मदरसा कायम करने से संबंधीत शिकायत किया तथा कारी सिंह एवं अन्य ग्राम-कोरहिया प्रखण्ड-जयनगर के द्वारा सरकारी रास्ता अतिक्रमण करने से संबंधीत शिकायत किया। इसके अतिरिक्त कुछ सेवांत लाभ के मामले भी आये।जिलाधिकारी ने न केवल आए हुए परिवादियों की समस्याओं को सुना बल्कि, उन समस्याओं के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्तजनशिकायतों को पूरी गंभीरता से लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ उसका त्वरित निष्पादन करे।

प्रखंड कार्यालय पर वार्ड महासंघ की बैठक अयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के जयनगर वार्ड महासंघ की एक बैठक का आयोजन प्रखंड कार्यालय पर सुरेश यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक को संबोधित करते हुए वार्ड सदस्य सूर्यनाथ महासेठ एवं श्याम साह ने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि उपेक्षा के शिकार हो रहे है। जनता के अपेक्षा के अनुसार हम सभी काम न कर पाने के कारण दुखी है। सरकार एवं मुखिया के मनमानी के खिलाफ वार्ड सदस्य के द्वारा लगातार आंदोलन चलाया जा रहा है। यदि हमारी मांगों को जल्द नहीं पूरा किया गया तो वार्ड महासंघ लगातार आंदोलन चलाएगा । हमारी प्रमुख मांग अनुरक्षण एव अनुरक्षक मानदेय लागू किया जाना, प्रशिक्षण शुल्क के विलंब पर विचार करने, आंगनवाड़ी केंद्र पर वार्ड सदस्य का अधिकार दिया जाना है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैठक डीबी कॉलेज में हुआ आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी डी.बी. कॉलेज जयनगर में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैठक में मिथिला स्टूडेंट युनियन का दामन छोड़ विधार्थी परिषद् का सदस्यता लिया दर्जनों छात्रों ने । जहां जिस महाविद्यालय परिसर में लंबे समय तक परिषद् कार्य चलता रहा है । जिस संगठन को सींचने में दधिचि रूपी कार्यकताओं ने जीवन समर्पित किया वर्षों बाद महाविद्यालय परिसर में सुनहरे कार्य करने का छात्रों को पुनः कार्यभार मिला है। आज के सदस्यता अभियान के निमित्त बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित अभाविप के जिला संयोजक रोहित झा उपस्थित थे । इस मौके पर रोहित झा ने कहा कि परिषद से ही जुड़कर हम जीवन दृष्टि लेकर समाज परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की परंपरा गलत तरीके से देशभर में फैले राष्ट्र विरोधी संगठनो के कार्य को चुनौती के रूप में लेकर प्रत्येक वर्ष राज्यों के सभी विश्वविद्याल के महाविद्यालयों में सदस्यताअभियान चलाता है ताकि महाविद्यालय के छात्र विद्यार्थी परिषद के विचारों से जुड़ने वाले छात्र राष्ट्रीय एकता अखंडता के प्रति जागरूक हो छात्रों में देश के प्रति समर्पण की भावना हो तथा साथ- साथ आत्मा व्यक्तित्व निर्माण भी सफलतापूर्वक कर सकें । इस सदस्यता के माध्यम से संगठन की गतिविधियों के साथ-साथ संगठनात्मक कार्य करने की कला समाज में स्वयं को किस आधार पर पहचान दिलाई जाए इसकी कला सिखाई जाती है विधार्थी परिषद् में छात्रों को । आज जयनगर नगर इकाई के नगर मंत्री विवेक पूर्वे सह मंत्री आदित्य पोद्दार मनीष कुमार चंदन कुमार पुष्कर कुमार आकाश कुमार एसएफडी प्रमुख संग सह प्रमुख अनुज कपड़ी जय सूरेका बनाये गये।

बिहार विधानसभा से लेकर सड़क तक चरणबद्ध आंदोलन चला रही है भाकपा : माले भूषण सिंह

- परिवार भूमि पर दखल कब्जा के लिए दरदर भटक रहे हैं

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में दखल कब्जा एवं अवैध निर्माण पर रोक लगाने तथा भूमि चोर व भू-माफिया प्रशासन गठजोड़ का पदार्फाश करने एवं कठोर कार्रवाई करने कि मांग को लेकर पचार्धारियों के द्वारा आयोजित होगा घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन। भाकपा-माले जयनगर भूषण सिंह प्रखंड सचिव ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि भूहदबंदी योजना के तहत जयनगर अंचल के विभिन्न ग्राम पंचायतों के गरीब भूमिहीन दलित परिवारों को वर्ष 1990 से 2005 तक सूचना अधिकार अधिनियम के तहत अंचलाधिकारी जयनगर के द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार वर्ष 1979-080 कमलाबाड़ी 5 परीवार वर्ष 1990-091 बैरा 15 परीवार वर्ष 1992-093 बेला भेलवा टोल 53 परीवार वर्ष 1993-094 इनर्वा 56 परीवार वर्ष 1994-095 उसराही इनर्वा 8 परीवार वर्ष 1995-96 इनर्वा 17 परीवार एवं अकौंनहा 30 परीवार वर्ष 2003-04 करहिया 11 परीवार वर्ष 2004-05 भेलवा टोला व अकौनहा 50 परीवार एवं कुआढ 15 परीवार को भूमि की पर्चा दिया गया है।लेकिन कुछ भूमि को छोड़ कर करीब 200 सौ से उपर परिवारों को भूमि पर दखल कब्जा दिलाने में विफल रहा जयनगर के प्रशासन जबकि उक्त पर्चा वाली भूमि को भूमि चोर व भू- माफिया गठजोड़ से तत्कालीन अंचलाधिकारी व अबर निबंधन पदाधिकारी के सहयोग से कागजी दाव पेच के तहत कई एकड़ पर्चा वाली भूमि की खरीद-बिक्री किया गया है और अंचलाधिकारी द्वारा केवाला का दाखिल खारिज किया जा चुका है। और पचार्धारी परिवार भूमि पर दखल कब्जा के लिए दरदर भटक रहे हैं।ज्ञात हो कि उसराही - देवधा मौजा में जयनगर अंचल के अभिलेख संख्या - 1 वर्ष 2004- 2005 के तहत 50 भूमिहीन बेल्ही दक्षिणी एवं देवधा दक्षिणी पंचायत के परिवारों को उसराही - देवधा मौजा एवं अभिलेख संख्या - 4 वर्ष 2004 - 2005 के तहत 15 दलित भूमिहीन परिवारों को कुआढ़ मौजा मे भूमि की पर्चा तत्कालीन अंचलाधिकारी जयनगर एवं अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर के संयुक्त हस्ताक्षर से 12 अप्रैल 2005 को मुहैया कराया गया था। लेकिन कई वर्षो के बाद भी पचार्धारियों को पर्चा बाली भूमि पर दखल कब्जा प्रशासन के द्वारा नहीं दिलाने के खिलाफ और उक्त पर्चा बाली भूमि पर दखल कब्जा दिलाने की मांग को लेकर भाकपा माले के नेतृत्व में पचार्धारियों के द्वारा आंदोलन चलाने पर उक्त भूमि पर भूमि चोर व भू-माफिया के द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। जबकि भाकपा-माले के द्वारा बिहार विधानसभा से लेकर सड़क तक भूमि अधिकार कानून बनाने को लेकर लगातार आंदोलन चला रही है। और अगले माह के प्रथम सप्ताह में पचार्धारियों को संगठित कर भाकपा-माले के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर के समक्ष पर्चा वाली भूमि पर कब्जा दिलाने और अवैध निर्माण पर रोक लगाने तथा भूमि चोर व भू-माफिया और प्रशासन गठजोड़ को पदार्फाश करने तथा कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन की घोषणा कीया गया।

लड़की भगाने के आरोप, लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के सटे बाबूबरही क्षेत्र के बगौल गांव निवासी अनिल कुमार राय ने लड़की भगाने के आरोप को लेकर थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

उन्होंने कहा कि मेरी बहन 20 अग्रस्त को खजौली में कोचिंग पढ़ने गयी जो आज तक अपने घर नही लौटी है. इस घटना को लेकर अपर थानाध्यक्ष सुरेश पासवान ने बगौल गांव स्थित पीड़ित परिवार घर पहुँच कर लड़की की माता से सुधा देवी से व्यान लिया गया.वही एसआइ सुरेश पासवान ने बताया कि लड़की एव लड़का का मोबाईल कॉल एव उनके मोबाईल लोकेशन के आधार पर अविलंब लड़की बरामद कर उंक्त लड़का को गिरप्तार कर लिया जाएगा. इस मौके पर एसआई सुरेश पासवान पीड़ित परिवार सुधा देवी एव दफेदार शर्मा जी मौजूद थे।

मानव तस्करी और साइबर सिक्योरिटी जैसे गंभीर विषय पर जागरूक अभियान आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। मुख्यालय एसएसबी दिल्ली द्वारा सभी बटालियन को निर्देशित किया गया है कि भारत नेपाल सीमा पर बसे क्षेत्रों के लोगों के बीच पंच प्राण कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। इसी कारण पंच प्राण कार्यक्रम को मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय 47वीं वाहिनी रक्सौल एवम प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण द्वारा +2 राजकीय जनता उच्च विद्यालय सिकटा में बच्चो और बच्चियों के बीच एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य मानव व्यापार, बाल विवाह, बाल यौन शौषण, बाल मजदूरी, साईबर क्राइम, जैसी मुद्दों पर चर्चा किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय 47वीं वाहिनी रक्सौल के इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा द्वारा किया गया, जिसमे मानव तस्करी से होने वाली दुष्परिणामो को नुकर नाटक के माध्यम से बच्चो को जागरूक किया गया। प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी मानव व्यापार, बाल यौन शौषण, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में सहयोग कर जड़ से मिटाने में जोड़ दिया गया तथा उपस्थित बच्चो बच्चियों को बाल विवाह ना करने की शपथ दिलाई गई

एसएसबी के उप-निरीक्षक, संचार शिवनाथ मिश्रा ने साइबर क्राईम और साइबर सिक्योरिटी पर स्कूल के बच्चों अध्यापको को समझाया कि कैसे इन सब से सतर्क रहना है। एसएसबी की कांस्टेबल पम्मी मिश्रा ने बताया कि मानव तस्करी सभी को क्यों और कैसे जागरूक होना है। मौके पर डी समवाय 47 वीं बटालियन एसएसबी के बलकर्मी उपस्थित थे। मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय 47वीं वाहिनी रक्सौल से इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा, सउनि अनिल कुमार शर्मा, हवलदार अरविंद द्विवेदी, कांस्टेबल पम्मी मिश्रा कांस्टेबल शिवांगी। 47वीं वाहिनी की संचार शाखा से एसएसबी निरीक्षक, संचार शिवनाथ मिश्रा, प्रयास संस्था से आरती कुमारी, जिला समनव्यक एवं राज गुप्ता सहित स्कूल अध्यापक पवन कुमार इत्यादि मौजूद थे।

जन स्वराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की पदयात्रा बोचहा में

प्रात : किरण संवादाता

बोचहा। जन स्वराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की पद यात्रा गुरुवार को बोचहा प्रखंड के उच्च विद्यालय सरफुद्दीनपुर के प्रांगण में पहुंची जहां सैकड़ो लोगों ने फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान पीके ने बल्थी रसूलपुर, मैदापुर शर्फुद्दीनपुर विशनपुर जगदीश सहित अन्य पंचायतों का भ्रमण कर लोगों से बात की तो लोगों ने भी अपनी अपनी समस्याएं खुलकर पीके को बताई झमाझम बारिश के बीच प्रशांत किशोर से मिलने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे थे। तेज बारिश में भीगते हुए लोगों से पीके ने मुलाकात किया इतना ही नहीं उन सभी लोगों के साथ बैठ कर बातें भी की झमाझम बारिश में भीग कर आए लोगों को गले से लगाए और उन्हें धन्यवाद दिया। लोगों की भीड़ देखकर काफी खुश थे प्रशांत किशोर , व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय किशोर सिन्हा उर्फ चुन्नू बाबू सरफुद्दीनपुर पंचायत के मुखिया अजय कुमार भुताने पंचायत के मुखिया फारूक सहित दर्जनों लोगों ने पदयात्रा में उनके साथ चले इस दौरान चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में बिहार की स्थिति ज्यादा भयावह है. उन्होंने कहा कि बिहार के लोग जानवरों की तरह बाहर जाकर मजदूरी कर रहे हैं. लेकिन तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल सहित अन्य राज्यों से कोई बिहार में मजदूरी करने नहीं जाता है. कहा कि नीतीश कुमार कभी इन मजदूरों के लिए फैक्ट्री बनाने की चर्चा नहीं करते हैं. बाकी बेकार की चीजों में इनका पूरा ध्यान रहता है

हत्याकांड में फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर थाना क्षेत्र के सीमान्तर्गत पड़ने वाले खैरा थाना के कोल्हुआ पंचायत के खड़हुआ गांव महादलित टोला निवासी पारो मांझी के पुत्र बोधा मांझी के हत्याकांड मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिद्धौर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

बताते चलें कि खड़हुआ निवासी पारो मांझी के पुत्र मृतक बोधा मांझी की अपहरण कर अपराधियों द्वारा नृशंस हत्या कर दी गयी थी। व लाश को उलाय नदी कलाली घाट में अपराधियों द्वारा फेंक दिया गया था। मामले को लेकर खड़हुआ महादलित टोला निवासी मृतक बोधा मांझी के पिता पारो मांझी द्वारा गिद्धौर थाना में मामले को लेकर कई लोगों को नामजद अभियुक्त बना प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। इसी मामले में फरार चल रहे कांड संख्या 378/19 के नामजद अभियुक्त राजेश मांझी को गुप्त सूचना के आधार पर गिद्धौर बाजार से थानाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, अवर निरीक्षक नीरज कुमार द्वारा दल बल के साथ मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं मामले को लेकर थानाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

आंगनवाड़ी सेविका ने पर्यवेक्षिका पर लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।गायघाट प्रखंड क्षेत्र के बलौरनिधी में आंगनवाड़ी सेविका ने महिला पर्यवेक्षिका पर घूस नहीं देने पर मारपीट करने का आरोप लगाई है।

इस मामले को लेकर वार्ड संख्या 8 के केन्द्र संख्या 294 की आंगनबाड़ी सेविका साजदा बानो ने पुलिस से शिकायत की है। आंगनवाड़ी सेविका ने बताया कि वे बीते शुक्रवार को टीएचआर वितरण कर रही थी। इसी बीच महिला पर्यवेक्षिका नीतू कुमारी के कहने पर वार्ड सदस्य पहुंचकर हंगामा करने लगा। फिर कुछ देर के बाद एलएस नीतू कुमारी व्हाट्स ऐप पर कॉल किया और मामला सुलझाने के एवज में पचास हजार रुपए मांगने लगी।

इसके बाद लगातार पांच दिनों तक रुपये के लिए फोन कर परेशान करने व पद से चयन मुक्त कराने की धमकी देने लगी। बीते बुधवार को नीतू कुमारी घर पहुंच गई फिर कहीं से चालीस हजार रुपए की व्यवस्था कर उसे दे दिया। वहीं दस हजार रुपए के लिए गाली गलौज करने लगी। बताया की रुपए देते समय उसने चोरी छिपे मोबाईल फोन से विडियो बना रही थी।इसका उसे पता चल गया ।

इसके बाद मोबाईल हाथ से छीनकर तोड़ दी और मारपीट करने लगी। जबतक लोग जुटते इतने में वह वहां से भाग निकली। इसके बाद सैंकड़ों की संख्या में पहुंचीं आंगनबाड़ी सेविका ने गायघाट आईसीडीएस कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर एलएस नीतू कुमारी को बर्खास्त करने की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे।

वहीं मौके पर पहुंचे आंगनवाड़ी सेविका संघ के प्रदेश महामंत्री पूनम कुमारी ने इस घटना को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग की है। सेविका संघ के प्रखंड अध्यक्ष सबिला खातून ने बताया कि एलएस नीतू कुमारी टीएचआर, अन्नप्राशन समेत अन्य सभी कार्यों में दो हजार से लेकर 35 सौ रुपए की मांग करती है। मना करने वाले सेविकाओं के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।

डिजायर कार ने टोटो मे मारी टक्कर, टोटो चालक सहित तीन घायल

प्रात : किरण संवाददाता

अलीगंज । अलीगंज सिकंदरा मुख्यमार्ग स्थित डाकघर के समीप एक अनियंत्रित डिजायर कार ने अलीगंज बाजार से चंद्रदीप की ओर जा रही टोटो मे सीधी टक्कर मार दिया। जिससे सवार दो व चालक सहित तीन लोग घायल हो गया। जानकारी के अनुसार घायल टोटो चालक बलराम पासवान जो डाढ गांव बताया जा रहा है।दो अन्य सवार लोग को हल्की चोटे लगी है।ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि टोटो के परखच्चे उड गये।और सवार सभी लोग बाहर फेका गये। प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया ऑटो अपने साईड से जा रही थी और अनियंत्रित कार को देखते ही रूक गई थी। डिजायर कार चालक भी बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन किनारे भाग मे सट जाने के कारण टोटो क्षतिग्रस्त हो गया।और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल टोटो चालक का इलाज अलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे करने के बाद बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद वहा काफी अफरा-तफरी का महौल कायम हो गया।आस पास के ग्रामीणो ने डिजायर कार को पकड़कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। अलीगंज सिकंदरा मुख्यमार्ग स्थित डाकघर के समीप एक अनियंत्रित डिजायर कार ने अलीगंज बाजार से चंद्रदीप की ओर जा रही टोटो मे सीधी टक्कर मार दिया। जिससे सवार दो व चालक सहित तीन लोग घायल हो गया। जानकारी के अनुसार घायल टोटो चालक बलराम पासवान जो डाढ गांव बताया जा रहा है।दो अन्य सवार लोग को हल्की चोटे लगी है। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि टोटो के परखच्चे उड गये।और सवार सभी लोग बाहर फेका गये। प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया ऑटो अपने साईड से जा रही थी और अनियंत्रित कार को देखते ही रूक गई थी। डिजायर कार चालक भी बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन किनारे भाग मे सट जाने के कारण टोटो क्षतिग्रस्त हो गया।घायल टोटो चालक का इलाज अलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे करने के बाद बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद वहा काफी अफरा-तफरी का महौल कायम हो गया।आस पास के ग्रामीणो ने डिजायर कार को पकड़कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

रेल प्रशासन ने मोबाईल चोर आरोपी को दबोचा

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। बीती दिन रक्सौल स्टेशन पर उपनिरीक्षक संतोष कुमार के साथ प्रधान आरक्षी गोपाल सिंह एवं जीआरपी के सहायक उप निरीक्षक जयचंद कुमार संयुक्त रूप से रक्सौल प्लेटफॉर्म पर गस्ती कर रहे थे, इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 02 पर एक यात्री रामगढ़वा के दुबौलिया निवासी शिवजी प्रसाद श्रीवास्तव के 23 वर्षीय पुत्र अभिरंजन श्रीवास्तव ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, इसी दौरान उक्त यात्री का एक लड़का मोबाईल लेकर भागने लगा, तो उक्त यात्री द्वारा जोर-जोर से हल्ला करने पर उक्त गस्ती दल द्वारा मोबाईल लेकर भाग रहे लड़के को घेरकर पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर पकड़े गए अभियुक्त ने अपना परिचय सीतामढ़ी के रीगा थाना के रीगा स्टेशन टोला निवासी स्व. नवल राम के 24 वर्षीय पुत्र सुबोध राम के रूप में बताया। उसके बाद उसके पास से उक्त यात्री का चुराया गया पुराना इस्तमाली सैमसंग कंपनी का काला ब्लू रंग का मोबाईल, जिसमें एयरटेल का सिम लगा था, उसे बरामद कर अग्रिम कार्रवाई हेतु जीआरपी को सुपुर्द किया गया। उक्त जानकारी आरपीएफ पोस्ट कमांडर इंस्पेक्टर ऋतुराज कश्यप ने दी। जिसके विरुद्ध कांड संख्या 37/2023 दर्ज कर मामले का अनुसंधान सहायक उप निरीक्षक जयचंद कुमार को सौंपा गया।

संक्षिप्त खबरें

निगम कार्यालय में नौकरी लगाने के नाम पर एक ठग व्यक्ति धराया

भागलपुर। बरारी थाना क्षेत्र के रहने वाले संजीव कुमार चक्रवर्ती नामक ठग कंबाइन्ड बिल्डिंग गेट के समीप नगर निगम के कर्मचारियों ने निगम के नोकरी लगाने के नाम पर अवैध रूप से बसूली के आरोप में पकड़ा है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि गिरफ्तार ठग नगर में नौकरी देने के नाम पर सीधे साधे लोगों से 15 हजार से 12 हजार रुपये की उगाही कर फरार चल रहे थे,साथ ही उक्त ठग के विरुद्ध दो पीड़ित युवक ने कहा कि 3 महीने से यह आदमी हमलोगों को बहला रहा है। आज हमदोनों को नगर निगम गेट के समीप खड़ा रखा और ये अंदर चला गया और कहा कि ज्वाइनिंग लेटर देगें। वही मामले की जानकारी प्राप्त होते ही निगम कार्यालय में तैनात सुरक्षा कर्मियों के द्वारा दोनो पीड़ित युवक के साथ साथ आरोपी ठग को जोगसर थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। वही स्थानीय जोगसर थाना पुलिस ने गिरफ्तार ठग के विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया के साथ साथ आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान पुलिस आरोपी ठग से कड़ी पूछताछ शुरू कर दी है कि इनके ठगी के शिकार और कितने लोग शिकार हुए हैं। वही पुलिस ने कड़ी पूछताछ के बाद मामला दर्ज कर मेडिकल जांच में भेज दिया है।

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा विधुत प्रशासन एवं उपभोक्ताओं के साथ की गयी बैठक

कसबा (पूर्णिया)। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा विद्युत प्रशासन एवं विद्युत आम उपभोक्ता के साथ पूर्व से उद्घोषित विशेष बैठक का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन कार्यालय में जिला अध्यक्ष बमबम साह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शाम के वक्त नगर परिषद क्षेत्र में नियमित बिजली संचालन के साथ स्मार्ट मीटर से संबंधित मामले को लेकर आम शिकायत दर्ज कराई गई। बैठक में विद्युत प्रशासन से सहायक विद्युत अभियंता सियाराम प्रसाद, कनीय अभियंता अमित शुक्ला, जे एल एम धर्मेंद्र कुमार उपस्थित होकर आम उपभोक्ता की शिकायत दर्ज किए और शिकायत दर्ज करने वाले स्मार्ट मीटर की तहकीकात करने के लिए अतिरिक्त जीनस मीटर लगाने की बात कही गई। वही उपस्थित विद्युत प्रशासन ने बमबम साह सहित आम उपभोक्ताओं को आश्वान देते हुए कहा है कि शाम के वक्त कसबा शहरी क्षेत्र में नियमित बिजली संचालन करने की हर संभव कोशिश किया जा रहा है और पिछले दिनों बमबम साह को दिए गए आश्वासन पर विभाग कार्य भी कर रही है। वही स्मार्ट मीटर को लेकर आम उपभोक्ता के शिकायत पर प्रशासन सभी दृष्टि से खड़ा उतरने के लिए तैयार है। इसलिए जीनस मीटर से जांच कराए जाएंगे और जिनका स्मार्ट मीटर जांच के दौरान खराब निकलेगा उनका पुराना खराब बिलिंग का सुधार कर पैसे वापस कर रिसर्च कर दिया जाएगा। वहीं बमबम साह ने उपस्थित पदाधिकारी से कहा कि शिकायत करने वाले उपभोक्ता का शिकायत का समाधान के बाद ही स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया किया जाय तब तक रोका जाना चाहिए। बैठक में मो आरिफ, प्रिंस शर्मा, अखिलेश चौरसिया, बांटी गुप्ता, अभिषेक झा, आमोद राज, सन्तोष यादव, मो हातिम, मो सलीम, सहित सैकड़ों महिला पुरूष उपस्थित होकर अपनी अपनी बातो को विस्तार से चर्चा किए।

राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु ग्रामीण बैंक में बैठक आयोजित

आरा। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर आज दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय प्रबंधक विकाश कुमार कि अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बैंकों के शाखा प्रबंधक समेत वसूली अधिकारीयो ने भाग लिया,इस बैठक के माध्यम से दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय आरा भोजपुर के क्षेत्रीय अधिकारी विकास कुमार ने पूरे भोजपुर जिले के 95 शाखा के एनपीए श्रेणी के रेडियो से अनुरोध किया है कि तमाम लोग इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने संबंधित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की शाखा में जाकर आकर्षक छूट के साथ समझौता कर के ऋण के बोझ से मुक्त हो सकते हैं एवं अपना एवं अपने परिवार के आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं क्योंकि अगर आप बैंक से ऋण लेकर समय पर चुकता करते हैं तो बैंक आपको ज्यादा से ज्यादा लाभ देने का काम करता है और इससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और आपके विकास का मार्ग प्रसस्त हो सकता है इसलिए क्षेत्रीय प्रबंधक ने इस बैठक के माध्यम से तमाम ऋण धारकों से यह अपील की है कि अगर वह बैंक में नहीं पहुंच पाते हैं तो आगामी 9 सितंबर को आर व्यवहार न्यायालय में लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचकर समझौता राशि के साथ इसका समाधान कर सकते हैं एवं आकर्षक छूट का लाभ भी ले सकते हैं इस मौके पर काफी संख्या में शाखा प्रबंधक विभाग के अधिकारी समेत तमाम लोग उपस्थित थे।

सरेशाम अपराधियों ने डीलर को गोली मार किया घायल

घटना की सूचना मिलने के आधे घंटे बाद पहुंची पुलिस, घटना की जांच में जुटी

प्रात : किरण संवाददाता

नाथनगर (भागलपुर)। जिले भर में अपराधियों के कारनामो का दौर जारी है। इसी कड़ी में नाथनगर चौक स्थित अपराधियों ने अपनी अपराधिक गतिविधि की मनसा को लेकर देर शाम गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि सरेशाम मुख्य बाजार के समीप इलेक्ट्रॉनिक दुकान के समीप अपराधी तत्त्व लोगों ने स्थानीय इलाके के जन वितरण प्रणाली के डीलर को गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया है।

वही घटना की सूचना मिलते ही ललमटिया थाना पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जांच में जुट गई है। घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्थानीय थाना क्षेत्र के नाथनगर चौक के समीप इलेक्ट्रॉनिक दुकान के समीप वारदात घटित हुई है, वही घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि जख्मी डीलर भतौरिया गांव के दयानंद यादव बताया है, जिससे जख्मी व घायल अवस्था में त्वरित इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही घटना की सूचना मिलने पर ललमटिया थाना की गस्ती पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई, वही पुलिस के घटनास्थल के पास से एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। जख्मी डीलर दयानंद यादव ने बताया कि शाम के समय इलेक्ट्रॉनिक दुकान में पंखा ठीक कराने पहुंचा था, वही करीब आधा घंटा बाद एक अपराधी आया और गोली मारकर फरार होने में सफल रहा है। वही घायल डीलर दयानंद ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों से 2 साल से जमीन विवाद चल रहा है। साल भर पहले भी भातोदिया रोड में अपराधियों ने गोली चला कर हमला किया था, लेकिन उक्त घटना में मै बाल बाल बच गया था। उस मामले को लेकर मधुसुदनपुर थाने में गांव के कुछ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था, अब उक्त लोगों के द्वारा दोबारा जानलेवा हमला किया गया है। वही मिली जानकारी के मुताबिक इलाके में घटना के आधा घंटा बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी। वहीं पुलिस अपराधियों की निशानदेही को लेकर आसपास के लगें सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगालने में जुटी हुई है, हालांकि अब तक पुलिस द्वारा अपराधियों की पहचान नहीं की जा सकी है। ज्ञात हो कि क्षेत्र इलाके में लगातार बढ़ रहे अपराधिक घटनाओं को लेकर आम लोगों के बीच पुलिसिंग कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिये हैं, कभी ज्वेलरी दुकान तो कभी किराने की दुकान और तो और उक्त अपराध कर्मियों के हौशले इतने बुलंद हैं कि बैंकों के ताले तोड़कर कर लूट की वारदात को अंजाम देने से पीछे नहीं है। वही पुलिस अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने की ढोकली कार्रवाई नीति अपना कर आम लोगों को परेशान कर मोटी रकम वसूल करने का काम कर रही हैं।

बेहोशी व संधिगत हालत में महिला को किया बरामद

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। पीरपैंती थाना क्षेत्र के हरीनकोल पंचायत के इमामनगर स्थित झाड़ी में एक महिला को बिना कपड़े के बेहोश हालात में बरामद किया गया है। उक्त महिला को स्थानीय ग्रामीणों ने देख अचंभित रह गए। वही महिला की पहचान इमामनगर इलाके के रूपक कुमार साह की पत्नी पूजा कुमारी के रूप में हुई है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि बरामद महिला पूजा कुमारी शाम सात बजे अपने घर से झाड़ी कि तरफ शौच करने के लिए निकली थी, वही उसके घर में सिर्फ पति और पत्नी मौजूद थे। देर रात तक महिला पूजा कुमारी जब अपने घर नहीं लौटने पर आसपास व पड़ोस में काफी खोजबीन की, लेकिन देर रात तक उसकी कोई जानकारी नहीं मिली, तो महिला के पति ने रात को अपनी पत्नी के गुमशुदा होने की सूचना को लेकर की जानकारी पीरपैंती थानाध्यक्ष को दी गई थी, लेकिन प्रशासन के द्वारा कोई मदद नहीं मिलने पर पीड़िता के पति घर वापस लौट गये थे। वहीं गांव की महिला झाड़ी के पास दूसरे दिन अहली सुबह झाड़ी में पानी के बीच बिना कपड़े के एक महिला को बरामदगी की सूचना प्राप्त हुई, बताया जा रहा है कि महिला के शरीर पर कपड़े नहीं है और वह बेहोशी की हालत में झाड़ी पड़ी हुई थी। वही हल्ला गुल्ला होने पर आसपास के लोगों व उनके दूर के परिजनों ने महिला पूजा कुमारी के रूप में पहचान की। घटना देख पति पीरपैंती थाना जाकर लिखित सूचना भी दिया परंतु दिन के बारह बजे तक पीरपैंती थानाध्यक्ष सूचना स्थल पर नहीं पहुंचे तो वही गांव के समाजसेवियों को जब घटना कि जानकारी कहलगांव एसडीपीओ शिवानंद सिंह को दी, तो उन्होंने ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पीरपैंती थानाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद व पुलिस अवर निरीक्षक नन्दनी कुमारी को घटना स्थल पर भेज पीड़ित महिला को आनन फानन में स्थानीय रेफरल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां ग्रामीण नन्दनी कुमारी देर शाम तक अकेले ही पीड़ित महिला के साथ अस्पताल में मौजूद रही थी। वही मौजूद चिकित्सको ने महिला के हालत की गंभीरता को देखते हुए त्वरित बेहतर इलाज के लिए मायागंज रेफर कर दिया। वही घटना की जानकारी प्राप्त करने के लिए एसडीपीओ शिवानंद सिंह भी पीड़ित से मिलने अस्पताल पहुंचे जहां महिला के बेहोशी हालात में होने के कारण कुछ भी जानकारी नही मिल पाई। वहीं घटना को लेकर एसडीपीओ शिवानंद सिंह ने मुख्य आरोपी सिंटू यादव नामक युवक को गिरफ्तार कर कई बिंदु पर पूछताछ करने में जुट गई है।

चिकित्सा केंद्र के लिए दो एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की शुरूआत

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। संजीव कुमार साहा, महाप्रबंधक (ओ एंड एम) ने कुमार निशांत विवेक, अनुमंडल अधिकारी कहलगाँव के साथ कहलगाँव और पीरपैंती चिकित्सा केंद्रों के स्वास्थ्य सेवा को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से दो एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर एनटीपीसी के प्रशासनिक परिसर से रवाना किया। इस संबंध में महाप्रबंधक (ओ एंड एम) संजीव कुमार साहा ने कहा कि नई एएलएस एम्बुलेंस सीएसआर के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ कार्य को दशार्ता है। "हमारा लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं को उन लोगों तक पहुँचाना है, जो स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से गुजर रहे हैं वैसे लोगों के बीच उचित चिकित्सा सेवाओं का लाभ पहुँचाने में मदद करने में सहायक होंगे तथा भविष्य में भी एनटीपीसी द्वारा इस तरह के जन कल्याणकारी प्रयास जारी रहेंगे।

एनटीपीसी कहलगांव का यह कार्य स्थानीय आमजन की भलाई के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। एनटीपीसी नैगम द्वारा कहलगाँव और पीरपैंती के चिकित्सा केंद्रों के स्वास्थ्य सेवा को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से दो नई एडवांस्ड एमर्जेंसी एम्बुलेंस की शुरूआत के साथ कहलगाँव और पीरपैंती अनुमंडल के रोगी जल्द से जल्द उचित चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। ये एम्बुलेंसेस चिकित्सा उपकरणों से लैस हैं जो आपातकालीन परिस्थितियों में भी उचित चिकित्सा सेवा प्रदान करने में मदद करेंगे, एम्बुलेंस में चिकित्सा उपकरणों में ऑटो लोडिंग स्ट्रेचर, व्हील चेयर, परिवहन वेंटिलेटर, सिरिंज इन्फ्यूजन पंप, मल्टी पैरामीटर मॉनिटर, वैक्यूम स्प्लिंट, नियामक के साथ पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर, आपातकालीन किट, बचाव उपकरण आदि सुविधाएं मौजूद हैं। इस अवसर पर सभी महाप्रबंधकगन, सीएमओ (जीवन ज्योति अस्पताल) डॉ. सुष्मिता सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अजय प्रसाद , उप एवं कहलगांव अनुमंडल अस्पताल और पीरपैंती के रेफरल अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

डीएम ने किया जिलास्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो

पूर्णिया । अनु० जाति एवं अनु० जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम- 1989 एवं संशोधित नियम 2016 के अंतर्गत जिला पदाधिकारी कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय वेश्म में जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी एवं लोक अभियोजक तथा पुलिस उपाधीक्षक के साथ अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण के कार्य प्रगति एवं उपलब्धि की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रथम किस्त हेतु 17 मई 2023 से अब तक 44 पीड़ित की सूची प्राप्त हुआ है ।इसके भुगतान की अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पीड़ित लाभार्थियों के द्वितीय किस्त की राशि भुगतान हेतु 101 आरोप पत्र प्राप्त हुआ है। इसके भुगतान के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय पूर्णिया एवं जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की माहवार दर्ज कांड एवं आरोप पत्रों की सूची पूर्ण विवरणी के साथ तैयार कर अगली बैठक के पहले समर्पित करना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान लोक अभियोजक द्वारा बताया गया कि न्यायालय में 413 मामले चल रहे हैं। इस माह में हत्या से संबंधित दो मामले में अभियुक्त को सजा हुई है। जिलाधिकारी द्वारा लोक अभियोजक को निर्देश दिया गया कि सभी संबंधित वादों की सूची स्तर वार तैयार कर समर्पित करना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया की विभिन्न विभागों यथा पुलिस के कारण कितने मामले लंबित हैं एवं गवाही तथा आदेश पर कितने मामले प्रगति पर हैं। जिसकी विस्तृत सूची तैयार कर समर्पित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा गवाहों को दिए जाने वाले यात्रा भत्ता की समीक्षा के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अभी तक कुल सात गवाहों को यात्रा भत्ता का भुगतान किया गया है तथा दस गवाहों का यात्रा भत्ता आवंटन के प्रत्यासा में लंबित है। आवंटन प्राप्त होते ही इसका भुगतान कर दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी तथा पुलिस उपाधीक्षक को निर्देश दिया गया को वो प्रत्येक पंद्रह दिन में प्राप्त मामलो की लिस्टिंग कर अनूसूचित जाति जनजाति अत्याचार उन्मूलन की पाक्षिक बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी को तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित मामले की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा लोक अभियोजक को दस वादों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का लक्ष्य दिया गया। बैठक में सहायक समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय पूर्णिया, लोक अभियोजक तथा संबंधित सदस्य गण मौजूद थे।

चंद्रयान 3 सफलता को ले निकली जागरूकता रैली

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। स्थानीय सैंडिस कम्पाउंड मैदान परिसर में लायंस क्लब के द्वारा चंद्रयान 3 की बड़ी सफलता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान चंद्रयान 3 के सफल परीक्षण को लेकर इसरो द्वारा भारत के उद्धम विकास मार्ग में एक इतिहास बनाया है। इस सफल परीक्षण के खुशी को लेकर भागलपुर लायंस क्लब के तमाम सदस्यों ने मिलकर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस दौरान लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. विनोद अग्रवाल फर्स्ट लेडी लायन बबीता अग्रवाल, कैबिनेट सचिव ला. गोपाल खेतड़ीवाल, ने रैली का नेतृत्व करते हुए शहर के मुख्य बाजार मार्ग होते हुए कार्यालय पहुंचकर कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला क्षेत्र के समस्त लायंस क्लब सदस्यों ने बढ़ चढ़ हिस्सा लिया।

इस मौके पर लायन क्लब भागलपुर अध्यक्ष मनोज शर्मा एवं सचिव प्रदीप कुमार सहित लायंस क्लब भागलपुर प्राइम की महिला सदस्यों व युवतियों अन्य सदस्य भी रैली में शामिल थे। रीजनल चेयरपर्सन संजय सेठ, एडमिनिस्ट्रेटर लायन सुमित जैन सचिव लायन अभिषेक, लायन संजीव झुनझुनवाला, लायन अनिल गोयंका, लायन जय कुमार जैन साथ ही और भी लोग विभिन्न संस्थाओं से मौजूद थे।

इस दौरान सभी सदस्यों ने इसरो के समस्त सदस्यों व कर्मियों के सफलता के मार्ग में चंद्रयान 3 का कड़ी मेहनत लग्नसिलता के मार्ग में भारत के मिशन चंद्रयान 3 को सफलता प्राप्त की इसके लिए बहुत-बहुत अनुमोदना और उनकी प्रशंसा की गई।

लूट की योजना बना रहे चार शातिर अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़ा

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। 2 करोड रुपए लूट की साजिश रच रहे 4 अपराधियों को पुलिस ने देर रात झुकुरिया गांव इलाके के पास स्थित एक आम बगीचे से गिरफ्तार किया है। उक्त आशय की जानकारी सीटी एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान सिटी एसपी अमित रंजन ने साझा करते हुए कहा कि मामले को लेकर पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य को लेकर इलाके में अपराधी एकजुट हुए हैं, प्राप्त सूचना के तहत मिली जानकारी के आलोक में बरिय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सीटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।

गठित पुलिस टीम को त्वरित कार्रवाई के तहत प्राप्त सूचना के तहत सूचना स्थल पर पहुंच मामले की सत्यता की जांच के निर्देश दिये गये थे। जिसके बाद गठित पुलिस टीम सूचना स्थल पर पहुंच रणनीति तैयार कर उक्त स्थल से चार शातिरों को दबोचा, वही पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों में मास्टरमाइंड मो. तबरेज व मो. सज्जाद औद्योगिक थाना क्षेत्र के फतेहपुर है जबकि तीसरे अपराधी गौतम कुमार ग्राम मंसरपुर का है तो वही चौथे अपराधी मो. राजा सबौर थाना क्षेत्र के सफियागड़ी के रूप में पहचान की गई है। वही पुलिस टीम ने सभी की जांच के क्रम में अपराधी के पास से दो देशी कट्टा, तीन कारतूस एक छूरा व पांच मोबाइल फोन की बरामदगी की है। ज्ञात हो कि मास्टरमाइंड मो. तबरेज का आपराधिक इतिहास भी रहा है, गिरफ्तार मो. तबरेज पर मारपीट, यौन शोषण, लूटपाट के अलावे कई अन्य कांड में केस दर्ज है। इस दौरान सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

चंपारण ओपी में नये थाना अध्यक्ष को बुके देकर किया गया सम्मानित

पूर्णिया/ केनगर । मधुबनी टीओपी में पदस्थापित थानाध्यक्ष डेजी कुमारी का चम्पानगर ओपी में नए ओपी अध्यक्ष पद पर पदस्थापित होने पर पूर्व के ओपी अध्यक्ष ओमप्रकाश द्धारा नए ओपी अध्यक्ष को बुके देकर सम्मानित किया और पदभार ग्रहण कराया। पदभार ग्रहण के बाद डेजी कुमारी ने चम्पानगर ओपी के सभी पुलिसकर्मियों से औपचारिक जान-पहचान की। उसके बाद उन्होंने ओपी का जायजा लिया। नए ओपी अध्यक्ष ने ओपी क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए ओपी में पदस्थापित पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ बैठक कर विचार विमर्श कर कई दिशा निर्देश दिया। नव पदस्थापित थानाध्यक्ष ने कहा कि अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था प्राथमिकता रहेगी।

क्षेत्र के लोगों के अनुसार पूर्व ओपी अध्यक्ष ओमप्रकाश का सेवा अवधी दायित्व के प्रति सराहनीय बताया गया तथा क्षेत्र के लोगों के साथ मैत्रयी व्यवहार भी बताया गया।

धमदाहा के क्रीड़ा मैदान में शहीदों के सम्मान में राजकीय समारोह का आयोजन

पूर्णिया/ धमदाहा ।शुक्रवार को धमदाहा के ऐतिहासिक कीड़ा मैदान में 1942 के अंग्रेज भारत छोड़ो आंदोलन में धमदाहा थाना में तिरंगा फहराने के दौरान शहीद हुए जवानों के बलिदान दिवस पर राष्ट्रीय तिरंगा फहराया गया। राष्ट्रीय राजकीय समारोह घोषित होने के बाद सर्वप्रथम बिहार सरकार के खाद एवं आपूर्ति मंत्री विधायक लेसी सिंह की उपस्थिति में स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र अरविंद प्रसाद सिंह के द्वारा 9:50 पर झंडोतोलन किया गया। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों एवं शहीद के परिजनों को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बिहार सरकार के आपूर्ति मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि साल 2000 से ही यहां के स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा शहीदों के याद में 25 अगस्त को तिरंगा झंडा फहराया जाता है। इस दौरान लोगों में उत्साह देखने को मिलता है। इन्हीं सब बात को देखते हुए यहां का का स्मारक को विकसित किया गया। साथ ही इसे मुख्यमंत्री की कृपा से आज धमदाहा के शहीदों को राजकीय समारोह करने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक स्वतंत्रता सेनानी परिवार के रहने के कारण स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति उनके अंदर मान सम्मान और बहुत ही आदर भाव है।

जिले के सात अस्पतालों का राज्यस्तरीय टीम जल्द करेगी निरीक्षण

प्रात : किरण ब्यूरो

पूर्णिया । जिले के दो अनुमंडलीय अस्पताल, दो रेफरल अस्पताल और तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का कायाकल्प कार्यक्रम के तहत राज्यस्तरीय टीम के द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। जिसको लेकर सभी तरह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। टीम के आने से पहले ही सभी प्रकार की कमियों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। राज्यस्तरीय टीम में कटिहार जिले के जिला सलाहकार, गुणवत्ता यकीन डॉ किसलय कुमार, जिला अस्पताल के अस्पताल प्रबंधक और स्वास्थ्य विभाग को सहयोग करने वाली संस्था के एक अधिकारी को शामिल किया गया है। जिनके द्वारा पूर्णिया जिले के सात अस्पतालों का कायाकल्प कार्यक्रम के तहत निरीक्षण किया जाना है। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग का मुख्य उद्देश्य, जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाकों में चिकित्सीय व्यवस्था को धरातल पर उतारते हुए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बता दें कि अस्पतालों द्वारा दी जा रही चिकित्सीय सुविधाओं में कमियों को पूरा करते हुए बेहतर चिकित्सीय व्यवस्था लागू करने को लेकर कायाकल्प कार्यक्रम के तहत भौतिक सत्यापन किया जाता है। उसके बाद ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान को विभागीय स्तर पर सम्मानित किया जाता है। जिसमें जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराने में यूनिसेफ एवं पिरामल स्वास्थ्य के अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

कायाकल्प कार्यक्रम के तहत जिले के कई स्वास्थ्य संस्थानों का जल्द ही किया जाएगा निरीक्षणः डीसीक्यूए

जिला सलाहकार, गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि जिले के अनुमंडलीय अस्पताल धमदाहा और बनमनखी, रेफरल अस्पताल अमौर और रूपौली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसबा, भवानीपुर और बैसा का राज्यस्तरीय टीम के द्वारा बहुत ही जल्द भ्रमण होने वाला है। जिसको लेकर सभी अस्पतालों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी सहित भवानीपुर, कसबा और बैसा का कायाकल्प कार्यक्रम के तहत राज्यस्तरीय टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया था। जिसमें बैसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 83.86 प्रतिशत, अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी को 80.86 प्रतिशत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसबा को 76.86 प्रतिशत एवं सीएचसी भवानीपुर को 71.71 प्रतिशत के साथ प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि देकर सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ था।

बेरोजगार महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रही बबीता कुमारी

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । अगर किसी व्यक्ति के पास दृढ़ इच्छा शक्ति, सच्ची लगन, बुलंद हौसला और भरपूर आत्मविश्वास हो तो वह बड़ी से बड़ी बाधाओं का सामना करते हुए कामयाबी के शिखर तक पहुंचकर समाज में अपना एक अलग पहचान बना सकती है। अगर आपके अंदर सही जज्बा और कामयाब होने का जुनून हो तो आर्थिक परेशानी भी आपकी कामयाबी के पथ पर रोड़ा उत्पन्न नहीं कर सकती है। कुछ ऐसा ही मानना है गुलाबबाग निवासी बबीता कुमारी का। इन दिनों बबीता कुमारी आत्मनिर्भर भारत की ओर अपना कदम बढ़ाते हुए बेरोजगार महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का एक मिशाल कायम कर रही है। इन दिनों बबीता कुमारी कई बेरोजगार महिलाओं की मदद से गोबर की मदद से अलग-अलग सामग्री बनाकर न सिर्फ बेरोजगार महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है बल्कि आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देते हुए खुद भी आत्मनिर्भर हो रही है। एक प्रश्न के पूछे जाने पर बबीता कुमारी ने बताया कि गोबर से बनी सामग्री की शुरूआत हम राखी से की है, जिसका नाम हमने नंदी राखी रखा है। उन्होंने बताया कि नंदी राखी गौ माता के गोबर से शुद्ध स्वदेशी एवं स्वच्छता का प्रतीक रखी है। जिसे बहनों के द्वारा भाई के कलाई में बांधने पर न सिर्फ आत्म सुकून मिलता है बल्कि इनका एक अलग महत्व भी होता है। उन्होंने बताया कि वैसे तो राखी के बाजारों में लंबे समय से चाइनीस राखी अपना एक अलग स्थान बनाए हुए हैं वैसे में शुद्ध गोबर से बनी राखी को बाजारों में अपना स्थान दिलाना एक चुनौती पूर्ण कार्य है किंतु हमने इस चुनौती को स्वीकारते हुए जिला मुख्यालय के अलग-अलग चौक चौराहे पर नंदी राखी का कई स्टॉल लगवाए हैं, खासकर गुलाबबाग बाजार के अलग-अलग चौक चौराहा पर कई स्टॉल लगवाए हैं। उन्होंने बताया कि गोबर से निर्मित नदी राखी का डिमांड ग्राहकों के बीच काफी देखने को मिल रही है। उन्हें बताया कि वैसे तो राखी का त्यौहार आने में कई दिन शेष हैं किंतु अभी से नंदी राखी की जो डिमांड दिखने को मिल रही है उससे न सिर्फ हमारी हौसला बड़ी है बल्कि गोबर से बनी अन्य सामग्री बनाने की उत्साह भी हमारी दुगनी हो चुकी है।

कसबा के लाल का कमाल, चंद्रयान 3 अभियान में रही महत्वपूर्ण भूमिका

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । भारत का मून मिशन चंद्रयान-3 के चांद पर सफल लैंडिंग के बाद जहां पूरे देश में जश्न का माहौल है वहीं पूर्णिया जिले के कसबा में भी काफी खुशी देखी जा रही है। पिछले दिनों चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग अभियान में इसरो में कार्यरत सर्जन डा ओपी साह के पुत्र कसबा के मिट्टी के लाल प्रसुन पंकज का अहम योगदान रहा है। प्रसुन पंकज ने कसबा की मिट्टी को गौरवान्वित किया है। श्री पंकज के परिवार में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। बिहार के पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सह कसबा के विधायक मो आफाक आलम ने कसबा की मिट्टी के लाल प्रसुन पंकज को बिहार की आम जनता की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है। कसबा की मिट्टी में जन्मे और पले प्रसुन की हर ओर सराहना हो रही है। उनके जीवनवृत्त पर प्रकाश डाले तो श्री प्रसुन का घरेलू नाम सुमन है। उनका प्रथम पाठशाला सरस्वती शिशु मंदिर कसबा है जहां से उन्होंने शिक्षा आरम्भ किया। मध्य विद्यालय, कसबा और उच्च विद्यालय, कसबा से शिक्षा प्राप्त कर, पटना में शिक्षा ग्रहण किया।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के ओजस्वी संगठनकर्ता पूर्व राष्ट्र

संक्षिप्त खबरें

पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मण्डल का मनाया गया जयंती समारोह

आरा। कृष्ण चेतना समिति सभागार में अखील भारतवर्षीय यादव महासभा भोजपुर इकाई के जिलाध्यक्ष यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया के अध्यक्षता में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी चिंतक मण्डल आयोग के अध्यक्ष बी पी मण्डल के जयन्ति समारोह मनाया ।समारोह के संचालन श्री सुदर्शन यादव ने किया ।समारोह के उद्घाटन प्रो विजय सिंह मुंखिया एवं डॉ रघुबर प्रसाद चन्द्रवँशी ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया ।अपने सम्बोधन में प्रो विजय सिंह मुंखिया ने कहा कि बीपी मण्डल एक सम्पन्न परिवार बनारसी में हुआ था ।हालांकि उनका पैतृक गांव मधपुरा में है ।वे बचपन से ही आजादी के लड़ाई में शामिल हो गए थे ।तथा देश के प्रति जागरूक थे ।डॉ रघुबर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि बीपी मण्डल जी समाजवाद के प्रखर प्रहरी और आजादी के अग्रदूत थे वे हमेशा गरीब वंचित समाज के लिए सदन से सड़क तक संघर्ष किये थे उन्होंने समाजवाद के प्रचार प्रसार दिन रात करते थे ।समारोह को सम्बोधन करने वाले लोगो मे अमरजीत सम्राट अशोक मास्टर महेंद्र गिरी मण्डल जितेंद मास्टर रितेश यादव दिनेश यादव वकील यादव सन्तोष यादव सतेंद्र यादव रोहन यादव सीताराम यादव गणेश यादव रामबालक सिंह कामेश्वर यादव रामेश्वर यादव बिरेन्द्र यादव जगरनाथ भुनेश्वर यादव प्रयाग प्रमोद यादव जगदीश यादव सोमारू यादव जितेंद यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

भोजपुर सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति जख्मी

आरा। आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के पीरो गांव के समीप गुरुवार की सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति गंभीर रुप से जख्मी हो गए ।जिसके बाद उन्हें परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए पीरो पीएचसी से आरा सदर अस्पताल आया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है ।जानकारी के अनुसार जख्मियों में सारण (छपरा) जिला के बनियापुर थाना क्षेत्र के बनियापुर गांव निवासी जय शंकर सिंह एवं उनकी पत्नी इंदु देवी शामिल है ।इधर इंदु देवी ने बताया कि उनकी पुत्री प्रीति कुमारी बिहार पुलिस में सिपाही है एवं वर्तमान में रोहतास जिले के डिहरी ऑनसोन में पोस्टेड है। बुधवार को वह अपने पति जय शंकर सिंह के साथ बाइक से अपनी बेटी प्रीति कुमारी से मुलाकात करने के लिए डिहरी ऑनसोन गई थी। गुरुवार की सुबह जब वे दोनों वहां से वापस बाइक से अपने गांव लौट रहे थे ।उसी दौरान पीरो गांव के समीप उनकी बाइक अचानक नियंत्रित हो गई ।जिससे दोनों गंभीर रुप से जख्मी हो गए। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए पीरो पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है ।इस हादसे में जय शंकर सिंह को काफी गंभीर चोटे आई हैं।

चतुर्थवर्गीय कर्मी को बहाल किए जाने पर डीएम को दी बधाई

गया ।जिला जनता दल यू के उपाध्यक्ष एवं जिला सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण के सदस्य जितेंद्र कुमार दास ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के केबिनेट में लिए गए निर्णय गया जिला के बेलागंज प्रखंड, टिकारी प्रखंड एवं डोभी प्रखंड में अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण विभाग द्वारा भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय के निर्माण का स्वागत किया है। श्री कुमार ने कहा सात सौ बीस बेड और 46;08 करोड़ की लागत वाले आवासीय विद्यालय निर्माण हो जाने से छात्राओं को काफी लाभ होगा। इस निर्णय को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री रत्नेश सदा, अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण विभाग के सचिव दिवेश सेहरा एवं जिला पदाधिकारी डॉ0 त्याग राजन एस एम को बधाई दिया है।

असमर्थ लोगों को छोटे किस्तों पर भूमि उपलब्ध कराय ,अपने घर का सपना पूरा हो सके:गौरव

गया। शहर के केपी रोड स्थित सभा स्थल पर पर युवा जदयू के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष कुमार गौरव का युवा नेता शिवा पांडेय की अध्यक्षता में फूटपाथ संघ के तमाम लोगों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह में युवा जदयू के नवनिर्वाचित गया जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि मैंने आप फूटपाथ संघ के लोगों की बातों को सुना। मुझे इस बात से काफी दुख हुआ। मैं इस बात के लिए संघ को आश्वस्त करता हूं कि बहुत जल्द मैं आपकी बातों को बिहार के जनप्रिय व लोकप्रिय नेता नीतीश कुमार तक पहुंचाउंगा। आपकी मांग को उनके समक्ष प्रस्तुत कर आपके लिए स्थायी स्थल का चयन कर अपने व्यवसाय को करने के लिए सुविधा मुहैया कराने का भरपूर प्रयास करुंगा। बिहार के मुख्यमंत्री लगातार जनसेवा के लिए काम को करते आ रहे हैं। आपको याद होगा कि हमने फूटपाथ तथा आर्थिकरुप से कमजोर लोगों के लिए छोटे किस्त पर गया, जहानाबाद में भूमि उपलब्ध कराना शुरू किया तो आज आर्थिक रुप से असमर्थ सैकड़ों परिवारों को भूमि उपलब्ध करा चुके हैं।

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय का आरा आगमन पर भाजपा की पूर्ण तैयारी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय का 26 अगस्त को भोजपुर जिला मे आगमन हो रहा है ।केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री जिले के विभिन्न कार्यक्रमों मे शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व मे तैयारी को लेकर लगातार बैठको का दौर जारी है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि नित्यानंद राय जी 11:00 बजे कोईलवर आ जाएँगे जहाँ उनका भब्य स्वागत किया जाएगा। उसके बाद जगदीशपुर किला मैदान मे बाबू कुँवर सिंह को माल्यार्पण करेंगे एवं दलीपपुर मे उनके वंशजो से मिलेंगे। संदेश विधानसभा के संदेश हाईस्कूल मैदान और बड़हरा बिधानसभा के बिराहिमपुर करजा हाईस्कूल मैदान मे अन्य पार्टियों से आएँ पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित, महादलित लोगो का मिलन समारोह मे शामिल हो कर उन्हे पार्टी की सदस्यता दिलाएँगे। सायं को भाजपा जिला कार्यालय बामपाली मे जिला पदाधिकारियो, वरिष्ठ कार्यकताओ, नेताओं और सक्रिय कार्यकताओ के साथ संवाद सह सहभोज मे शामिल होंगे। उनके आगमन पर सभी जगह बैनर पोस्टर लगाएँ गए है।

वहीं बड़हरा विधानसभा अंतर्गत बिराहिमपुर हाईस्कूल मैदान मे मिलन समारोह की तैयारी के लिए बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे एक बैठक की गई। पूर्व मंत्री सह बड़हरा विधायक ने कार्यक्रम के बारे मे बताते हुए कहा कि बिराहिमपुर हाईस्कूल मैदान मे अन्य पार्टी से आए हजारो दलित, महादलित, पिछड़े, अतिपिछड़ा खासकर बिंद समुदाय के कार्यकताओ को केन्द्रीय मंत्री द्वारा पार्टी की सदस्यता दिलाई जाएगी ।उनके आगमन को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है। कार्यक्रम के लिए पंडाल बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अपने नेता के स्वागत के लिए ढोल-बाजे, फूल-माला आदि की तैयारी किए है और पोस्टर-बैनर चारो तरफ लग गया है। भाजपा मे बहुत तेजी से पिछड़े और दलित शामिल हो रहे है ।भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास वाली पार्टी है ।आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश दिन दुनी रात चौगुनी विकास कर रहा है। आज हम चांद पर पहुंच गए। बैठक मे जिला उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र सिंह, हरेन्द्र पांडेय, मिथिलेश कुशवाहा, धीरज सिंह, संजय तिवारी, उज्जवल सिंह, रामबाबू पांडे, गोपाली तिवारी, संपत सिंह आदि कार्यकर्ता थे। वही संदेश विधानसभा के संदेश मे भाजपा नेता रामदिनेश यादव के नेतृत्व मे तैयारी बैठक की गई, जिसमे सभी मंडल अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने की दो बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भोजपुर, आरा आदित्य सुमन के अध्यक्षता में दो बैठक की गई।

जिसमें एक बैठक में खनन विभाग एवं विद्युत विभाग के पदाधिकारीगण द्वारा किया गया जिसमें अधिक से अधिक निष्पादित हो सकने वाले वादों पर विचार विमर्श किया गया। वही दूसरी बैठक में विभिन्न न्यायालयों में लंबित बीमा वाद में कंपनी के पदाधिकारीगण एवं उनके अधिवक्ता के साथ किया गया। बैठक में सचिव द्वारा वादों के अधिक से अधिक निष्पादन हेतु चर्चा की गई, तथा बीमा कंपनी के अधिवक्तागण को कई आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भोजपुर, आरा आदित्य सुमन ने यह भी कहा कि यदि किसी पक्षकारगण के सुलहनीय वाद में अधिवक्ता नियुक्त नहीं है और पक्षकारगण अपना वाद सुलह करना चाहते हैं तो वे सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में संपर्क कर अपने वाद का निशुल्क निष्पादन सुलह के आधार पर कर सकते हैं साथ ही सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर आरा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार हो इसके लिए जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी के सहयोग से जिले में मुख्य 10 स्थान को चिन्हित कर होर्डिंग के माध्यम से भी आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

भोजपुर में जेसीबी ने बाजार कर घर वापस लौट रही दादी-पोती को मारी टक्कर, पोती की मौत

जख्मी बृद्ध महिला का आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है इलाज

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुरी जिले के चांदी थाना क्षेत्र के चांदी चौक पर गुरुवार की शाम जेसीबी ने बाजार कर घर वापस लौट रही दादी-पोती को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पोती की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दादी गंभीर रुप से हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मच रही। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने उक्त जेसीबी को जब्त कर लिया है। जबकि चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृत बच्ची चांदी थाना क्षेत्र के नरही गांव निवासी चंदन कुमार की 5 वर्षीया पुत्री सोनी कुमारी है एंव वह आंगनबाड़ी में पढ़ती थी। वही जख्मी बृद्ध महिला लक्ष्मण राय की 60 वर्षीया पत्नी व मृत बच्ची की दादी रामकेशरी देवी है। इधर मृत बच्ची की दादी रामकेशरी देवी ने बताया कि गुरुवार की शाम वह अपनी पोती सोनी कुमारी के साथ अपने गांव से चांदी बाजार सब्जी खरीदने आई थी। सब्जी खरीदने के बाद जब वी अपनी पोती के साथ सड़क किनारे से घर वापस लौट रही थी। उसी दौरान पीछे से आ रही जेसीबी ने पहले उनकी पोती सोनी कुमारी को रौंदा। जब वह उसे बचाने गई तो जेसीबी की चपेट में आने से वह भी गंभीर रुप से जख्मी हो गई। इसके बाद मौके पर पहुंची चांदी थाना की पुलिस द्वारा दोनो इलाज के लिए आरा अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक अपने देख उनकी पोती सोनी कुमारी को मृत घोषित कर दिया। वही जख्मी रामकेशरी देवी का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में ले कर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है है कि मृत बच्ची अपने दो भाई व एक बहन में बड़ी थी एवं अपने मां-बाप इकलौती लाडली थी। मृत बच्ची के परिवार में मां पूनम देवी वी एक भाई सूरज कुमार एक बहन सलोनी कुमारी है। हादसे के बाद मृत बच्ची के घर में कोहराम मच गया है। वही हादसे के बाद मृत बच्ची की मां पूनम देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों करो रो-रोकर बुरा हाल है।

खेत में रखे गिट्टी पर ट्रैक्टर चढ़ जाने को लेकर दो दंपति समेत पांच की पिटाई

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के चिल्होस गांव में शुक्रवार की देर शाम खेत में रखे गिट्टी पर ट्रैक्टर चढ़ जाने के विवाद को लेकर एक ही परिवार के दंपति समेत पांच लोगों की जमकर पिटाई कर दी गई। इससे सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए संदेश रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में संदेश थाना क्षेत्र के चिल्होस गांव निवासी सुरेंद्र चौधरी, उनकी पत्नी जवांती देवी, दो पुत्र गोविंद कुमार, योगेंद्र चौधरी एवं एक पुत्री ललिता कुमारी शामिल है। इधर ललिता कुमारी ने बताया कि दस दिनों से 6 कट्ठा जमीन को लेकर चाचा से विवाद चला रहा है और चाचा द्वारा पहले से अपने जमीन पर गिट्टी गिराया गया था। शुक्रवार की शाम जब उसके पिता सुरेंद्र चौधरी के द्वारा ट्रैक्टर से अपने जमीन पर गिट्टी गिराया गया था। गिट्टी गिराने के बाद जब ट्रैक्टर वापस लौट रही थी और लौटने क्रम में उसके चाचा के गिट्टी पर ट्रैक्टर का चक्का चढ़ गया। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद उसके चाचा ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से सभी लोगों की पिटाई कर दी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए संदेश रेफरल अस्पताल से आरा से सदर अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी ओर जख्मी ललिता कुमारी ने अपने चाचा धर्मेंद्र चौधरी एवं उनके परिवार के सदस्यों पर मारपीट कर सभी लोगों को जख्मी करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

सुखाड़ क्षेत्र धोषीत करे सरकार : जिलाअध्यक्ष

गया ।भारतीय जनता पार्टी गया जिला के द्वारा गया जिला को पूर्ण सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने के लिए गया के गांधी मैदान धरना स्थल पर एक दिवसीय धरना जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह की अध्यक्षता में किया गया ।धरना के बाद जिला पदाधिकारी गया को मांग पत्र गया समाहरणालय में दिया गया आज के धरना को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री सह गया शहर विधायक डॉक्टर प्रेम कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरे मगध क्षेत्र में बारिश नहीं होने के चलते सुखाड़ की स्तिथि हो गया है किसान त्राहिमाम कर रहा है लेकिन बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार हवाई सर्वेक्षण कर खाना पूर्ति कर रहा है आज धरना के माध्यम से मगध क्षेत्र को सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया जाए एवं किसान ऋण ,बिजली शुल्क माफ किया जाय, मैं खुद बिहार सरकार के कृषि मंत्री के रूप में कृषि रोड मैप के तहत कार्य करके संयुक्त कृषि भवन का निर्माण, उत्तर कोइल सिंचाई परियोजना कृषि उत्पादन एवं जैविक खेती के बलबूते बिहार उन्नत खेती में कृतिमान स्थापित किया गया।

भारतीय क्रांति वीर पार्टी का तेरह सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। प्रखंड मुख्यालय पर भारतीय क्रांति वीर पार्टी द्वारा अपनी तेरह सूत्री मांगों को लेकर तिसरे दिन भी अपने पांच साथी के साथ अनिश्चितकालीन अनशन पे बैठे रहे समाचार लिखने तक कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा था वही क्रांति वीर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वैद्य कृष्णा पासवान ने साफ तौर पर बताया कि मुझे अनशन स्थल पर शाहिद क्यों ना होना पड़े मैं तब तक नहीं हटूंगा और उन्होंने बताया कि खासकर इंदिरा आवास, नहर के पानी, और बिजली बिल पर सरकार द्वारा मेरी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक मैं अनशन पर बैठे रहूंगा । जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वैधराज कृष्ण पासवान सहित पांच लोग अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हैं। उनके साथ पार्टी के कई कार्यकर्ता भी शामिल हैं। अनशन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस समय भ्रष्टाचार, महंगाई , बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गया है। लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है। सोन नदी से लगातार अवैध खनन किया जा रहा है लेकिन कोई रोकने वाला नहीं है। जिसके कारण सोन तटीय इलाकों में पेयजल संकट उत्पन्न हो जाता है। अनशन के दौरान पार्टी द्वारा सोन नदी से अवैध खनन, पेयजल समस्या, सिंचाई, सुखाग्रस्त घोषित करने की मांगों सहित तेरह सूत्री मांगों का मांग पत्र जारी किया गया है। अनशनकारीयों में वैधराज कृष्ण पासवान, सकलदीप चौधरी, नारायण राय, राम शुक्ला दास एवं राम गोविंद यादव शामिल हैं। वही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि 2 दिन बीतने जा रहा है लेकिन अभी तक कोई भी नहीं पहुंचा और उन्होंने दो दिन के और अल्टीमेटम दिया है यदि 2 दिन के अंदर मेरी मांग पूरी नहीं हुआ तो कार्यकताओं के द्वारा स्टेट हाईवे रोड को भी जाम कर दिया जाएगा।

भोजपुर में मारपीट में जख्मी अधेड़ की मौत

संदेश थाना क्षेत्र के चिल्होस गांव में बीते शुक्रवार की देर शाम घटी थी घटना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के चिल्होस गांव में मारपीट में जख्मी अधेड़ की मौत हो गई। इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह उन्होंने पटना के पीएमसीएच में दम तोड़ दिया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई।

सूचना मिलते ही स्थानीय थाना मौके पर पहुंचे शव का पोस्टमार्टम पीएमसीएच में करवाया। इसके बाद परिजन उनके शव को गांव ले आए और आरोपियों की गिरफ्तारी एवं मुआवजे की मांग को लेकर चिल्होस गांव में शव को सड़क के बीचो-बीच रख सड़क जाम कर दिया ।सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कटारे लगी रही एवं आवागमन घंटे ठप रहा। इधर सड़क जाम की सूचना पाकर संदेश थानाध्यक्ष अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और लोगों को समझा बूझकर सड़क जाम को हटाया है। इसके बाद परिजन उन्होंने शव का दाह-संस्कार किया।

जानकारी के अनुसार मृतक संदेश थाना क्षेत्र के चिल्होस गांव निवासी स्व.सहबीर चौधरी के 50 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र चौधरी हैं एवं वह पेशे से किसान थे। बता दे की बीते शुक्रवार की शाम जमीन पर रख गिट्टी पर ट्रैक्टर का चक्का चढ़ जाने के विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें एक पक्ष से संदेश थाना क्षेत्र के चिल्होस गांव निवासी सुरेंद्र चौधरी, उनकी पत्नी जवांती देवी, दो पुत्र गोविंद कुमार, योगेंद्र चौधरी एवं एक पुत्री ललिता कुमारी जख्मी हो गई थी ।जिसके बाद सभी को इलाज के लिए अरशद अस्पताल लाया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद सुरेंद्र चौधरी की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था।

जहां चार दिन चले इलाज के बाद गुरुवार की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं मामले में संदेश थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों द्वारा प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए मृतक एक पुत्र एवं दूसरे पक्ष के एक अन्य युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। वहीं हादसे के बाद मृतक की पत्नी जवांती देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भोजपुर में अचानक तबीयत बिगड़ने से होमगार्ड जवान की मौत

आरा। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में शुक्रवार की अहले सुबह अचानक तबियत खराब होने जाने से एक होमगार्ड जवान की मौत तो गई। घटना को लेकर लोगों से बीच अफरा-तफरी मच रही। जानकारी के अनुसार मृतक जवान सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव निवासी स्व.जगदीश सिंह के 57 वर्षीय पुत्री जंग बहादुर सिंह है। वह होमगार्ड जवान थे एवं वर्तमान पीरो अनुमंडल के पीरो एसडीओ के आवास पर होमगार्ड जवान के पद पर कार्यरत थे। इधर मृतक जवान के बेटे मुकेश यादव ने बताया कि गुरुवार को अपनी ड्यूटी कर शाम को घर वापस लौटे। घर पर लौटने के कुछ देर बीत जाने के बाद ही उनकी तबियत अचानक काफी बिगड़ गई। जिसके बाद परिजन द्वारा होने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में शुक्रवार की अहले सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया।

हजारों की संख्या में परीक्षार्थियों ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में शरण लेकर दिया परीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा । बीपीएससी द्वारा आयोजित शिक्षक परीक्षा के लिए लाखों की संख्या में परीक्षार्थियों को हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी ने अपने कार्यालय को छात्रों के लिए निवास स्थल के रूप में तात्कालिक रूप से निशुल्क सहयोग करने का काम किया है हजारों की संख्या में परीक्षार्थियों ने भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय शहीद भवन आरा में शरण लेकर परीक्षा देने का काम किया जिसके लिए भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक राम ने सराहनीय कार्य किया है दिन-रात लगकर छात्रों को रहने खाने के प्रबंध सुनिश्चित किया है कष्ट में पड़े छात्रों को भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ठहरने के लिए जगह प्रबंधन करने से छात्रों में हर्ष एवं उल्लास का माहौल है कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रति छात्रों का रुझान तेजी से बड़ा है छात्र समझ रहे हैं कि कांग्रेस जब विपक्ष में भी है तो हमें ठहरने का जगह तक दे रही है भाजपा जब सत्ता में है तो नौकरी भी छीन रही है रहने खाने का व्यवस्था भी कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहा है कांग्रेस का साथ हमेशा छात्रों और नौजवानों को मिला है राहुल गांधी के प्रति विश्वास जताते हुए छात्रों ने अगले चुनाव में राहुल गांधी जी को सपोर्ट करने का निर्णय भी लिया है भारतीय अशोक राम अध्यक्ष भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी

नित्यानंद राय के आगमन को लेकर खेसरहीया मे महिला मोर्चा की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

बड़हरा विधानसभा के क्षेत्र अंतर्गत कोईलवर प्रखंड के कोईलवर उत्तरी मंडल के आज दिनांक 25 अगस्त को बड़हरा में केंद्रीय गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय जी के आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा के नेतृत्व में कोईलवर उतरी मंडल के खेसरहीया पंचायत में सशक्त संगठन महिला मोर्चा कार्यकताओं द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ममता सिंह के द्वारा किया गया। वहीं मंच संचालन महामंत्री विजेता शर्मा ने किया। बैठक में कार्यक्रम के क्रियानात्मक तैयारी एंव समीक्षा की गई। वहीं महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष ममता सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय के आगमन को लेकर महिला, पिछड़ा एवं दलित वर्ग से महिलाओं की अधिक से अधिक संख्या उपस्थिति को लेकर बैठक किया गया। जिसमें महिला मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि हम महिलाएं हजारों हजार की संख्या में वहां पहुंचेंगे और कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। वही इस बैठक में अधिक से अधिक महिलाओं को चलने के लिए कार्यकताओं में जोश भरा। इस मौके जिला उपाध्यक्ष शकुंतला सिंह, मीडिया प्रभारी अनुपमा कुमारी, जिला मंत्री संगीता देवी, कोषाध्यक्ष सुनीता कुमारी, अनिता, जिरा देवी, आदि अन्य महिला कार्यकर्ता उपस्थित हुई।

गुलनार में दो दिवसीय राखी मेकिंग प्रशिक्षण शिविर शुरू

प्रातः किरण संवाददाता/ गया। भाई बहन का सबसे पवित्र त्योहार रक्षाबंधन पर शहर के मीर अबू सालेह रोड स्थित स्वयंसेवी संस्था गुलनार निःशुल्क महिला सिलाई सेंटर द्वारा संस्थान प्रांगण में शुक्रवार को दो दिवसीय राखी मेकिंग प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया।

इस प्रशिक्षण शिविर में 39 छात्राएं भाग ले रही है। अध्यापिका पूनम कुमारी व नंदनी कुमारी प्रशिक्षणार्थियों को कलात्मक राखियां बनाने का प्रशिक्षण दे रही है. इस प्रशिक्षण शिविर का समापन 26 अगस्त को होगा।

जनता दरबार स्थगित रहने पर भी लोगों की समस्या सुनी गई

गया ।जनता दरबार स्थगित रहने के बावजूद समाहरणालय में कई व्यक्तियों को आए देखते हुए जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने उनकी समस्याओं को सुना गया है। आज जनता दरबार में आये हुए लगभग 100 व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास , मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है ।कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए हैं उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए गए हैं। जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है। साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम सात दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी, पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करे ।कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिसपर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें ।जनता दरबार के सुनवाई में आपदा विभाग के द्वारा विभिन्न लंबित आवेदन के विरुद्ध जांच करते हुए जिला आपदा पदाधिकारी उसे तेजी से अनुपालन करवाये। बिजली विभाग के बिजली बिल ज्यादा आने, घर का बिजली कनेक्शन जोड़ने सहित अन्य मामले पर जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता बिजली पदाधिकारी को प्राप्त आवेदनों को जांच करते हुए आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिए हैं। बिजली बिल ज्यादा आना एवं एवरेज बिल आना इत्यादि के मामले ज्यादा आ रहे हैं, जिला पदाधिकारी ने कहा कि उस एरिया के संबंधित जे०ई० से जांच करवाएं एवं खराब बिजली मीटर को बदलवाने का कार्य करे। जहां भी ज्यादा बिल आने की शिकायत है उसे जांच करवाकर मीटर बदले ।पैक्स में नाम जोड़ने संबंधित मामले में जिला सहकारिता पदाधिकारी को आगे की करवाई के लिए जांच करने को कहा गया है।

बोधगया मंदिर परिसर में हवलदार मृत्यु का फोरेंसिक टीम द्वारा जांच

गया ।समय लगभग 1:40 पर महाबोधि मंदिर परिसर बोधगया के अंदर गोलियों की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर महाबोधि मंदिर के अंदर तैनात पुलिस बल तुरंत अलर्ट हो गए और जिला पुलिस बल तथा विशेष सशत्र बल के वरीय पदाधिकारियो को इसकी सूचना दी गई है। तुरंत सूचना प्राप्त होते ही जिला पदाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक गया, नगर पुलिस अधीक्षक, गया अनुमंडल पदाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक बोधगया सहित जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी, जिला पुलिस बल के अन्य पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर तुरंत पहुंच गए हैं। घटनास्थल पर हवलदार अमरजीत कुमार यादव बिहार स्वाभिमान बटालियन का शव पाया गया है। शव के पास ही उनका सरकारी हथियार कारबाइन मौजूद पाया गया है। घटनास्थल के अवलोकन से प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है की हवलदार अमरजीत कुमार यादव के सरकारी कार्बाइन से किसी कारण दुर्घटनावश गोली चल गई है और अपने हथियार से ही उन्हें गोली लग गई है जिसके कारण घटनास्

त्योहारों में दमदार बिक्री की आस, 40 से 50 प्रतिशत उत्पादों की बिक्री बढ़ने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी। अगले हफ्ते ओणम और रक्षाबंधन आ रहे हैं, जिनके साथ त्योहारों का दौर शुरू हो जाएगा। तमाम कंपनियों को उम्मीद है कि लोगों पर त्योहारों का खुमार चढ़ने के साथ ही इस साल उनके उत्पादों की बिक्री खूब बढ़ेगी। कंज्यूमर ड्यूरेबल कंपनियों को इन त्योहारों पर अपने प्रीमियम उत्पादों की बिक्री 40 से 50 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। अप्लायंस विनिर्माता भी मान रहे हैं कि इस साल बेमौसम बारिश के कारण कम बिके रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर जैसे ठंडे करने वाले उपकरण त्योहारों पर खूब बिकेंगे।

गोदरेज अप्लायंसेज के कारोबार प्रमुख एवं कार्यकारी वाइस प्रेसिडेंट कमल नंदी ने कहा, 'अगर ओणम को संकेत माना जाए तो खास तौर पर प्रीमियम श्रेणी के लिए त्योहारी सीजन अच्छा रहेगा। हम सितंबर में कई उत्पाद पेश करने वाले हैं।' उन्होंने कहा कि इस बार के त्योहारों में प्रीमियम उत्पादों की बिक्री पिछले साल के मुकाबले 40 फीसदी बढ़ने के आसार हैं। मगर ज्यादा बिकने वाले उत्पादों की श्रेणियों में बिक्री 20 फीसदी तक ही बढ़ने की संभावना है।

टेलीविजन बनाने वाली कंपनी सुपर प्लास्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (एसपीपीएल) ने भी त्योहार पर मांग बढ़ने की उम्मीद में टीवी पैनल का उत्पादन 20 से 30 फीसदी बढ़ा दिया है। कंपनी के मुख्य कार्याधिकारी अवनीत सिंह मारवाह ने कहा, 'इस साल त्योहारी सीजन अच्छा रहने की उम्मीद है क्योंकि पूरे साल बाजार में झटके मिलते रहे। क्रिकेट में दो बड़े टूर्नामेंट विश्व कप और एशिया कप भी होने जा रहे हैं, जिनसे टीवी की बिक्री तेज होगी।' कंपनी के पास कोडक, थॉमसन, ब्लाउपंक्ट और व्हाइट-वेस्टिंगहाउस जैसे ब्रांडों का लाइसेंस है और वह इन ब्रांडों के टीवी बनाती है।

एफएमसीजी क्षेत्र में पारले प्रोडक्ट्स को बिक्री के लिहाज से यह साल बहुत अच्छा दिख रहा है। कंपनी के वरिष्ठ श्रेणी प्रमुख मयंक शाह ने कहा, 'इस साल शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों का प्रदर्शन अच्छा रहना चाहिए क्योंकि महंगाई में नरमी आई है और मांग में इजाफा दिखा है। बिक्री में हमें मूल्य के लिहाज से 10 से 11 फीसदी और मात्रा के लिहाज से 4 से 5 फीसदी वृद्धि की उम्मीद है।'

वाहन कंपनियों को भी त्योहार की वजह से मांग में वृद्धि दिख रही है। मारुति सुजूकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, 'ओणम ने सीजन की अच्छी शुरुआत करा दी है और बुकिंग करीब 25 फीसदी बढ़ गई है। मगर अगस्त में बारिश कम होने से ग्रामीण मांग पर असर पड़ सकता है। करीब 80 फीसदी खुदरा बिक्री कर्ज के साथ होती है, इसलिए ब्याज दरें बढ़ीं तो बिक्री को झटका लग सकता है।'

इस साल त्योहार कुल 83 दिन तक चलेंगे, जबकि पिछले साल त्योहारों का सीजन केवल 71 दिन का था। पश्चिम भारत में टाटा मोटर्स के डीलर दादा मोटर्स के मालिक ऋषि दादा ने कहा, 'हमें त्योहारों में मांग करीब 30 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) की मांग खास तौर पर अधिक है और जिन कंपनियों के पास एसयूवी के अधिक मॉडल हैं, उन्हें अधिक फायदा होगा।

वाहन डीलरों के संगठन फाडा के अध्यक्ष मनीष सिंहानिया ने कहा कि डीलरों के पास अब 50 दिनों का स्टॉक मौजूद है मगर त्योहारी सीहन के दौरान ज्यादा वाहन बिकने की उम्मीद है। डीलर इस समय अपना स्टॉक बढ़ा रहे हैं और जिन इलाकों में त्योहार शुरू हो गए हैं, वहां वाहनों की आपूर्ति भी ज्यादा हो रही है।

त्योहारों के कारण यात्रा क्षेत्र में भी जबरदस्त तेजी दिख रही है। थॉमस कुक (इंडिया) और एसओटीसी ट्रैवल के अध्यक्ष एवं समूह प्रमुख (वैश्विक कारोबारी यात्रा) इंदीवर रस्तोगी ने कहा, 'महानगरों के लिए किराये पिछले साल के मुकाबले करीब 10 फीसदी बढ़ गए हैं। मुंबई, दिल्ली, बेंगलूरु आदि महानगरों से भुवनेश्वर, इंदौर, लखनऊ, जयपुर आदि शहरों के लिए हवाई टिकट भी 5 से 15 फीसदी तक महंगे हो रहे हैं। दूसरे शहरों में काम करने वाले पेशेवर त्योहारों पर अपने शहर लौटते हैं, जिस वजह से टिकटों की मांग बढ़ रही है।' आतिथ्य सेवा उद्योग को भी आगामी हफ्तों में हलचल बढ़ने की उम्मीद है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज बेच सकती है आरआरवीएल में 8-10 फीसदी हिस्सेदारी

- रिलायंस रिटेल में हिस्सेदारी बिक्री की प्रोसेस 12-15 महीनों में हो सकती है पूरी
- आईपीओ का साइज कम करने के लिए जरूरी है हिस्सेदारी बेचना

नई दिल्ली, एजेंसी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड में 8-10 फीसदी की और हिस्सेदारी बेच सकती है। जिससे कंपनी विस्तार कार्यक्रमों में पैसा लगा सके, कर्ज चुका सके और ग्रु के रिटेल बिजनस के आइपीओ की तैयारी कर सके। मामले से जुड़े 2 इंडस्ट्री लीडर्स ने यह जानकारी दी है। यह प्रोसेस 12 से 15 महीनों में पूरी हो सकती है। यह प्रोसेस रिलायंस रिटेल के प्रस्तावित आईपीओ के लिए महत्वपूर्ण होगी। इस प्रोसेस के बाद कंपनी का आईपीओ आने की संभावना है।

यह शेयर बिक्री महत्वपूर्ण है, क्योंकि 100 अरब डॉलर (8.25 लाख करोड़ रुपये) की मौजूदा वैल्यूएशन के चलते आरआरवीएल का आईपीओ साइज बहुत बड़ा होगा। बाजार में इतने बड़े ऑफर को एब्जॉर्ब करने के लिए लिक्विडिटी नहीं होगी। इसलिए कंपनी को लगता है कि 7-10 फीसदी हिस्सेदारी की और बिक्री आईपीओ साइज को मैनेजेबल बना देगी। ताकि आईपीओ की सफलता सुनिश्चित की जा सके। भारत के लिस्टिंग नियमों के अनुसार किसी कंपनी की पब्लिक होल्डिंग, जिसमें वित्तीय निवेशकों की हिस्सेदारी भी शामिल है, कम से कम 25 फीसदी होनी चाहिए। इस समय रिलायंस रिटेल वैंचर्स लिमिटेड में करीब 11 फीसदी वैश्विक निवेशकों के पास है। इसमें कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी भी शामिल है, जिसने बुधवार को 0.99 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 8,278 करोड़ रुपये निवेश किये हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज की कंपनी में 89 फीसदी से कम हिस्सेदारी है। वहीं, कुछ शेयर छोटे निवेशकों के पास है। मौजूदा वैल्यूएशन पर अगर रिलायंस रिटेल आईपीओ के लिए जाती है, तो उसे करीब 1.15 लाख करोड़ कीमत के 14 फीसदी शेयरों को डायल्यूट करना होगा। यह एक बहुत बड़े आकार का आईपीओ होगा, जिसके सफल होने की संभावना कम रह सकती है। इसलिए रिलायंस इंडस्ट्रीज को आईपीओ से पहले आरआरवीएल में और इक्विटी बेचनी होगी, चाहे वह मौजूदा या नए निवेशकों को यह बेचे।

जियो फाइनेंशियल को 22776 करोड़ की चपत

नई दिल्ली, एजेंसी। हाल में सूचीबद्ध हुई जियो फाइनेंशियल के शेयरों में लगातार चौथे दिन गिरावट रही। चार दिन में कंपनी की पूंजी भी 22,776 करोड़ घट गई है। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 21 अगस्त को 1.59 लाख करोड़ रुपये था जो घटकर 1.37 लाख करोड़ रुपये रह गया। विभिन्न उद्योगों खासकर पेट्रोलियम, स्टील और उर्वरकों को हरित हाइड्रोजन के एक निश्चित अनुपात में खपत करना अनिवार्य करने की योजना बनाई जा रही है। इसके लिए नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय जल्द ही विभिन्न उद्योगों में हरित हाइड्रोजन के उपयोग के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मांगेगा। वर्तमान में विभिन्न उद्योग गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित स्रोतों से ऊर्जा का उपयोग करके उत्पादित हाइड्रोजन का उपयोग करते हैं। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने बताया कि मूलतः हरित हाइड्रोजन खपत का मामला निर्धारण प्रक्रिया में है। हम कुछ आंकड़े लेकर आए हैं। इन्हें लेकर हम जल्द ही कैबिनेट में जाएंगे। इस पर संबंधित मंत्रालयों के साथ विचार-विमर्श किया है। इस वर्ष की शुरुआत में सरकार की ओर से शुरू किए गए राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को देखते हुए यह महत्वपूर्ण है। इस मिशन से 2030 तक एक लाख करोड़ रुपये के जीवाश्म ईंधन आयात और लगभग 5 करोड़ टन सालाना कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आने की उम्मीद है।

आईपीओ धांधली मामले में 15 करोड़ लौटाएगा सेबी

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने 2003-05 में आईपीओ से जुड़ी अनियमितताओं के मामले में निवेशकों को पैसे लौटाने के तीसरे चरण में करीब 15 करोड़ रुपये बांटने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नियामक अप्रैल, 2010 और दिसंबर, 2015 में संचालित पहले दो चरणों में क्रमशः 23.28 करोड़ और 18.06 करोड़ रुपये निवेशकों को लौटा चुका है। तीसरे चरण में 2.58 लाख निवेशकों को 14.87 करोड़ रुपये बांटे जाएंगे।

एसआईएमआर पर 20 लाख का जुर्माना

सेबी ने नियमों के उल्लंघन के मामले में निवेश सलाहकार फर्म स्टार इंडिया मार्केट रिसर्च (एसआईएमआर) पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सेबी ने शिकायत मिलने पर कंपनी की जांच की थी। इस जांच में कंपनी की गलतियां पाई गई थी।

भारत की विकास दर दुनिया के भविष्य को देगी नया आकार, टाटा संस के प्रमुख चंद्रयान-3 पर बोले

नई दिल्ली, एजेंसी। बी 20 समिट के दौरान टाटा समूह के मुखिया एन चंद्रशेखरन ने एक देश के रूप में भारत की मजबूती और संभावनाओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता पर भी अपने विचार रखे। बी20 इंडिया के प्रमुख एन चंद्रशेखरन ने शुक्रवार को कहा कि भारत डिजिटल व कृत्रिम मेधा, ऊर्जा और मूल्य आपूर्ति श्रृंखला के वैश्विक बदलाव का नेतृत्व करने के लिए अच्छी स्थिति में है और देश की वृद्धि का सफर दुनिया के भविष्य को आकार देगा। बिजनेस 20 (बी20) वैश्विक कारोबारी समुदाय के लिए जी20 का आधिकारिक चर्चा मंच है।

बी20 समिट इंडिया 2023 को संबोधित करते हुए चंद्रशेखरन ने कहा कि भारत की वृद्धि का सफर एक प्रतीक बनकर उभरा है और वैश्विक अर्थव्यवस्था में सकारात्मक रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। ऐसे समय में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था विपरीत परिस्थितियों, दशकों के सबसे कठिन दर चक्र और सार्वजनिक ऋण के रिकॉर्ड स्तर पर होने जैसी चुनौतियों का सामना कर रही हैं। चंद्रशेखरन टाटा संस के चेयरमैन भी हैं।

उन्होंने कहा, ''दुनिया वर्तमान में तीन महत्वपूर्ण मूलभूत परिवर्तनों से गुजर रही है। पहला डिजिटल व कृत्रिम बुद्धिमत्ता बदलाव, दूसरा ऊर्जा बदलाव और तीसरा वैश्विक मूल्य आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव...भारत इन तीनों का नेतृत्व करने के लिए बेहद अच्छी स्थिति में है।'' टाटा समूह के मुखिया ने कहा कि भारत आने वाले दस वर्षों में औसतन सात प्रतिशत सालाना की विकास दर हासिल करने की राह पर है। हमारा देश वैश्विक वैल्यू चेन में प्रमुख भूमिका निभाने की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि भारत के पास फिलहाल कई ऐसी विशेषताएं हैं जो उसके पक्ष में काम कर रहीं हैं।

चंद्रशेखरन ने कहा कि विशेष रूप से उस सप्ताह के दौरान सभा को संबोधित करना एक बड़ा सौभाग्य है, जब भारत ने चंद्रमा पर एक अंतरिक्ष यान की सफलतापूर्वक सॉफ्ट-लैंडिंग की।

उन्होंने कहा कि चंद्रमा लंबे समय से आकांक्षा का प्रतीक रहा है, जब हम असंभव के लिए प्रयास करना चाहते हैं हम कहते हैं कि चंद्रमा की ओर निशाना साधें। सहस्राब्दियों से, भारत के महानतम कवियों ने चंद्रमा पर ध्यान केंद्रित किया और हमारे और चंद्रमा के बीच अथाह दूरी पर आश्चर्य व्यक्त किया है।

चंद्रशेखरन ने आगे कहा, लेकिन आज हम चांद को एक नई रोशनी में देखते हैं। पिछले हफ्ते, लाखों भारतीयों और दुनिया भर के लोगों ने टेलीविजन या ऑनलाइन लैंडिंग देखी। उनके लिए चंद्रमा आकांक्षा के प्रतीक से उपलब्धि के प्रतीक में बदल गया है। उन्होंने कहा, हर रात ऊपर की ओर एक साधारण सी नजर इस बात की याद दिलाती है कि एक राष्ट्र के रूप में हमने क्या हासिल किया है और हम भविष्य में क्या हासिल करने में सक्षम हैं।

एचडीएफसी एर्गो ने मध्यप्रदेश में खरीफ सीजन के लिए किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की

बुरहानपुर। भारत की प्रमुख जनरल बीमा कंपनी एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा खरीफ 2023सीज़न के लिए अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, खंडवा (पूर्वी निमाड़), झाबुआ और खरगोन (पश्चिम निमाड़)जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया गया है। यह योजना मध्यप्रदेश सरकार द्वारा योजना के तहत अधिसूचित नीचे दी गई फसलों के लिए हैं। पीएमएफबीवाई योजना किसानों को सूखे, बाढ़, सूखे दौर, भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, ओलावृष्टि, बाढ़, कीट, बीमारियों और अन्य जैसे कई बाहरी जोखिमों से होने वाली फसल की उपज में किसी भी नुकसान के लिए बीमा करती है।उपज में होने वाले नुकसान का निर्धारण करने के लिए, राज्य सरकार योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) की योजना बनाएगी और संचालन करेगी।यदि आयोजित सीसीई के आधार पर उपज के आंकड़े कम निकलते हैं, तो किसानों को उनकी उपज में कमी मानी जाएगी, जिसके लिए किसानों को दावा देय होगा। यह योजना फसल चक्र के सभी चरणों के लिए बीमा कवर प्रदान करती है, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम भी शामिल हैं।पीएमएफबीवाई योजना के तहत सभी उत्पाद मध्यप्रदेश सरकार के कृषि विभाग द्वारा अनुमोदित हैं।ऊपर सूचीबद्ध कोर के लिए पीएमएफबीवाई योजना के तहत बीमा कवर प्राप्त करने के लिए अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, खंडवा (पूर्वीनिमाड़), झाबुआ और खरगोन (पश्चिम निमाड़) जिलों के किसान अपने जिले के संबंधित बैंकों, सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) तक पहुंच सकते हैं या अधिकृत एचडीएफसी ईआरजीओ एजेंटों से संपर्क कर सकते हैं।बीमा कवर प्राप्त करने की वैधता अवधि का विवरण किसानों को कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।किसान फार्मर ऐप पर भी लॉगइन कर सकते हैं

जोमैटो के शेयर धड़ाम, धड़ाधड़ बेचने लगे लोग

नई दिल्ली, एजेंसी। जापानी टेक दिग्गज सॉफ्टबैंक जल्द ही जोमैटो के शेयरों को बेचने की संभावना है। सीएनबीसी-टीवी18 की खबर के मुताबिक ब्लिंकिट के बाद के सौदे के लिए लॉक-इन आज समाप्त हो रहा है। इस खबर के बाद जोमैटो के शेयरधारकों में बेचैनी साफ दिखने

लगी और देखते ही देखते शेयर 93.35 रुपये पर खुलने के बाद 90.45 रुपये तक आ गया। दोपहर 1:40 बजे के करीब यह स्टॉक 3.25 फीसद टूट कर 90.75 रुपये पर था। शुक्रवार को एक्सचेंजों पर जोमैटो के लगभग 51 लाख शेयर एक ब्लॉक में बदल गए, जिससे स्टॉक 3 प्रतिशत से अधिक नीचे आ गया। जोमैटो ने पिछले साल एम एंड ए के लिए कंसिडरेशन के रूप में ब्लिंकिट के सभी सेलिंग शेयरधारकों को नए इक्विटी शेयर जारी किए। जोमैटो ने छह महीने की वैधानिक लॉक-इन आवश्यकता की तुलना में इन शेयरों के लिए 12 महीने की लॉक-इन पर बातचीत की थी। इनमें से अधिकांश शेयरों का स्वामित्व केवल तीन वेंचर कैपिटल निवेशकों अर्थात् सॉफ्टबैंक, टाइगर ग्लोबल और सेक्विओआ के पास है। जेएम फाइनेंशियल के एक विश्लेषण से पता चला है कि जोमैटो के प्री-आईपीओ और पूर्व-ब्लिंकिट शेयरधारक वर्तमान में पर्याप्त मुनाफे में हैं।

पिछले 6 महीने में करीब 70 फीसद उछला

जोमैटो के शेयर पिछले 6 महीने में करीब 70 फीसद उछले हैं। 27 फरवरी को यह स्टॉक केवल 53.60 रुपये पर था। इसके बाद मार्च में 50 रुपये तक आ गया। कुछ दिन पहले 102.85 रुपये के 52 हफ्ते के हाई पर चढ़ने के बाद आज यह स्टॉक फिसल गया है। इससे पहले इस साल अब तक अपने निवेशकों को 50 फीसद से अधिक का रिटर्न दे चुका है।

पेटीएम में 2.3 करोड़ शेयर बेचने के मूड में चीन की कंपनी, खबर सुन झूमे निवेशक

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की दिग्गज फिनटेक फर्म पेटीएम में एंटफिन के हिस्सेदारी बेचने की खबर आ रही है। चीन के अरबपति जैक मा के अलीबाबा समूह की एंटफिन ब्लॉक डील के जरिए यह हिस्सेदारी बेचेगी। इस खबर के बाद पेटीएम के शेयर की कीमत 3 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। ट्रेडिंग के दौरान बीएसई पर पेटीएम के शेयरों में 3.84 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और इसका भाव 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 939.00 पर पहुंच गया। यह शेयर के 18 महीने का भी उच्चतम स्तर है।

मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पेटीएम में एंटफिन 3.6 प्रतिशत शेयर या 2.3 करोड़ शेयर बेचने के मूड में है। एंटफिन की ओर से 880.10 प्रति शेयर के हिसाब से हिस्सेदारी बेची जाएगी। डील के बाद पेटीएम में एंटफिन की हिस्सेदारी घटकर 9.9 प्रतिशत रह जाएगी। एंटफिन ने इस महीने की शुरुआत में रेजिलिएंट को 10.3 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी। यह एक विदेशी इकाई है, जिसका 100 प्रतिशत स्वामित्व पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा के पास है। इस डील के बाद विजय शेखर शर्मा की कंपनी में हिस्सेदारी 19.42 प्रतिशत हो गई है।

इस बीच, अधिक फ्री फ्लोट और अधिक वेटेज के कारण पेटीएम शेयरों को एमएससीआइ इंडेक्स में शामिल किया जा सकता है। नुवामा अल्टरनेटिव एंड क्वांटिटेटिव रिसर्च द्वारा विश्लेषण में इसके संकेत मिल रहे हैं। बता दें कि पेटीएम का आईपीओ साल 2021 में आया था। यह आईपीओ फ्लॉप साबित हुआ और शेयरों में बड़ी गिरावट आई। हालांकि, पेटीएम के शेयर इस साल अब तक 73 प्रतिशत से ज्यादा उछल चुके हैं।

कॉमन एडमिशन टेस्ट 2023 के लिए 13 सितंबर 2023 तक कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन

लखनऊ, एजेंसी। कॉमन एडमिशन टेस्ट 2023 (कैट 2023) का आयोजन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ द्वारा किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन पूरा करने की अंतिम तिथि 13 सितंबर 2023 (बुधवार) शाम 5:00 बजे है। आवेदकों से अनुरोध है कि वे बिना परेशानी के रजिस्ट्रेशन करने और अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए पहले से ही रजिस्ट्रेशन करा लें। परीक्षा 26 नवंबर, 2023 (रविवार) को तीन सेशन में आयोजित होने वाली है। नए रजिस्ट्रेशन के लिए, उम्मीदवारों को लिंक ओपन करके रजिस्ट्रेशन प्रोसेस को को पूरा करना होगा। कैट 2023 लगभग 155 शहरों में आयोजित किया जाएगा, जिससे उम्मीदवारों को अपने परीक्षा केंद्र के लिए छह पसंदीदा शहरों का चयन करने का विकल्प मिलेगा। कैट सेंटर यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा कि उम्मीदवारों को उनके पसंदीदा विकल्पों में से एक प्राप्त हो, लेकिन यदि किसी विशेष क्षेत्र में ज्यादा डिमांड देखी जाती है, तो ऑर्गनाइजिंग बॉडी किसी भी पसंदीदा विकल्प के पास सेंटर आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

रियलमी ने अपने स्मार्टफोन पोर्टफोलियो में रियलमी 11 सीरीज 5जी लॉन्च की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी। सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी हीरो नंबर सीरीज और एआईओटी सेगमेंट में चार अत्याधुनिक उत्पादों रियलमी 11 5जी, रियलमी 11एक्स 5जी, रियलमी बड्स एयर 5 और रियलमी बड्स एयर 5 प्रो के लॉन्च की घोषणा की। इन अत्याधुनिक डिवाइसेज में उन्नत विशेषताओं और सहज डिजाइन का शानदार मिश्रण है, जो आपके अनुभव को और ज्यादा बेहतर बनाने के लिए बनायी गई हैं। लॉन्च के अवसर रियलमी के प्रवक्ता ने बताया रियलमी इनोवेशन में सबसे आगे रहता है और यूजर्स को अत्याधुनिक तकनीक व विशेषताएँ प्रदान करता है, जिनसे उन्हें शानदार यूजर अनुभव मिलता है। हम रियलमी 11 सीरीज 5जी और अपनी एआईओटी सीरीज में रियलमी बड्स एयर 5 सीरीज पेश करके बहुत उत्साहित हैं, जो इनोवेशन और उत्कृष्टता की ओर हमारी प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। ये

चार बेहतरीन उत्पाद स्मार्टफोन और एआईओटी उद्योग में नए मानक स्थापित कर देंगे। इन डिवाइसेज में लीप-फॉरवर्ड विशेषताएँ और इनोवेटिव डिजाइन है, जो आपके अनुभव को नये आयाम में ले जाएँगे। इसके अलावा अपनी 5वीं वर्षगांठ के साथ हमने अपने ब्रांड को लीप अप पर केंद्रित किया है, और अगले पांच वर्षों के लिए 'नो लीप नो लॉन्च' की उत्पाद नीति बनायी है। अगले पांच सालों में हम विश्व में युवाओं का पसंदीदा टेक्नोलॉजी ब्रांड बनने और इमेजिंग टेक्नोलॉजी, परफॉर्मेंस, एवं औद्योगिक डिजाइन ठोस प्रगति करने पर केंद्रित रहेंगे। रियलमी के इस अभूतपूर्व सफर में साथ देने के लिए आप सबका धन्यवाद। इस साझेदारी के बारे में एआईएमआरए के संस्थापक एवं चेयरमैन, कैलाश लख्यानी ने कहा एआईएमआरए को टेक्नोलॉजी में अग्रणी, रियलमी के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, जो ग्राहकों की जरूरतों को समझता और उन्हें पूरा करता है। रियलमी और एआईएमआरए का लक्ष्य मोबाइल रिटेल के परिवेश को मजबूत बनाना और अपने निष्ठावान ग्राहकों को सुगम अनुभव प्रदान करना है। नई लॉन्च की गई 11 5जी सीरीज बेहतरीन विशेषताओं के साथ उद्योग में नये मानक स्थापित करते हुए सर्वश्रेष्ठ 108 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा है, जो सेगमेंट के सबसे विशाल 3एक्स इन-सेंसर जूम को सपोर्ट करता है।

अब बिना इंटरनेट कर सकेंगे 500 रुपए तक का लेनदेन

आरबीआई ने लिए कई फैसले

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक ने इंटरनेट से वंचित या कमजोर सिग्नल वाले इलाकों में यूपीआई-लाइट वॉलेट के जरिए ऑफलाइन भुगतान की अधिकतम राशि गुरुवार को 200 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए कर दी। हालांकि, किसी भुगतान मंच पर पीआइ-लाइट के जरिए अब भी कुल 2,000 रुपए की ही राशि का लेनदेन किया जा सकता है।

आरबीआई ने ऑफलाइन माध्यम से छोटी राशि वाले डिजिटल भुगतान की सीमा बढ़ाने का परिपत्र जारी करते हुए कहा, ''ऑफलाइन भुगतान लेनदेन की ऊपरी सीमा को बढ़ाकर 500 रुपए कर दिया गया है। इंटरनेट सुविधा से वंचित मोबाइल फोनधारकों के लिए भी ऑफलाइन भुगतान की सुविधा सितंबर, 2022 में शुरू की गई थी।

एशियाई खेलों के लिए पाकिस्तान टीम घोषित, इन खिलाड़ियों को मिला मौका

लाहौर (पाकिस्तान) (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चीन के हांगझू में होने वाले 19वें एशियाई खेल के लिए पाकिस्तान शाहीन्स टीम की घोषणा कर दी है। ऑलराउंडर कासिम अकरम पाकिस्तान टीम का नेतृत्व करेंगे। आयोजन 28 सितंबर से 7 अक्टूबर तक टी20 प्रारूप में खेला जाएगा।

20 वर्षीय कासिम ने अब तक 20 प्रथम श्रेणी मैचों और 40 टी20 मैचों में भाग लिया है और 2022 में आईसीसी 19 विश्व कप में पाकिस्तान अंडर-19 की कप्तानी भी की है। 15 सदस्यीय टीम में आठ खिलाड़ी पहले ही टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। पीसीबी की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी आमिर जमाल (2 टी20आई), अरशद इकबाल (एक टी20आई), आसिफ अली (21 वनडे, 55 टी20आई), हैदर अली (2 वनडे, 33 टी20आई), खुशदिल शाह (10 वनडे, 24 टी20आई), मोहम्मद हसनैन (9 वनडे, 27 टी20आई), शाहनवाज दहानी (2 वनडे, 11 टी20आई) और उस्मान कादिर (एक वनडे, 23 टी20आई) हैं।

इसके अलावा, 15 सदस्यीय टीम में 8 खिलाड़ी आमिर जमाल, अराफात मिन्हास, अरशद इकबाल, ओमैर

बिन यूसुफ, कासिम अकरम, रोहेल नजीर, शाहनवाज दहानी और सुफियान मुकीम हाल ही में टीम से जुड़े हैं। मई 2023 से पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया है। जिम्बाब्वे में टीम ने दो चार दिवसीय मैचों में जिम्बाब्वे ए को हरा दिया था, लेकिन 50 ओवर के मैचों में जिम्बाब्वे सेलेक्ट से 4-2 से हार गई। इसके बाद जुलाई में श्रीलंका में एसीसी मेन्स इमर्जिंग एशिया कप जीता जिसमें फाइनल में भारत ए को 108 रनों से हराया था। हालांकि वे इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में छह-टीम टॉप एंड टी20 सीरीज़ में उपविजेता रहे।

टूर्नामेंट के नियम के अनुसार पाकिस्तान 3 और 4 अक्टूबर को होने वाले क्वार्टर फाइनल चरण से इवेंट में शामिल होंगा। सेमीफाइनल 6 अक्टूबर को खेला जाएगा जबकि फाइनल 7 अक्टूबर को होगा। कांस्य पदक के लिए मैच भी शनिवार, 7 अक्टूबर को होगा। पाकिस्तान की पुरुष टीम ने 2010 में चीन के गुआंगज़ौ में आयोजित एशियाई खेलों में अपनी पहली और एकमात्र उपस्थिति में कांस्य पदक जीता।

पाकिस्तान शाहीन्स टीम- कासिम अकरम (कप्तान), ओमैर बिन यूसुफ (उप-कप्तान), आमिर जमाल, अराफात मिन्हास, अरशद इकबाल, आसिफ अली, हैदर अली, खुशदिल शाह, मिर्जा ताहिर बेग, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद अखलाक (विकेटकीपर), रोहेल नजीर, शाहनवाज दहानी, सुफियान मुकीम और उस्मान कादिर नॉन-ट्रैवलिंग रिजर्व - अब्दुल वाहिद बंगलजई, मेहरान मुमताज, मोहम्मद इमरान जूनियर, मुहम्मद इरफान खान नियाजी और मुबासिर खान प्लेयर सपोर्ट पर्सनेल - शाहिद असलम (मुख्य कोच-सह-प्रबंधक), उमर रशीद (गेंदबाजी कोच), हनीफ मलिक (बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच) और हाफिज नईम उल रसूल (फिजियोथेरेपिस्ट)।

नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया, विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचे

बुडापेस्ट (एजेंसी)। नीरज चोपड़ा ने यहां विश्व चैम्पियनशिप भालाफेंक स्पर्धा में शुक्रवार को पहले ही प्रयास में 88.77 मीटर का थ्रो फेंककर फाइनल में प्रवेश किया और इसके साथ ही पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा ने कैरियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका। वह क्वालीफिकेशन दौर में ग्रुप ए में थे।

पेरिस ओलंपिक का क्वालीफाइंग मानक 85.50 मीटर था। क्वालीफाइंग विंडो एक जुलाई से खुली है। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत थ्रो 89.94 मीटर है जो उन्होंने 30 जून 2022 को स्टॉकहोम डायमंड लीग में फेंका था। रविवार को होने वाले आखिरी दौर के लिए ग्रुप ए और बी से शीर्ष 12 या 83 मीटर से ऊपर थ्रो फेंकने वाले खिलाड़ी क्वालीफाई करेंगे।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन बीबीएल टीम से जुड़े, खिलाड़ी नहीं इस भूमिका में आएंगे नजर

एडिलेड (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन नए सीजन से पहले बिग बैश लीग (बीबीएल) संगठन एडिलेड स्ट्राइकर्स में सहायक कोच के रूप में शामिल हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज और स्ट्राइकर्स कोच जेसन गिलेस्पी को लगता है कि पेन पिछले सीजन के अंत में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने वाले खिलाड़ी फ्रैंचाइज़ी के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

गिलेस्पी ने एडिलेड स्ट्राइकर्स के एक बयान में कहा, टिम के पास एक शानदार कोच बनने के सभी कौशल हैं। वह जो अनुभव लाएंगे वह निश्चित रूप से हमारे खिलाड़ियों को खेल के सभी पहलुओं में मदद करेगा और हमारे खेलने के तरीके में और अधिक सकारात्मक तत्व लाएगा।

पेन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं, उनके नाम पर 400 से अधिक पेशेवर मैच हैं, जो 18 साल के करियर के दौरान खेले। पेन को हाल ही में न्यूजीलैंड ए के खिलाफ अगले सप्ताह शुरू होने वाली आगामी श्रृंखला से पहले ऑस्ट्रेलिया ए के लिए सहायक कोच के रूप में भी घोषित किया गया है। स्ट्राइकर्स के महाप्रबंधक टिम नील्सन इस बात से उत्साहित हैं कि पेन इस गर्मी में स्ट्राइकर्स के लिए अपनी विशेषज्ञता लाएंगे।

उन्होंने कहा, टिम हमारी टीम के लिए एक बढ़िया अतिरिक्त खिलाड़ी है और इस सीजन में वह हमें कई तरह से मदद करेगा। एक प्रतिभाशाली कीपर और टेस्ट स्तर का बल्लेबाज, टिम मैदान और बल्ले दोनों में हमारे खिलाड़ियों के साथ काम करने में अमूल्य होगा। नील्सन ने कहा, सीधी प्रतिक्रिया शीर्ष स्तर की है और हम वास्तव में उनके एडिलेड तक पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं।

पेन ने अपने 35 टेस्ट मैचों में से 23 में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व किया, 44 बार होबार्ट हरिकेंस के पर्पल शेड में चित्रित किया। उन्होंने 1,100 से अधिक रन बनाए जिसमें 91 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। पेन ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलियाई कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। इस घटना के कुछ देर बाद बल्लेबाज ने कहा कि वह अपने मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल से ब्रेक ले रहे हैं।

रांची में एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी खेलना गौरवमय होगा :सविता

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया ने कहा है कि झारखंड की राजधानी रांची में एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 खेलना गौरवमय अनुभव होगा। महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 27 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच आयोजित होगी और भारत पहली बार इस टूर्नामेंट की मेज़बानी कर रहा है। भारतीय टीम की कप्तान

सविता ने टूर्नामेंट के बारे में अपना उत्साह और भारतीय धरती पर इस तरह के प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी के सम्मान को साझा किया। सविता ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान होने के नाते मैं यह जानकर बेहद रोमांचित हूं कि महिलाओं के लिए एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी रांची में होने वाली है। उन्होंने कहा, यह घोषणा उस प्रगति और मान्यता का प्रमाण है जो महिला हॉकी ने न केवल भारत में बल्कि पूरे एशिया में हासिल की है। इतने महत्वपूर्ण मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमें बेहद गर्व से भर देता है। टूर्नामेंट के सातवें संस्करण में जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, थाईलैंड और मेजबान भारत के भाग लेने की उम्मीद है। सविता ने कहा, रांची में हमारे घरेलू दर्शकों के सामने प्रतिस्पर्धा करना बेशक एक गौरवमय अनुभव होगा।

कार्लसन बने विश्व शतरंज कप विजेता

प्रज्ञानन्दा सबसे कम उम्र के उपविजेता, करूआना को तीसरा स्थान

बाकू , अजरबैजान (एजेंसी)। विश्व के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी और पाँच बार के विश्व चैम्पियन मैगनस कार्लसन नें आखिरकार भारत के 18 वर्षीय ग्रांड मास्टर आर प्रज्ञानन्दा को विश्व कप फाइनल के टाईब्रेक में पराजित करते हुए विश्व कप जीत लिया । अन्य खेलो से इतर शतरंज में विश्व चैंपियनशिप का रास्ता विश्व कप से होकर जाता है और कार्लसन पाँच बार विश्व चैम्पियन रहे पर कभी विश्व कप नहीं जीत सके थे और अंततः उन्होने यह खिताब जीतकर शतरंज के सभी प्रतिष्ठित खिताब जीतने के मामले में भारत के विश्वनाथन आनंद की बराबरी कर ली । अब कार्लसन और आनंद अकेले ऐसे खिलाड़ी है जिन्होने विश्व चैंपियनशिप ,विश्व कप और फीडे कैंडिडैट तीनों सबसे महत्त्वपूर्ण खिताब जीते है ।

भारत के प्रज्ञानन्दा नें यह मुक़ाबला हार कर भी इतिहास बना दिया और शतरंज इतिहास के सबसे कम उम्र के विश्व कप उपविजेता बन गए है साथ ही अब उन्होने फीडे कैंडिडैट में स्थान बना लिया है और ऐसा करने वाले वह भारत के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी है । कार्लसन और प्रज्ञानन्दा के बीच दोनों क्लासिकल मैच ड्रॉ रहने से स्कोर 1-1 था और ऐसे में टाईब्रेक खेला गया । हालांकि विश्व कप में अपने शानदार खेल के चलते और कार्लसन से दो मैच ड्रॉ खेलने से विश्व रैंकिंग में प्रज्ञानन्दा को फायदा हुआ है और अब वह विश्व रैंकिंग में 9 स्थान सुधार करते हुए 2727 अंको के साथ पहली बार टॉप 20 में शामिल हो गए है ।

कहाँ हुई चूक - 25 मिनट के पहले टाईब्रेक में प्रज्ञानन्दा नें सफ़ेद मोहरो से इटेलिअन ओपनिंग में कर्सलन के उपर आक्रमण करने की भरपूर कोशिश की और एक समय तक वह उसमें सफल होते हुए भी नजर आ रहे थे पर 14वीं चाल में उनके घोड़े की एक गलत चाल से कार्लसन नें खेल में बराबरी हासिल कर ली और इसके बाद 40 चालों तक खेल लगभग बराबरी पर था और ऐसे में जब प्रज्ञानन्दा के पास घड़ी में 18 सेकंड बाकी थे उन्होने जीतने के लिए अपना ए फ़ाइल का प्यादा कुर्बान करने का निर्णय लिया पर यह यह गलत चाल साबित हुई और उसके बाद कार्लसन नें अपने हाथी ओरु घोड़े से सटीक चाले चलते हुए प्रज्ञानन्दा के राजा को घेरकर खेल 47 चालों में जीत लिया ।

मैं बेहद थका हुआ हूँ पर बहुत खुश हूँ , मुझे लगता है की आज अनुभव की जीत हुई, प्रज्ञानन्दा बहुत अच्छा खेले पर पर वह इस टूर्नामेंट में कई लंबे मुक़ाबले खेल कर फाइनल पहुंचा थे और ऐसे में सर्वश्रेष्ठ करना आसान नहीं था

प्रज्ञानन्दा ने कहा मैं खुश हूँ की मैं फाइनल पहुंचा , कार्लसन के खिलाफ खेलना हमेशा मुश्किल होता है पर उनसे विश्व कप का फाइनल खेलना बड़ी बात है , मेरे पास पहले गेम में कुछ मौके जरूर थे पर कुल मिलाकर इस विश्व कप में मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूँ और मैं अब अगले वर्ष कैंडिडैट के बारे में सोच रहा हूँ ।यूएसए के फबियानों करुआना ने तीसरे स्थान के लिए टाईब्रेक में जीत दर्ज की ।

दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज की भविष्यवाणी

बटलर विश्व कप 2023 में बनाएंगे सबसे ज्यादा रन

जोहांनसबर्ग (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज जैक्स कैलिस ने जोस बटलर को आगामी विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी बताया है और कहा है कि वह इंग्लैंड के कप्तान को भारतीय परिस्थितियों में खड़ा देखना चाहते हैं। बटलर इंग्लैंड के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक होंगे क्योंकि वे भारत में अपना विश्व कप खिताब बरकरार रखना चाहेंगे। विकेटकीपर ने पिछले साल इंग्लैंड को टी20 विश्व कप जिताने में बड़ी भूमिका निभाई थी और उन्हें आईपीएल के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक माना जाता है।

बटलर ने टी20 लीग में खेले 96 मैचों में 148.32 की शानदार स्ट्राइक रेट के साथ 3223 रन बनाए हैं। 2022 सीजन आईपीएल में बटलर के लिए यादगार रहा क्योंकि उन्होंने 17 मैचों में 57.53 की औसत से 863 रन बनाए और अभियान के दौरान चार शतक भी लगाए। उनका योगदान महत्वपूर्ण था क्योंकि राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2022 के फाइनल में पहुंची, हालांकि वह गुजरात टाइटन्स से हार गए। इसके बावजूद जब भारत में एकदिवसीय प्रारूप की बात आती है तो बटलर का रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है क्योंकि उन्होंने 8 मैचों में सिर्फ 11 की औसत से 83 रन बनाए हैं। इसके बावजूद कैलिस को लगता है कि बटलर -विश्व कप में स्कोरर के रूप में सबसे आगे रहेंगे।

युगांडा के राष्ट्रपति आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी का करेंगे अनावरण

कंपाला (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष विश्व कप ट्रॉफी 26 अगस्त को युगांडा पहुंचेगी और इसका अनावरण 27 अगस्त को राष्ट्रपति योवेरी कगुटा मुसेवेनी और देश की प्रथम महिला जेनेट काटाका मुसेवेनी करेंगी। युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) ने आज इसकी घोषणा की।

एसोसिएशन के संचार प्रबंधक डेनिस मुसाली ने गुरुवार को शिन्हुआ को बताया कि ट्रॉफी का आधिकारिक तौर पर अनावरण एंटेबे में स्टेट हाउस में राष्ट्रपति और प्रथम महिला द्वारा 27 अगस्त को किया जाएगा। मुसाली ने कहा, 'हम बहुत उत्साहित हैं कि युगांडा को ट्रॉफी की मेजबानी करने का अवसर मिलेगा। मुसाली ने कहा, 'यह अभूतपूर्व पल क्रिकेट के क्षेत्र में युगांडा की अविश्वसनीय प्रगति को दर्शाता है, जिसके महत्वपूर्ण परिणाम सांस्कृतिक और भौगोलिक विभाजनों पर प्रतिबिंबित होते हैं। उन्होंने हालांकि यह स्वीकार किया है कि युगांडा आगामी क्रिकेट विश्व कप में दावेदार नहीं हो सकता है। मुसाली ने देश में खेल के प्रति स्पष्ट जुनून पर जोर दिया। नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले ट्रॉफी चार दिनों तक युगांडा में रहेगी। गौरतलब है कि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी की यात्रा 27 जून को शुरू हुई और इसमें कुवैत, बहरीन, मलेशिया, अमेरिका, नाइजीरिया, युगांडा, फ्रांस, इटली और मेजबान देश भारत सहित 18 देशों का दौरा करने की योजना है।

यूएस ओपन

पहला ग्रैंड स्लैम जिसमें होगा वीडियो समीक्षा प्रणाली का उपयोग

यूएस (एजेंसी)। यूएस ओपन ने निर्णय लेने में चेयर अंपायरों की सहायता के लिए वीडियो रिव्यू (वीआर) तकनीक लागू करने वाला पहला ग्रैंड स्लैम बनकर इतिहास रच दिया है। यह प्रणाली जिसे कई एटीपी आयोजनों में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी, का उपयोग 2023 यूएस ओपन टूर्नामेंट के लिए किया जाएगा। यह वीआर प्रणाली खिलाड़ियों को डबल बाउंस और फाउल शॉट्स सहित विभिन्न निर्णयों को चुनौती देने में मदद करेगी। यूएस ओपन मीडिया साइट पर दी गई जानकारी के अनुसार कई कैमरा कोणों का उपयोग करते हुए सिस्टम चेयर अंपायरों को संबंधित घटना का सटीक दृश्य प्रदान करेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, वीआर अधिकारी और वीआर ऑपरेटर वीडियो को अंपायर की कुर्सी की स्क्रीन के साथ-साथ उपलब्ध होने सहित स्टेडियम स्क्रीन पर भी भेजेंगे। वीडियो की समीक्षा करने के बाद चेयर अंपायर तय करेगा कि मूल फैसले को पलट दिया जाए या नहीं। यदि साक्ष्य परिवर्तन का समर्थन करने में विफल रहता है, तो प्रारंभिक निर्णय बना रहेगा।

एटीपी हाल के दिनों में अपने फाइनल, नेक्स्ट जेन फाइनल और एटीपी कप के लिए वीआर तकनीक का उपयोग कर रहा है। पुरुषों के शासी निकाय के सूत्रों के मुताबिक, प्रतिक्रिया काफी सकारात्मक रही है। विशिष्ट महिला टूर, डब्ल्यूटीए ने अभी तक अपने टूर्नामेंटों में वीआर प्रणाली को

शामिल नहीं किया है और वर्तमान योजनाएं उस रुख में तत्काल बदलाव का सुझाव नहीं देती हैं।

यूएस ओपन के नियमों के अनुसार खिलाड़ियों और उनके कोचिंग स्टाफ को प्रति सेट तीन चुनौतियों के साथ-साथ टाईब्रेक के लिए एक अतिरिक्त चुनौती की अनुमति दी जाएगी। यह प्रणाली आर्थर ऐश स्टेडियम, लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम, ग्रैंडस्टैंड, कोर्ट 17 और कोर्ट 5 सहित कई स्थानों पर चालू होगी। टेनिस उद्योग पहले से ही निर्दिष्ट आयोजनों के लिए बॉल-ट्रैकिंग और इलेक्ट्रॉनिक लाइन-कॉलिंग तकनीकों का उपयोग करता है। वीआर प्रणाली की शुरूआत का उद्देश्य मानवीय त्रुटि की संभावना को और कम करना होगा।

यूएस ओपन ने यह भी घोषणा की कि वीआर प्रणाली खिलाड़ी के व्यवहार की निगरानी करेगी। टूर्नामेंट रेफरी के पास किसी भी उल्लंघन की जांच करने की क्षमता होगी जिसके कारण आचरण नियमों के उल्लंघन के कारण खिलाड़ी को अयोग्य ठहराया जा सकता है।

पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन ब्रे वायट का 36 साल की उम्र में निधन, कहा जाता था नेक्स्ट अंडरटेकर

यूएस (एजेंसी)। पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन ब्रे वायट का 36 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। चीफ कांटेंट अधिकारी पॉल 'ट्रिपल एच' लेवेस्क ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी। वायट का असली नाम विंडहैम रोटुंडा था। उन्हें फरवरी में डब्ल्यूडब्ल्यूई टीवी से हटा दिया गया था, और तब से वह जीवन के लिए खतरा मानी जाने वाली बीमारी के कारण रिंग से गायब थे। उनके दुखद निधन से पहले, हालिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि वह रिंग में अपनी वापसी के करीब पहुंच रहे थे। रोटुंडा के परिवार में उनकी पत्नी और पूर्व डब्ल्यूड्ब्ल्यूई रिंग घोषित जोजो ऑफरमैन हैं जिनसे उनके दो बच्चे हैं। 2012 से 2017 तक सामंथा रोटुंडा से उनकी पिछली शादी से उनके 2 बच्चे भी हैं।

ट्रिपल एच ने ट्विटर पर लिखा, अभी डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेमर माइक रोटुंडा से फोन आया, जिन्होंने हमें दुखद खबर दी कि हमारे डब्ल्यूडब्ल्यूई परिवार के सदस्य विंडहैम रोटुंडा जिन्हें ब्रे वायट के नाम से भी जाना जाता है, का आज अप्रत्याशित रूप से निधन हो गया। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं और हम चाहते हैं कि इस समय हर कोई उनकी निजता का सम्मान करे। रोटुंडा ने अपनी विकासात्मक प्रतिभा के तहत 2009 में कंपनी के साथ अनुबंध किया और 2010 में रिंग नाम हस्की हैरिस के तहत द नेक्सस के हिस्से के रूप में मुख्य रोस्टर में जगह बनाई। हालांकि 2014 तक ऐसा नहीं था कि वायट का करियर वास्तव में आगे बढ़ा क्योंकि उन्होंने ल्यूक हार्पर और एरिक रोवन के साथ द वायट फैमिली की शुरुआत की। 2021 में कंपनी से रिलीज होने से पहले उन्होंने द फीन्ड के नाम से जाने जाने वाले एक गहरे परिवर्तन-अहंकार को पेश किया था, जिसमें वह ब्रे वायट के चरित्र को और अधिक परतें जोड़कर आगे बढ़ाएंगे। इस दौरान रोटुंडा दो बार केडब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन बने और रैंडी ऑर्टन, जॉन सीना और द अंडरटेकर जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ उल्लेखनीय रेसलमेनिया मैच खेले। द व्याट परिवार के रूप में रोटुंडा की शुरुआत ने उन्हें तुरंत प्रशंसकों के बीच आकर्षित कर लिया। नौटंकीकर्ता को नेक्स्ट अंडरटेकर माना जाता था क्योंकि उसका काला और विकृत व्यक्तित्व ताजी हवा का झोंका था। लाइटें बंद हो जाती थीं और वह लालटेन थामे और कर्णप्रिय संगीत के साथ मैदान में प्रवेश करते थे।

भारत के लिए भी चिंताजनक है चीन की आर्थिक कमजोरी, मेक इन इंडिया कार्यक्रम पर देना होगा जोर

नई दिल्ली, एजेंसी।
हाल के दिनों में चीन की इकोनॉमी में कमजोरी आने को लेकर कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की रिपोर्टें सामने आई है। कुछ एजेंसियो ने तो यहां तक कहा है कि पिछले चार दशक से विकास की जिस राह पर चीन आगे बढ़ रहा था अब उसके अवसान का समय आ गया है।

वजहें कई बताई जा रही हैं जैसे चीन की क्रियाशील कामगारों की आबादी का कम होना, जरूरत से ज्यादा रीयल एस्टेट में निवेश का होना जिसको बना कर रखना अब मुश्किल है, वैश्विक स्तर पर चीन के खिलाफ एक माहौल का बनना आदि। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि चीन की इकोनॉमी में गिरावट का भारत पर कोई असर होगा या नहीं। चीन भारत के लिए दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है, जबकि चौथा सबसे बड़ा आयातक है। दोनो देशों का द्विपक्षीय कारोबार वर्ष 2022-23 में 115 अरब डॉलर का रहा था। जानकारों का मानना है कि चीन की मौजूदा स्थिति भारतीय इकोनॉमी के लिए चुनौतियां पैदा करेंगी तो साथ ही कुछ संभावनाओं के द्वार भी खोलेगी। भारत के नीति निर्धारकों को पूरे हालात पर नजर रखना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर शोध करने वाली एजेंसी जीटीआरआई की रिपोर्ट के मुताबिक, जिन उत्पादों की आपूर्ति के लिए भारत चीन से आयात पर सबसे ज्यादा निर्भर है उसको लेकर ज्यादा चुनौती पैदा सकती है। भारत चीन से 49 अरब डॉलर का पूंजीगत सामान व मशीनरी का निर्यात पिछले वर्ष किया है। इसमें क्रेन्स, पंप्स, आईसी इंजन और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है। चीन से इनका आयात प्रभावित होने पर काफी मुश्किल पैदा हो सकती है। ऐसे में मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत औद्योगिक उत्पादन को लेकर आत्मनिर्भर बनने की प्रक्रिया और तेज होनी चाहिए। इसी तरह से 37 फीसद आयात हम चीन से इंटरमीडियरी उत्पादों का करते हैं। इसमें ऑर्गेनिक केमिक्लस, प्लास्टिक के कच्चे माल, दवाइयों के कच्चे माल, यार्न और फैब्रिक्स, लौह-अयस्क उत्पाद, कागज, पेंट, कृषि रसायन जैसे उत्पाद हैं। भारत इनका आयात करता है फिर इनसे तैयार उत्पाद करके उनका उपभोग करता है या फिर निर्यात करता है। जाहिर है कि चीन स्थित इन उद्योगों पर पड़ने वाले असर से भारत के प्रभावित होने का खतरा है। कुछ जानकार बता रहे हैं कि कोरोना के बाद जिस तरह से कई देश चीनी आयात पर अपनी निर्भरता खत्म करने के लिए प्रयासरत हैं, उसकी गति और तेज हो सकती है। इन देशों व कंपनियों के लिए भारत आपूर्ति के लिए या निवेश के लिए एक बेहतर विकल्प के तौर पर और मजबूत हो कर स्थापित होगा। यह भारत के लिए अवसर है जिसका फायदा उठाने के लिए सरकार को नीतिगत मदद देनी चाहिए।

वैसे चीन, भारत के लिए चौथा सबसे बड़ा आयातक भी है। अमेरिका, यूएई व नीदरलैंड के बाद वित्त वर्ष 2022-23 में भारत ने चीन को सबसे ज्यादा 15.3 अरब डॉलर का निर्यात किया है। हालांकि, पिछले पांच वर्षों में चीन की हिस्सेदारी भारतीय निर्यात में 4.4 फीसद से घट कर 3.4 फीसद हो गया है। वर्ष 2022-23 में दोनो देशों का व्यापार घाटा 82 अरब डॉलर चीन के पक्ष में रहा है।

डीटीसी मार्शल योजना: अवमानना याचिका पर दिल्ली के मुख्य सचिव, वित्त सचिव को उच्च न्यायालय का नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को अदालत के पहले के नियमों का कथित रूप से उल्लंघन करने के लिए वकील और सामाजिक कार्यकर्ता अमित साहनी द्वारा दायर अवमानना याचिका पर दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव और वित्त सचिव को नोटिस जारी किया है। यह मामला राजधानी में बस मार्शलों की तैनाती और वेतन भुगतान में देरी के आदेश का पालन न करने को लेकर दायर किया गया।

न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव और वित्त सचिव को अवमानना याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। पीठ ने कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। पीठ ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 4 सितंबर के लिए सूचीबद्ध किया है।

अवमानना याचिका के अनुसार याचिकाकर्ता अमित साहनी ने पहले एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय में दायर की थी। जिसमें याचिकाकर्ता को वर्तमान अवमानना याचिका दायर करने के लिए 1 मई को स्वतंत्रता दी गई थी। उच्च न्यायालय ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा था कि यदि सरकार 1 दिसंबर, 2022 को पारित अपने पहले के निर्देशों का पालन नहीं करती, तो आदेश की अवज्ञा का आरोप लगाते हुए अवमानना याचिका निश्चित रूप से दायर की जा सकती है। दरअसल याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि अधिकारी महिलाओं की सुरक्षा से समझौता कर रहे हैं क्योंकि सरकार द्वारा तैनात कई बसें बिना मार्शल के चल रही हैं। याचिका में कहा गया है कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार डीटीसी बसें बिना मार्शल के चल रही हैं। सरकार सीसीटीवी कैमरे लगाकर बस मार्शलों के प्रतिस्थापन को उचित ठहराने की कोशिश कर रही है।

3 दिन में कैसे भी पूरा करें काम, दिल्ली में अधूरी तैयारियां देख नाराज हुए एलजी

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली के उप राज्यपाल ने जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान जलभराव को रोकने के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया। बुधवार को दिन में बारिश के बावजूद उप राज्यपाल ने आईटीपीओ, राजघाट और भैरो मार्ग पर तैयारियों की समीक्षा की। उप राज्यपाल ने हाल ही में जी20 सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा बैठक में शहर में भारी बारिश की स्थिति में आईटीपीओ, राजघाट और सम्मेलन में शामिल होने आ रहे प्रतिनिधियों के लिए तय होटल और अन्य विशेष स्थलों के आसपास जलभराव रोकने के लिए आकस्मिक योजना बनाने के निर्देश दिए थे।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा था कि कार्यक्रम के दौरान गणमान्य व्यक्तियों-प्रतिनिधियों द्वारा अपनाए जाने वाले ममार्गों पर किसी भी तरह से जलभराव नहीं हो। इस स्थिति से बचने के लिए सड़क पर जमा अतिरिक्त पानी को साफ करने के लिए ट्रैक्टर पर लगे 50 एचपी के हैवी ड्यूटी पंप लगाए गए हैं। ये पंप उन मैकेनिकल स्वीपिंग वाहनों के अतिरिक्त हैं जिसमें सड़कों के किनारे जमा कीचड़-गाद की सफाई के लिए हैवी वाटर जेट मशीनें और बंद नालियों और सीवर लाइनों को साफ करने के लिए सुपर सकर की व्यवस्था की गई है। राजनिवास के मुताबिक यह सभी वाहन 24 घंटे सेवा में उपलब्ध रहेंगे। इन पर बारह-बारह घंटे की शिफ्ट में कर्मचारियों और अधिकारियों की तैनाती रहेगी। इसके साथ ही सड़कों पर किसी भी सिविल वर्क को करने के लिए श्रमिकों और उपकरणों को ले जाने वाला एक वाहन भी मौजूद होगा। इन वाहनों और कर्मियों की समग्र निगरानी संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम को सौंपी गई है। उप राज्यपाल ने इस वर्ष जुलाई में आई बाढ़ के बाद प्रगति मैदान-भैरो मार्ग स्थित शिखर सम्मेलन के मुख्य स्थल के बीच श्रेणीबद्ध जल निकासी योजना बनाने के निर्देश दिए थे। योजना के तहत पानी को पहले एक हजार लीटर क्षमता वाले छोटे जलाशय में एकत्रित किया जाएगा। फिर इसे दो हजार लीटर क्षमता वाले जलाशयों में डाला जाएगा। जिसके बाद इसे 50 हजार लीटर की क्षमता वाले जलाशय में पहुंचाने के बाद ड्रेन नंबर 12 के जरिए यमुना में डाला जाएगा। उप राज्यपाल ने बुधवार दिन में भैरो मार्ग पर प्रगति मैदान गेट नंबर पांच से राजघाट तक पूरे रास्ते का पैदल चलकर निरीक्षण किया और बाढ़ रोकने के लिए व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

मुझे नहीं लगता मैं विदेश मंत्री बनूंगा, पाकिस्तान के साथ वार्ता पर मणिशंकर अय्यर....

नई दिल्ली, एजेंसी।
पाकिस्तान के साथ बातचीत शुरू करने के सवाल पर राजनयिक से नेता बने मणिशंकर अय्यर ने कहा कि साल 2024 में आईएनडीआईए गठबंधन अगर सत्ता में आता है तो मुझे नहीं लगता है कि मैं विदेश मंत्री बनूंगा। उन्होंने आगे कहा कि इस बारे में आपको आईएनडीआईए गठबंधन के होने वाले प्रधानमंत्री से पूछनी चाहिए।

मालूम हो कि पाकिस्तान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने की वकालत करते हुए मणिशंकर अय्यर ने हाल ही में कहा था कि भारत तब तक दुनिया में अपना उचित स्थान नहीं ले पाएगा, जब तक उसका पश्चिमी पड़ोसी हमारे जी का जंजाल बना रहेगा। पाकिस्तान के साथ बातचीत शुरू करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि गठबंधन की सरकार में वह विदेश मंत्री बन पाएंगे। उन्होंने कहा, च्मैं नहीं जानता क्योंकि मुझे नहीं लगता कि मैं विदेश मंत्री बनूंगा...इस बारे में भारतीय गठबंधन के प्रधानमंत्री से पूछें...मैं हमेशा बातचीत के पक्ष में रहा हूं...राहुल गांधी मुझसे बहुत मिलते हैं। वहीं, नरसिम्हा राव पर अपनी कथित टिप्पणी पर सफाई देते हुए कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा मैंने इसे नहीं लिखा है, मैंने इसे कल कहा था...मैंने इसे अपनी एक अलग किताब में लिखा है। जो मैंने कल कहा था कि वह हमारे नहीं बल्कि भाजपा के पहले प्रधानमंत्री थे, वह मैंने वर्षों पहले लिखा था। मुझे समझ नहीं आ रहा कि आप आज इसे क्यों दोहरा रहे हैं। मैंने जो कहा मैं उस पर अडिग हूं।

एयरपोर्ट की एक हवाईपट्टी तीन महीने तक रहेगी बंद; विमानों की आवाजाही पर असर

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली एयरपोर्ट की एक हवाई पट्टी तीन महीनों तक बंद रहेगी। जानकारी के मुताबिक, मरम्मत कार्यों के लिए 11 सितंबर से हवाईपट्टी को बंद रखा जाएगा। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कुल चार हवाईपट्टी और तीन टर्मिनल हैं। यहां से रोजाना करीब दो लाख यात्री आवागमन करते हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने गुरुवार को एक सूचना में कहा कि इस हवाई अड्डे की हवाईपट्टी संख्या 10/28 मरम्मत कार्यों की वजह से 11 सितंबर से लेकर 15 दिसंबर तक अस्थायी रूप से बंद रहेगी। मरम्मत की वजह से इस हवाईपट्टी पर परिचालन बंद रहने से इसे नए टैक्सीवे से जोड़ने का निर्माण कार्य इस दौरान पूरा किया जाएगा। पिछले महीने दिल्ली हवाई अड्डे पर ईस्टर्न क्रॉस टैक्सीवे की शुरुआत की गई थी। इसके अलावा चौथी हवाईपट्टी भी 14 जुलाई को ही शुरू की गई थी।

हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बची दिल्ली से देहरादून जाने वाली वंदे भारत ट्रैन

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली के आनंद विहार से देहारदून जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन गाजियाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो से बच गई। ट्रेन के आगे ट्रैक पर एक पशु आ गया। जिसके बाद ट्रेन को बीच रास्ते में रोका गया। हालांकि इस घटना के यात्रियों को कोई नुकसान नहीं हुआ लेकिन ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिदग्रस्त होना बताया गया है। गुरूवार को शाम 5ः50 बजे ट्रेन आनंदविहार से रवाना हुई। करीब सवा छह बजे गाजियाबाद स्टेशन पार करने के बाद जब ट्रेन मेरठ रुट की ओर गई तो नासिरपुर फाटक के पास ट्रेन के सामने एक पशु आ गया। टक्कर लगने के बाद पशु काफी दूर जा गिरा। इस टक्कर का आभास होते ही ड्राइवर के ट्रेन को रोक दिया। उसके बाद ट्रेन में मौजूद टैक्निकल स्टाफ ने ट्रेन की जांच की। ट्रेन के आगे फंसे पशु के अवशेषों को हटाया गया।

इस घटना में किसी यात्रियों को कोई नुकसान नहीं हुआ लेकिन ट्रेन के आगे का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस वजह से ट्रेन करीब 15 मिनट तक ट्रैक के बीच खड़ी रही। सब कुछ सामान्य होने पर ट्रेन के टैक्निकल स्टॉफ ने ट्रेन को आगे बढाने की इजाजत दी गई। बतां दे कि इससे पहले भी ट्रेन पिछले माह मोदीनगर के पास पशु के ट्रैक पर आने से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

यहां पूर्व फौजी संभाल रहे स्पेस एजेंसी, कैसे मिलेगी चंद्रयान जैसी सफलता

पाक मीडिया की नसीहत

इस्लामाबाद, एजेंसी।
भारत के चंद्रयान-3 मिशन की कामयाबी के दुनिया भर में चर्चे हैं। यहां तक कि पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से भी भारत को बधाई संदेश भेजे गए हैं। यही नहीं पाकिस्तान के मीडिया ने तो भारत की इस उपलब्धि से अपने देश को सीखने की सलाह दी है। पाकिस्तान के शीर्ष अखबार डॉन ने अपने संपादकीय में लिखा है कि भारत की यह कामयाबी ऐतिहासिक है। वह दुनिया का ऐसा पहला देश बना है, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग की है। इसके अलावा चांद पर जाने वाले देशों में भी भारत ने चौथा स्थान पा लिया है। उससे पहले अमेरिका, रूस और चीन ही ऐसा कारनामा कर पाए हैं। डॉन ने लिखा है कि यह आधुनिका भारत के लिए बड़ी सफलता है, जिसने दुनिया के अमीर देशों के मुकाबले कहीं कम खर्च में यह उपलब्धि पा ली है। एक दशक पहले ही

भारतीयों ने मंगलयान मिशन भी लॉन्च किया था और 2019 में चंद्रयान-2 भी भेजा था, जो मामूली अंतर से चूक गया था। अब उन्होंने फिर प्रयास किया तो कामयाबी के झंडे गाड़ दिए। पाकिस्तानी अखबार ने लिखा है कि यह भारत के इंजीनियरों और वैज्ञानिकों की गुणवत्ता को दिखाता है। इसके अलावा सरकार ने भी सपोर्ट किया। यही नहीं अखबार ने भारत की सफलता से पाकिस्तान को सबक लेने की भी नसीहत दी है।

तीन दशक से हमें कोई सफलता नहीं मिली, भारत से पहले की थी शुरुआत: अखबार ने लिखा है कि पाकिस्तान के स्पेस प्रोग्राम की शुरुआत भारत से पहले ही हुई थी और कुछ शुरुआती सफलता भी मिली थी। हमने 1960 के शुरुआती दशक में रॉकेट लॉन्च किया था, जिसका श्रेय अब्दुस सलाम को जाता है। हमने 1990 में बद्र-1 सैटेलाइट स्पेस में लॉन्च किया था। इसमें हमें अमेरिका की मदद मिली थी। हालांकि तब से अब तक तीन दशक से ज्यादा बीत चुके हैं, लेकिन कोई उल्लेखनीय सफलता नहीं मिली है। अखबार ने पाकिस्तान की स्पेस एजेंसी सुपरको में भी सुधार की वकालत की और कहा कि इसके बिना कुछ हासिल होना संभव नहीं है। संपादकीय में अखबार ने लिखा कि हमारे स्पेस प्रोग्राम जमीन पर ही रह जाने की वजह है कि स्पेस एजेंसी कमान पूर्व सैनिक संभाल रहे हैं।

एक्सपर्ट्स के हाथ में यहां कुछ भी नहीं है। इसके अलावा हमारे यहां साइंस की पढ़ाई कमजोर है। प्रतिभाएं तैयार नहीं हो रही हैं और जो तैयार भी होती हैं, वे पलायन कर जाती हैं। दुख की बात है कि साइंस ऐंड टेक्नोलॉजी के उत्पादक नहीं बल्कि ग्राहक भर बनकर रह गए हैं। हमने अपने सबसे काबिल लोगों को पलायन के जरिए खोया है। इसकी वजह भ्रष्ट नौकरशाही है, जिससे लोगों को अपने ही देश में मौके नहीं मिलते। हमें भारत से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है।

नासा का टेम्पो मिशन, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने शेयर की अमेरिकी प्रदूषण-निगरानी उपकरण से पहली तस्वीर

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इस साल की शुरुआत में अंतरिक्ष में लॉन्च किए गए अपने नए प्रदूषण-निगरानी उपकरण से पहला डेटा मैप जारी किया है। भूमध्य रेखा से 22,000 मील ऊपर अपनी ऑर्बिट से, नासा का टेम्पो, या ट्रोपोस्फेरिक उत्सर्जन-प्रदूषण की निगरानी, पहला अंतरिक्ष-आधारित उपकरण है जिसे कुछ वर्ग मील के रिजॉल्यूशन के साथ उत्तरी अमेरिका के ऊपर हवा की गुणवत्ता को लगातार मापने के लिए डिजाइन किया गया है। अप्रैल में स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर मैक्सार इंटेलसैट 40ई सैटेलाइट पर लॉन्च किया गया। नासा का टैम्पो उत्तरी अमेरिका में अटलांटिक महासागर से प्रशांत तट तक और मैक्सिको सिटी से लेकर मध्य कनाडा तक निचले वायुमंडल का प्रति घंटा स्कैन करता है। प्राथमिक उपकरण एक एडवांस स्पेक्ट्रोमीटर है जो सामान्य रूप से परावर्तित सूर्य के प्रकाश के भीतर छिपे प्रदूषण का पता लगाता है। पहले प्रदूषण मानचित्र उत्तरी अमेरिका के शहरों और प्रमुख परिवहन धमनियों के आसपास प्रदूषण से नाइट्रोजन डाइऑक्साइड गैस की सांद्रता दर्शाते हैं। पहला डेटा 31 जुलाई से 2 अगस्त तक रहा है। एसएओ के वरिष्ठ भौतिक विज्ञानी और टेम्पो के प्रमुख अन्वेषक केली चांस ने एक बयान में कहा, टेम्पो ने उत्तरी अमेरिका में प्रति घंटे वायु प्रदूषण को मापना शुरू कर दिया है।

इमरान खान को अभी नहीं मिली राहत, पाक अदालत ने तोशाखाना मामले में सुनवाई 28 अगस्त तक की स्थगित

इस्लामाबाद, एजेंसी।
पाकिस्तानी उच्च न्यायालय ने शुक्रवार तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में अपनी दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अपील पर सुनवाई 28 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी है।

5 अगस्त को इस्लामाबाद की एक ट्रायल कोर्ट ने पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा दायर मामले में इमरान खान को दोषी ठहराया और तीन साल जेल की सजा सुनाई। फैसले का मतलब था कि उन्हें पांच साल के लिए आम चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया।

स्वास्थ्य कारणों से उपस्थित नहीं हुए ईसीपी के वकील: आईएचसी के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी की खंडपीठ ने शुक्रवार की सुनवाई की अध्यक्षता की। सुनवाई के दौरान, ईसीपी के वकील, एडवोकेट अमजद परवेज से अपनी दलीलें समाप्त करने की उम्मीद थी। हालांकि, वह बेहद अस्वस्थ होने के कारण उपस्थित नहीं हो पाए। उनके टीम के एक सदस्य ने इस बात की जानकारी कोर्ट में दी, जिसके बाद आईएचसी ने सुनवाई 28 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। आईएचसी 22 अगस्त से खान की अपील पर सुनवाई कर रही है। अदालत ने गुरुवार को सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।

बचाव दल ने पहले ही बहस पूरी कर ली है। सुप्रीम कोर्ट ने भी गुरुवार को आईएचसी के फैसले तक खान की याचिका पर कार्यवाही रोकने का फैसला किया। शीर्ष अदालत ने भी सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

आईएचसी 22 अगस्त से खान की अपील पर सुनवाई कर रही है, अदालत ने सुनवाई शुक्रवार स्थगित कर दी

उसने पाकिस्तान के अटॉर्नी-जनरल (एजीपी) मंसूर उस्मान अवान को 28 अगस्त तक खान की रहने की स्थिति के बारे में एक आधिकारिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

तोशाखाना मामला 2022 में ईसीपी में सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों द्वारा दायर किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि इमरान खान ने राज्य उपहारों की बिक्री से प्राप्त आय को छुपाया था। ईसीपी ने पहले उन्हें अयोग्य ठहराया और फिर एक सत्र अदालत में आपराधिक कार्यवाही का मामला दायर किया, जिसने उन्हें दोषी ठहराया और बाद में, खान को जेल भेज दिया गया।

खान फिलहाल अटक जेल में हैं, जहां उन्हें दोषी ठहराए जाने के उन्हें रखा गया था। उन्हें पांच साल के लिए अयोग्य भी ठहराया गया है। मामले में आरोप लगाया गया है कि खान ने 2018 से 2022 तक प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान तोशाखाना से अपने पास रखे गए उपहारों का विवरण जानबूझकर छुपाया था। तोशाखाना नियमों के अनुसार, जिन व्यक्तियों पर ये नियम लागू होते हैं, उन्हें प्राप्त उपहार और अन्य ऐसी सामग्री की जानकारी कैबिनेट डिवीजन को देनी होती है। रिपोर्टों के अनुसार, खान को अपने साढ़े तीन साल के कार्यकाल के दौरान विश्व नेताओं से 140 मिलियन रुपये से अधिक के 58 उपहार मिले और उन सभी को या तो नगण्य राशि का भुगतान करके या बिना किसी भुगतान के भी अपने पास रख लिया।

अब चीन भी चांद के दक्षिणी ध्रुव पर जाने की तैयारी में, भारत से सहयोग की अपील

बीजिंग एजेंसी।
भारत के चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग के बाद चीन भी यहां जाने की तैयारी कर रहा है। चीनी विशेषज्ञों ने भारत के इस अभियान की सराहना की है। साथ ही अपने अगले मिशन में सहयोग करने की भी अपील की है। दोनों सीमावर्ती देशों के बिगड़े हुए संबंधों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा है कि विज्ञान की भावना राष्ट्रीय सीमाओं से परे है। इसे एक-दूसरे के सहयोग के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने संबोधन में कहा था कि, च्यह सफलता पूरी मानवता की है और इससे भविष्य में अन्य देशों के चंद्रमा मिशनों को मदद मिलेगी।

ग्लोबल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी विशेषज्ञों ने भी इसरो को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि दोनों देश उभरती अर्थव्यवस्थाएं हैं। ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन में साथ-साथ काम करते हैं। दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष में गहरे सहयोग की व्यापक गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि रिसर्च और मानवयुक्त मिशन के लिए डेटा साझा करना, अनुभव साझा करना और अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण में एक दूसरे की मदद कर सकते हैं।

इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशियन स्टडीज के निदेशक हू शिशेंग ने कहा, च्विज्ञान की भावना राष्ट्रीय सीमाओं को पार करती है, क्योंकि यह अंततः पूरी मानवता की भलाई और प्रगति के लिए प्रयास करती है। हम इसमें हर प्रयास की सराहना करते हैं, चाहे वह सफल हो या नहीं। चंद्रमा पर उतरना एक चुनौतीपूर्ण प्रयास है। कुछ ही दिन पहले रूस का लूना-25 यान चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इससे पहले सितंबर 2019 में चंद्रमा पर लैंडिंग में भारत का पहला प्रयास भी विफल रहा था। चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव दुनिया भर के वैज्ञानिकों के लिए काफी हद तक अज्ञात क्षेत्र बना हुआ है। माना जाता है कि इसमें बड़ी मात्रा में बर्फ मौजूद है। भविष्य में इस इलाके में क्रू मिशनों के लिए रॉकेट ईंधन और चांद पर जीवन के लिए खनन किया जा सकता है। चीन भी इस क्षेत्र पर नजर बनाए हुए है। वह अपने मिशन को आगे बढ़ा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य डिजाइनर के अनुसार, चांगई-7 मिशन का लक्ष्य 2026 के आसपास चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरना है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129